

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



**नवरात्रि 2024 : शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि आज से प्रारंभ**

**दुनिया तबाही के बुहत करीब, इजराइल और ईरान जंग को लेकर बाइडन पर बरसे डोनाल्ड ट्रंप...** 12

वर्ष : 12 | अंक : 172 | पटना, गुरूवार, 03 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### नवरात्रि के प्रथम दिन

**मां शैलपुत्री की पूजा**




पटना। नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। मां शैलपुत्री हिमालय राज की पुत्री हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा का ये स्वरूप चंद्रमा को दशार्ता है। कहा जाता है कि उनकी उपासना से चंद्रमा के बुरे प्रभाव निष्क्रिय हो जाते हैं। पूजा के साथ ही मां शैलपुत्री के मंत्रों का जाप करने से जातक को सभी समस्याओं से मुक्ति मिलती है और जीवन में खुशियां आती हैं।मां शैलपुत्री के प्रभावशाली मंत्र

1- ऊँ देवी शैलपुत्र्यै नमः॥

2-वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारुढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥

3- या देवी सर्वभूतेषु माँ शैलपुत्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

मां शैलपुत्री के मंत्र जपने से होते हैं लाभ

मां शैलपुत्री वृषभ पर सवार होती हैं। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प होता है। इनके मंत्रों का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में स्थिरता आती है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दशार्ती हैं। इसलिए इनकी पूजा और मंत्र जाप से चंद्रमा संबंधित दोष भी दूर हो जाते हैं।

### महाराष्ट्र के पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर के बावधन बुद्रुक गांव के पास बुधवार को एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की सूचना हिंजेवाडी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम को बताया गया कि हेलीकॉप्टर में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई। हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई है। जब यह हादसा हुआ, तब यह हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसोर्ट से मुंबई की दिशा में जा रहा था। पिंपरी चिंचवड पुलिस आयुक्तालय के हिंजेवडी पुलिस हद्द के बावधन इलाके में पहाड़ पर हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की यह घटना घटी। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। जिस स्थान पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## स्वच्छता से जुड़ी मुहिम का हिस्सा जरूर बनें : पीएम



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर राजधानी दिल्ली में आयोजित एक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में हिस्सा लिया और स्वच्छ भारत की भावना को और मजबूत करने के लिए लोगों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा आप सभी से आग्रह है कि आज आप भी अपने आसपास स्वच्छता से जुड़ी मुहिम का हिस्सा जरूर बनें। आपकी इस पहल से स्वच्छ भारत की भावना और मजबूत होगी।

उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को देश में बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास करार दिया और इसे सफल बनाने में योगदान देने वालों को सलाम किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गांधी जयंती पर आज अपने युवा साथियों के साथ स्वच्छता आभियान का हिस्सा बना। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आज आप भी अपने आसपास स्वच्छता से जुड़ी मुहिम का हिस्सा जरूर बनें। आपकी इस पहल से स्वच्छ भारत की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ भारत के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जो भारत को स्वच्छ बनाने और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा, मैं उन सभी को सलाम करता हूं जिन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए काम किया है। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी जी ने दो अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने इसके सफल कार्यान्वयन के लिए भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की थी।

## ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारत ने बुधवार को अपने नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से सतर्क और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का आग्रह किया। यह परामर्श हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह तथा आतंकवादी संगठन के अन्य कमांडर की हत्या के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल में लगभग 200 मिसाइलें दागे जाने के एक दिन बाद जारी किया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इन मिसाइल हमलों की कीमत चुकानी पड़ेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम क्षेत्र में सुरक्षा हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय नागरिकों को ईरान के लिए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रह रहे लोगों से सतर्क रहने और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का अनुरोध किया जाता है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया, क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। यह भी कहा गया, सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा करने से बचें और सुरक्षित ठिकानों के करीब रहें।

# सीएम नीतीश ने नवनिर्मित बापू टावर का किया लोकार्पण

## बापू की जीवनी, विचारों और उनके आदर्शों को जान सकेगी नई पीढ़ी : नीतीश

- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

प्रात : किरण

पटना /एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को गर्दनीबाग में नवनिर्मित बापू टावर का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल, तीसरा तल एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीघाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने भूतल तल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो का भी जायजा लिया और ओरियेंटेशन हॉल में बैठकर बापू की जीवनी, उनके आदर्शों एवं कार्यों तथा बिहार की गौरव गाथा पर आधारित फिल्म का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुये कहा कि बापू टावर बहुत ही भव्य बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय होगा।



बापू टावर में आकर बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सकें। इस परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाया गया है।

**बापू टावर बेवसाइट का लोकार्पण :**

मुख्यमंत्री ने बापू टावर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम मेबापू टावर बेवसाइट का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से बापू टावर के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के लोकार्पण से संबंधित प्रति का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के निर्माण कार्य से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बापू टावर पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी। अहमदाबाद से आये श्री विजय चारू एवं उनके सहयोगी ने बापू के प्रिय गीत वैष्णव जन तो तेने कहिये जो पीड़ पराई जाने रे भजन की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने बापू टावर परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। नवनिर्मित बापू टावर के विभिन्न तलों एवं निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।

**बापू टावर समिति के गठन की स्वीकृति :**

राज्य कैबिनेट द्वारा बापू टावर समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस समिति के माध्यम से बापू टावर का मेन्टेनेन्स एवं संचालन भवन निर्माण विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। इस समिति के शासी निकाय के अध्यक्ष विकास आयुक्त होंगे तथा कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सचिव, भवन निर्माण विभाग होंगे। बापू टावर के दैनिक संचालन हेतु निदेशक की नियुक्ति की जाएगी जो भारतीय प्रशासनिक सेवा या बिहार प्रशासनिक सेवा के जानकार वरीय अधिकारी होंगे।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंतराज, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आयुक्त, पटना प्रमण्डल मयंक बरबड़े, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, नगर आयुक्त अनिमेष परासर सहित भवन निर्माण विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## 50 हजार वर्गफीट की बाहरी सतह पर 40 टन ताँबे का आकर्षक आवरण

बापू टावर के लगभग 50,000 वर्गफीट की बाहरी सतह पर 40 टन ताँबे का आकर्षक आवरण किया गया है जो वर्तमान समय में इस प्रकार का देशभर में पहला भवन है। ताँबे का उपयोग इसके टिकाऊपन, निरंतरता एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए किया गया है जो पर्यावरणीय जिम्मेदारी के संबंध में गांधीजी के सिद्धांत को बल प्रदान करता है। समय के साथ बापू टावर के बाहरी आवरण में लगे ताँबे का रंग वातावरण के साथ संपर्क में आकर पहले भूरा / काला रंग तथा लंबे समय के बाद यह रंग पेटिना के रूप में बदल जायेगा जो इसको और भी सुंदर करने के साथ-साथ सुरक्षात्मक कोटिंग का भी काम करेगा। बापू टावर की अवधारणा से आगंतुकों को परिचित कराने हेतु भूतल पर 60 लोगों की क्षमता का एक ओरिएन्टेशन हॉल का निर्माण किया गया है। इस हॉल में में ह्यटर्न टेबल थिएटर शो (घूमने वाले पर्दे) की भी व्यवस्था की गई है। इस हॉल में लगी कुर्सियों पर बैठकर दर्शक बापू टावर के बारे में बने फिल्म का अवलोकन कर पायेंगे। बापू टावर के आयताकार भवन की बाहरी सहत पर सात सामाजिक पापकर्मों को बड़े-बड़े अक्षरों में मजबूती से अधिष्ठापित किया गया है जो आगन्तुकों को दूर से ही दिख सकेगा। इस भवन में 100 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है। आगंतुकों को सबसे ऊपरी तल पर ले जाने के लिए 20 व्यक्तियों की क्षमता वाले 3 आधुनिक लिफ्ट का भी अधिष्ठापन किया गया है। इसके साथ-साथ प्रत्येक तल पर पुरूष, महिला एवं दिव्यांग शौचालय की भी सुविधा प्रदान की गयी है। परिसर के बाहरी हिस्से में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी किया गया है तथा भवन की आकर्षक लाईटिंग भी की गयी है। मुख्यमंत्री के निदेशानुसार दर्शकों की सुविधा हेतु परिसर के बगल में लगभग 5000 वर्गफीट भूमि चिन्हित की गई है जहाँ दर्शक परिसर में प्रवेश के पूर्व शेड में प्रतीक्षा कर सकेंगे। उक्त भूमि में जन सुविधा हेतु टॉयलेट, टिकट काउन्टर, कुर्सी आदि की व्यवस्था हेतु भवन निर्माण विभाग के द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है।

## पीके ने बनाई जन सुराज पार्टी, मनोज बने कार्यकारी अध्यक्ष

प्रात : किरण

पटना प्रशांत किशोर ने अपनी जन सुराज अभियान को पार्टी के रूप में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम जन सुराज पार्टी रखा है। प्रशांत किशोर ने पार्टी की लॉन्चिंग के वक्त अपने समर्थकों और लॉन्चिंग में शामिल होने आए लोगों से कई महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने कहा कि अब तक आपने राजनीतिक पार्टियों को बिजली, पानी, मुफ्त अनाज और मंदिर के लिए वोट किया है। अब तक आपने जिन चीजों के लिए दूसरी पार्टियों को वोट किया उन सभी पार्टियों ने अपने वादे पूरे किए। प्रशांत किशोर ने कहा कि अब जरूरत है बिहार के विकास के लिए वोट करने की। प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी में प्रत्याशी के चयन का अधिकार मतदाताओं का ही होगा। ये बात उनकी पार्टी को सबसे अलग बनाती है। उन्होंने अमेरिका में



राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां प्रत्याशियों का चयन जनता करती है। अब तक बिहार और देश की सभी पार्टी अपने प्रत्याशियों का ऐलान करती है। एक तरह से ये पार्टी अपनी सुविधा अनुसार प्रत्याशियों को वोटरों पर थोपती है। लेकिन प्रशांत किशोर ने कहा आगामी विधानसभा चुनाव से छह महीने पहले वो अपने सबसे अच्छे प्रत्याशियों को चुनकर जनता के बीच भेजेंगे। विधानसभा क्षेत्र में चुने हुए सदस्यों के बीच विकास और मुद्दों को लेकर बहस होगी। ये बहस सार्वजनिक होगी। जिसे जनता सुनेगी। समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी। इसके आधार पर जनता जिसे अपना प्रत्याशी चुनेगी वही जनसुराज का उस क्षेत्र से प्रत्याशी होगा।

**जन सुराज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने मनोज भारती**

मनोज भारती के नाम का ऐलान करने के पहले से ही प्रशांत किशोर ने इस बात का ऐलान किया था कि उनकी पार्टी का अध्यक्ष दलित और पिछड़े समाज से होगा। उन्होंने कहा था कि वो दलित और पिछड़े समाज के योग्य लोगों को खोज कर लाएंगे। अपनी बात का मान रखते हुए उन्होंने मनोज भारती के नाम का ऐलान किया। जन सुराज पार्टी के पहले कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती कई वर्षों तक फॉरेन सर्विस में रहे हैं। मधुबनी के रहने वाले मनोज भारती ने भारत के राजदूत के रूप में विदेश में रह कर देश की सेवा की है। मनोज भारती 1988 में विदेश सेवा अधिकारी हुए।

## राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार में मुजफ्फरपुर के औराई थाना क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है लेकिन इसमें किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। पानी का बहाव अधिक होने के कारण टीम मौके तक नहीं पहुंच पाई है। प्रारंभिक जानकारी अनुसार, हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राहत सामग्री पहुंचा रही टीम ने पानी में कूद कर अपनी जान बचाई। फिलहाल इस मामले में कोई



अधिकारिक सूचना नहीं मिली है। वायु सेना के जवानों के द्वारा राहत सामग्री पहुंचाने के दौरान हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मिली जानकारी अनुसार इस घटना में पायलट गंभीर रूप से घायल हैं वहीं तीन लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंजन फेल होने के कारण हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना का हेलिकॉप्टर दरंभगा में आई बाढ़ में राहत बचाव कार्य में लगा था। हादसा राहत कार्य कर लौटने के दौरान हुआ है। हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी से राहत सामग्री लेकर उड़ा था।

**मुख्यमंत्री ने पायलट को बहादुरी के लिये दिया धन्यवाद:**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर के द्वारा फूड पैकेट गिराये जाने के क्रम में इंजन फेल हो जाने के कारण सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराने के लिये भारतीय वायुसेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर श्री प्रवीण एवं उनके सभी सहयोगियों को उनकी बहादुरी के लिये धन्यवाद दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामीण एवं एसडीआरएफ टीम के सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया, जिनकी तत्परता एवं बहादुरी के कारण वायुसेना के पायलट एवं उनके सहयोगियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। ज्ञातव्य है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से फूड पैकेट का एयर ड्रॉपिंग कार्य किया जा रहा है। आज एयर ड्रॉपिंग कार्य के दौरान एक हेलीकॉप्टर का इंजन फेल हो जाने के कारण मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखण्ड के अन्तर्गत राजखण्ड दक्षिणी पंचायत के मधुबन वैसी ग्राम अवस्थित लखनदेई नदी में पायलट के द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। लैंडिंग के पश्चात वहां उपस्थित एसडीआरएफ टीम के द्वारा पायलट स्क्वाड्रन लीडर प्रवीण एवं अन्य तीन सहयोगियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सभी को तुरंत जांच एवं इलाज हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति को देखते हुये भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से फूड पैकेट का एयर ड्रॉपिंग कार्य जारी रहेगा।

**लोकार्पण** पीएम ने झारखंड में 83 हजार करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण

## आदिवासियों के विकास के लिए समर्पित है केंद्र सरकार : मोदी

प्रात : किरण

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती पर बुधवार को झारखंड के हजारीबाग की धरती से जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़ी 83 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। यहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत जोहार से की। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें झारखंड की विकास योजनाओं में सहभागी होने का मौका मिला है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। ये परियोजनाएं भारत सरकार की ओर से आदिवासी समाज को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण हैं। आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनके विचार हमारी पूंजी हैं। बापू का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो। उन्होंने 79,156 करोड़ रुपए की लागत वाली धरती आबा जनजातीय




ग्राम उत्कर्ष अभियान लॉन्च करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी योजना है, जिससे 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों के विकास का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पीएम जन मन योजना का लोकार्पण, झारखंड में 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 स्कूलों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने 1,380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का तोहफा भी दिया। इसके अलावा 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों और 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का भी लोकार्पण किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की योजना देश के आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और जनजातीय आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्यों पर केंद्रित है। यह योजना 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगी और इससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस अभियान के तहत आदिवासी गांवों में 20 लाख आवास, 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण, हर घर को स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है। इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर मौजूद केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने प्रधानमंत्री को झारखंड की आदिवासी सरना संस्कृति का प्रतीक शॉल और सोहराई पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

**पूर्ण नशाबंदी, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बालिकाओं की शिक्षा से संबंधित जानकारी की गयी प्रदर्शित**

## आयाताकार एवं शंकुकार डिजाइन का बापू टावर आकर्षण का केन्द्र

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री द्वारा बापू की 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2018 को बापू टावर भवन का शिलान्यास किया गया, जिसका बुधवार को लोकार्पण किया गया। बापू टावर जी प्लस सिक्स बनाया गया है, जिसके दो भाग हैं- आयताकार भवन एवं शंकुकार भवन। आयताकार भवन में तीन प्रदर्श गैलरी, प्रेक्षागृह, अस्थायी प्रदर्शनी दीर्घा, कार्यालय कक्ष, प्रतीक्षालय,म्यूजियम शॉप एवं जलपान गृह अवस्थित है। आयताकार भवन के प्रथम गैलरी में महात्मा गांधी के आरंभिक जीवन से लंदन एवं दक्षिण अफ्रीका प्रवास तथा भारत आगमन की कहानी वर्णित की गई है। द्वितीय गैलरी में गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके द्वारा निभाये गये नेतृत्व की गाथा है। तृतीय गैलरी में मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 10 अप्रैल 2017 को प्रारंभ हुए चम्पारण शताब्दी समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी संकलित की गयी है। इस गैलरी में विभिन्न कार्यक्रमों यथा गांधी दर्शन पर राष्ट्रीय विमर्श, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, बापू आपके द्वार, हेरिटेज वॉक, बापू की वर्णमाला, गांधी कथावाचन, मोहन



से महात्मा (पपेट शो) आदि को प्रमुखता से दिखाया गया है। इसके साथ-साथ बिहार राज्य में बापू के विचारों के आधार पर प्रारंभ की गयीं योजनाएं / अभियान यथा पूर्ण नशाबंदी, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बालिकाओं की शिक्षा से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गयी है। साथ ही शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विद्यालयों में वाचन हेतु तैयार किताब बापू की पाती एवं मोहन से महात्मा को भी डिजीटल रूप में बच्चों की सुलभ जानकारी हेतु प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री की गांधी की चम्पारण यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण की जानकारी भी नक्शे के माध्यम से दिखायी गयी है। बापू की 150वी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित गांधी विचार समागम की जानकारी भी प्रदर्शित की गयी है। बापू के विचारों से प्रभावित राज्य के कार्यक्रम यथा जीविका स्वावलंबन से स्वाभिमान, सशक्त नारी सशक्त बिहार, पर्यावरण के लिए प्रतिबद्धता को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2017 में शराबबंदी हेतु, वर्ष 2018 में बाल विवाह पर रोक एवं दहेज प्रथा उन्मूलन हेतु तथा वर्ष 2020 में जल-जीवन-हरियाली हेतु आयोजित मानव श्रृंखला से संबंधित जानकारियों एवं चित्रों को भी इस दीर्घा में प्रदर्शित किया गया है।102 फीट ऊंचे शंकुकार भवन बापू टावर को आकर्षक और भव्य बनाता है। इसमें लगातार क्रम में निर्मित 5 रैम्प हैं, जिस पर गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्ट आदि के माध्यम से प्रदर्शित की गयी है। शंकुकार भवन के बाहरी सतह पर गांधी जी के आकृति का निर्माण किया गया है। प्रथम रैम्प (पांचवां तल से चौथा तल) चम्पारण सत्याग्रह की गाथा दशार्यी गई है। इस रैम्प पर महात्मा गांधी के बिहार आगमन एवं द्वितीय रैम्प (चौथा तल से तृतीय तल) इस रैम्प पर द्वितीय विश्वयुद्ध एवं उसका भारतवर्ष पर प्रभाव, भारत छोडो आंदोलन में बिहार की भागीदारी की जानकारी दी गयी है। तृतीय रैम्प (तृतीय तल से द्वितीय तल) इस रैम्प पर गांधी-जिन्ना वार्ता, शिमला सम्मेलन, 1946 के चुनाव, कलकत्ता दंगे, गांधीजी की नोआखली यात्रा, बिहार में दंगे के दौरान गांधीजी के कार्य को दशार्या गया है। चतुर्थ रैम्प (द्वितीय तल से प्रथम तल) इस रैम्प पर बिहार में गांधीजी, प्रार्थना सभा में गांधीजी, माउण्टबेटन के साथ गांधीजी की मुलाकात, गांधीजी की कश्मीर यात्रा, देश विभाजन हेतु बातचीत, गांधीजी की कलकत्ता यात्रा, गांधीजी के उद्धरण को प्रदर्शित करने हेतु प्रदर्श लगाये गये हैं। पंचम रैम्प (प्रथम तल से भूतल) इस रैम्प पर गांधीजी एक प्रेरणा श्रोत, गांधीजी-एक व्यक्तित्व, गांधीजी के आदर्शों पर आधारित शपथ हेतु प्रदर्श अधिष्ठापित किये गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने गांधी जयंती पर बच्चों को किया पुरस्कृत

फतुहा। बुधवार को नगर परिषद के सभागार में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन हाई स्कूल की शिक्षिका बबिता गुप्ता ने किया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता के उत्तीर्ण स्कूली बच्चों को मुख्य पार्षद रूपा कुमारी व कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार ने शील्ड एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। वहीं जीविका दीदीयों को भी सम्मानित किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ती है। आप लोग नगर को साफ-सुथरा रखें नगर परिषद आपके साथ है। मौके पर उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, समाजसेवी सुधीर यादव, पार्षद अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

### 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर पूर्व मध्य रेल में श्रमदान एवं वृक्षारोपण का आयोजन



हाजीपुर। स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अंतिम चरण एवं स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के दूसरे दिन 02 अक्टूबर को पाटलीपुत्र रेल परिसर दीघा, पटना में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा श्रमदान एवं वृक्षारोपण करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के साथ पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार एवं मुख्यालय हाजीपुर के सभी विभागाध्यक्ष तथा मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर के साथ-साथ सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं सफाई मित्रों की सहभागिता रही। दो घंटे से भी अधिक चले इस कार्यक्रम के दौरान पाटलीपुत्र रेल परिसर, दीघा के तथागत उपवन, स्पोर्ट कोर्ट एरिया की गहन साफ-सफाई रेलवे अधिकारियों ने श्रमदान द्वारा किया गया। इसके साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के कुल 125 वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया गया। स्वच्छता के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु स्वच्छता बैनर, पोस्टर तथा सेल्फी प्वांइन्ट लगाया गया था।

### 20 जिन्दा कारतूस व 12 पुड़िया स्मैक किया बरामद

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुबारकपुर स्थित गुप्त सूचना के आधार पर एक निजी दवा दुकान से 20 जिन्दा कारतूस व 12 पुडिया स्मैक बरामद किया। बताया जाता है कि पुलिस को एक नंबर से सूचना मिली कि मुबारकपुर स्थित एक दवा दुकान में नसीली पदार्थ व गोली आदि है। जिसके बाद उसकी सत्यता की जांच करने पुलिस पहुंची। छानबीन में दुकान के वेंटिलेटर से तार के सहारे लटका हुए एक पोलथिन मिला। जिसमें 12 पुडिया स्मैक व 20 जिन्दा कारतूस मिला। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि ऐसा लगता है कि दुकानदार को फंसाने को लेकर ऐसा किया गया है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

### गांधी जयंती पर गंगा पथ पर चलाया स्वच्छता अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। गांधी जयंती पर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के रौशन घाट गंगा पथ से चौधरी टोला घाट तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। गंगा पथ पर सफाई की गई। कचरा का उठाव किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहर, गली एवं मोहल्ला को स्वच्छ बनाने में आप सबों का सहयोग जरूरी है। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से अपील की गई जहां-तहां कचरा न फेंकें। नेतृत्व वार्ड पार्षद बैजू लाल दास ने किया। अभियान में गणेश कुमार, सुयश कुमार ज्योति, परवेज आलम, सुधीर कुमार, मो नुरुद्दीन अनवर, राजेश यादव, अभिषेक सिंह, नौशाद आलम, रोहित कुमार, तनवीर आलम आदि शामिल हुए।

### खाजेकलां थाना क्षेत्र से लापता बालक को कटनी स्टेशन पर उतारा

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना क्षेत्र के घसियारी गली के राम जानकी चौराहा से 11 साल का बालक लापता हो गया था। इस संबंध में थाना में परिजनों के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि दीपक राय के 11 साल का पुत्र विशाल कुमार 28 सितंबर की सायं घर के बाहर खेलने के लिए निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास, अपने रिश्तेदारों एवं अन्य स्थानों पर तलाश किया, मगर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाना में मामला दर्ज कराया गया। जांच के दौरान सूचना मिली कि वह बालक ट्रेन से कहीं जा रहा है।

# फाइलेरिया उन्मूलन : 24 जिले के दो-दो लैब तकनीशियन का प्रशिक्षण आज से

## अगले साल 10 फरवरी से इन्हीं 24 जिलों में चलेगा एमडीए अभियान

- इसके पहले होगा नाइट ब्लड सर्वे, इसके लिए हो रहा विशेष प्रशिक्षण
- अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी-फाइलेरिया ने भेजा पत्र



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राज्य के 24 जिले से चुने हुए दो-दो लैब तकनीशियन का विशेष प्रशिक्षण 3 व 4 अक्टूबर को पटना में होगा. अगले साल 10 फरवरी से इन्हीं 24 जिलों में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान यानी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम होना है. उसके पहले चुनिन्दा प्रखंडों में नाइट ब्लड सर्वे होगा. इसी नाइट ब्लड सर्वे के लिए लैब तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जाना है. अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (फाइलेरिया) डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने इन 24 जिलों के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को इस सम्बन्ध में पत्र जारी किया है। इन 24 जिलों में चलाया जायेगा सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान: पत्र के अनुसार आगामी 10 फरवरी से राज्य के 24 जिले क्रमशः पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, जमुई, कैमूर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सारण, गया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, सिवान, सुपौल, औरंगाबाद, शिवहर, अरवल, वैशाली, सीतामढ़ी एवं शेखपुरा जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलना है। दो बैच में होगा प्रशिक्षण पत्र के अनुसार, 3 अक्टूबर को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, जमुई, कैमूर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सारण, गया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर एवं 4 अक्टूबर को जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, सिवान, सुपौल, औरंगाबाद, शिवहर, अरवल, वैशाली, सीतामढ़ी एवं शेखपुरा जिले के दो-दो लैब तकनीशियन का एक दिवसीय प्रशिक्षण होगा। यह प्रशिक्षण पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, कपूरी ठाकुर सदन में आयोजित होगा. राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लैब तकनीशियन को माइक्रो फाइलेरिया की पहचान एवं प्रयोगशाला में माइक्रो फाइलेरिया दर के सटीक आकलन पर केन्द्रित है. उन्होंने बताया कि सटीक माइक्रो फाइलेरिया दर से ही आगे की रणनीति बनाने में सहायता मिलती है. माइक्रो फाइलेरिया दर के आधार पर ही यह निर्धारित किया जाता है कि संबंधित क्षेत्र में दवा का सेवन कराना है अथवा नहीं. इसलिए लैब तकनीशियन को इसके लिए खास तौर पर स्लाइड बनाना, उसको स्टेन करना, स्मीयर इकठ्ठा करना एवं जब रक्त स्लाइड पर लें तो उसे अंडाकार बनाना आदि सिखाया जाएगा ताकि माइक्रो फाइलेरिया को पहचानने में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

## भाजपा ने सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज में भाजपा द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के तत्वाधान में पालीगंज हाई स्कूल के प्रांगण में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष स्वच्छता सह पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम प्रभारी के रूप में प्रदेश के वरिष्ठ नेता सह क्षेत्रीय प्रभारी रवींद्र रंजन उपस्थित होकर उनकी जयंती पर प्रकाश डाला और सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

रवींद्र रंजन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जब स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी तब विपक्षियों ने इसे हल्के में लिया था तथा काग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका उपहास किया था । आज इसका अच्छा परिणाम हर जगह देखने को मिल रहा है आज जरूरत है कि इस अभियान को और तेज किया जाय।

मौके पर विधानसभा प्रभारी रजनीश कुमार, जिला महामंत्री नीरज तिवारी, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, राघवेंद्र शाही, हेमंत पटेल महामंत्री दुर्गेश यादव,पवन सिंह, अमितेश कुमार बिट्टू, सूर्यदेव सिंह ,श्रीराम सिंह, रामसेवन सिंह, उत्तम कुमार, पिंटू कुमार, राजू सिंह, आशुतोष कुमार,धीरज कुमार, आयुष पटेल सहित भाजपा के समस्त कार्यकर्तागण साम्मिलित हुए ।

## गांधी जयंती पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

दानापुर नगर के अंतर्गत। स्वच्छता ही सेवा 2024 के समापन सह गांधी जयंती पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तकियापर स्थित महत्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रहे है। महात्मा गांधी के पद पर चलकर आज देश भर में भाजपा गांधी जयंती को को स्वच्छता अभियान चला रहा है। हम तब स्वस्थ्य रह सकते जब हमारा नगर मुहल्ला व गांव को स्वच्छ रखे। उपमुख्यमंत्री महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही। साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सफाई और जीवन में हरीयाली के लिए अपने घरों और खेतो में वृक्षारोपण करने की अपील की। इस दौरान मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार विधान पार्षद अनामिका सिंह पूर्व विधायक आशा सिन्हा, भाई सनोज यादव, प्रभारी अलोक रंजन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार, संजय यादव, अजीत यादव, रंजीत कुमार, छावनी परिषद के आशा देवी, मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार उर्फ मुटुर साव, ब्रजेश कुमार सिंह, सुबोध यादव, गुंजन जयसवाल, टुनटुन सिंह, विनय मेहता, वार्ड पार्षद विनोद यादव, रूवी देवी आदि शामिल थे।

## गांधी जयंती पर स्कूली बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश, सार्वजनिक स्थानों पर की सफाई

- दाण्डी यात्रा से जुड़े नाटक व लोकप्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम की दी मनमोहक प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रम : प्रखंड क्षेत्र के बाघाकोल स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती को लेकर बुधवार को विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया` मौके पर बच्चो ने विद्यालय परिसर में साफ सफाई की । वहीं आयोजित समारोह में स्कूली बच्चो व शिक्षकों ने स्कूल परिसर, अपने घर और अपने आस पास के लोगों को साफ सफाई के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया । वहीं चौथी से दसवीं तक के बच्चो ने बाघाकोल गांव में प्रभातफेरी के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया` प्रभातफेरी के बाद वर्ग अष्टम एवम नवम के बच्चो ने विद्यालय के निदेशक सह इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ अरविंद कुमार के साथ बिक्रम स्थित गाँधी आश्रम में साफ सफाई कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पन किया ।

मौके पर अपने संबोधन में डॉ अरविंद कुमार ने बच्चो के साथ वहाँ उपस्थित लोगों को गाँधी जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया, साथ ही साफ सफाई एवम स्वच्छ्ता के कई फायदे बताते हुए लोगों को स्वस्थ्य जीवन के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की` गाँधी आश्रम परिसर में बच्चों ने गाँधी जी की दांडी यात्रा पर एक नाटक एवम गाँधी जी का प्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम गाकर वहा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया` समारोह की समाप्ति विद्यालय परिसर में गाँधी जी के आदर्शों एवम हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिये बच्चो को प्रेरित कर किया गया ' कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक, उप प्रधानाध्यपिका समेत सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## भारतीय खाद्य निगम ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाया

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया सफाई अभियान

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना और मण्डल कार्यालय, पटना ने संयुक्त रूप से गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन दीघाघाट, पटना स्थित मण्डल कार्यालय के प्रांगण में रविवार को किया गया । महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के महाप्रबंधक(बिहार क्षेत्र) अमित भूषण के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व भारत के पूर्वप्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के फोटो पर माल्यार्पण किया एवं पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर अमित भूषण द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की भूमिका एवं अहम योगदान के बारे में उपस्थित लोगों को बताया और कहा कि गांधी जयंती यह याद दिलाती है कि उनके विचारों और दिखाए गए मार्ग को अपना कर जीवन में सब कुछ हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अपने जीवन में अहिंसा का मार्ग अपनाने का आह्वान किया और बताया कि संयुक्त राष्ट्र इस दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। इस अवसर पर आनन्द कुमार, उप महाप्रबंधक (विधि), कुमार अभिषेक, मंडल प्रबंधक, पटना, के. सी. बैरवा, स.म.प्र.(गु. नि.), विजय कुमार, स.म.प्र.(गु.नि.) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी ने गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के फोटो पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान 14.09.2024 से 02.10.2024 तक ह्लस्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छताह्व की थीम मनाने के अंतिम दिन महाप्रबंधक(बिहार क्षेत्र) महोदय अमित भूषण एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने गोदाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई।

## गांधी जयंती को लेकर विधायक सहित भाजपा नेताओं ने शहीद चौक पर की सफाई

- पार्टी सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा, जिन बूथों में नेटवर्क की समस्या वहां पर फार्म भरकर बनाएंगे सदस्य
- 15 अक्टूबर तक चलेगा दूसरा चरण



प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्थानीय विधायक सिद्धार्थ सौरव सहित भाजपा नेताओं ने गांधी जयंती पर बुधवार को स्थानीय शहीद स्मारक पर साफ सफाई की साथ ही स्थानीय गॉधी आश्रम जाकर महात्मा गॉधी की मुर्ति पर पुष्पांजली अर्पित की` इसके पाश्चात्य मंडल अध्यक्ष तेज नारायण शर्मा की अध्यक्षता में थाना रोड काली मंदिर के पास पार्टी की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ सौरव ने पार्टी कार्यकताओं को प्रधानमन्त्री मोदी के सपनो को साकार करने के लिए पार्टी को मजबूती प्रदान करने में योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया` उन्होंने कहा कि इस अभियान में उन बूथों को भी शामिल किया गया है, जहां पर नेटवर्क नहीं है। विभिन्न बूथों पर फॉर्म के माध्यम से सदस्यता कराई जाए । सदस्यता अभियान की समीक्षा के दौरान पटना ग्रामीण के कार्यकताओं द्वारा सर्वाधिक सदस्यों को जोड़ने पर प्रसन्नता जाहिर की साथ ही शक्ति केंद्र बूथ की समीक्षा के बाद कार्य योजना बनाने के लिए सभी अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वहीं पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने सदस्यता अभियान के लक्ष्य, उसकी प्राप्ति की जानकारी दी। सदस्यता अभियान में 500 से अधिक सदस्यता करने वाले पार्टी पदाधिकारियों को बधाई दी गई व स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिक्रम विधानसभा के कार्यकताओं की मेहनत से अभियान में तेजी आई है` वहीं सदस्यता प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बैठक में कार्यकताओं से कहा कि हम सभी अपने क्षेत्रीय लोगों को उनके दैनिक कार्यों में से कुछ समय निकालकर भारत में स्वच्छता संबंधी कार्य करने के लिए भी प्रोत्साहित करे, उन्हें सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा को मजबूती प्रदान करने को प्रेरित किया जाय। सभी आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। मौके पर गुड़िया तिवारी, अभिशेख रंजन मोन्टी, लाल बाबू सिंह, श्रीराम शर्मा, राज किशोर सिंह, पंकज कुमार, जितेन्द्र यादव, अविनाश कुमार, संधीर यादव, पिंटू कुमार, मुखिया इन्द्रजीत यादव, पूर्व मुखिया श्रीकान्त पासवान, पूर्व मुखिया नन्दा यादव, मुखिया प्रतिनिधि विपुल कुमार, पूर्व मुखिया उदय सिंह, पूर्व मुखिया सुरेश यादव, संजीत कुमार, सूर्य नारायण सिन्हा व योगेश तिवारी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## अमित को गोली मारने में मां के बयान पर दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के नौजर घाट का रहने वाला अमित कुमार को सोमवार की शाम गोली लगी थी। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था, जहां वह अब भी इलाजरत है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि फिलहाल घायल बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसकी मां पूनम देवी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें उसने कहा है कि वह मेहंदीगंज गई हुई थी। इसी दौरान टेढ़ी घाट की एक महिला के द्वारा सूचना मिली कि उसके बेटे अमित को गोली लगी है और इलाज के लिए एनएमसीएच ले जाया गया है। इसके बाद वह सीधे अस्पताल पहुंची, तो देखा कि बेटा घायल है और उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में दो अज्ञात लोगों के बारे में बताया गया है। पूरी जानकारी बेटे के होश में आने के बाद ही वह बता सकेगा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष का कहना है कि अब भी परिजन यह नहीं बता पा रहे हैं कि अमित को गोली कहां मारी गई। स्थिति यह है की गोली लगने के बाद इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर संबंधित थाना की पुलिस को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। यह तो अस्पताल से मीडिया के द्वारा पूछे जाने के बाद उन्हें जानकारी मिल पाई। थाना अध्यक्ष श्री रंजन ने बताया कि अमित का चरित्र भी ठीक नहीं रहा है। वह पियूष हत्याकांड और लूट के मामले में रिमांड होम जा चुका है। वह करीब 20 दिनों पूर्व ही वहां से बाहर आया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि उसे गोली मारी नहीं गई है, बल्कि साथियों के साथ हथियार के ट्रायल के दौरान ही उसे गोली लगी है। फिलहाल पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है और पूरी जांच पड़ताल किए जाने की बात कह रही है।

## बापू ने असाधारण कार्यों व अहिंसावादी विचारों से विश्व की सोच बदल दी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। कांग्रेसियों ने मारूफगंज मोड़ पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस दौरान प्रदेश नेता डॉ विनोद अवस्थी, वार्ड पार्षद मनोज मेहता, सुशील गुप्ता, डॉ तुषार आर्य, फकीरा यादव, रंधीर यादव, आयुष आर्यन, मनोज केशरी, रंजीत कुमार, रामेश्वर पासवान, फखरूद्दीन अहमद, दशरथ केशरी आदि नेश्रद्धा के फूल अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि प्रेम की शक्ति दंड की शक्ति से हजार गुणा प्रभावशाली और स्थायी होती है। बापू ने अपने असाधारण कार्यों एवं अहिंसावादी विचारों से विश्व की सोच बदल दी। गांधी स्मारक बावली मोड़ पर फिरोज हसन की अध्यक्षता और पूर्व पार्षद बलराम चौधरी के संचालन में जयंती मनाई गई। इसमें संजय कुमार अलबेला, शरीफ अहमद रंगरेज, दशरथ केसरी, मो साबिर अली, एजाजुद्दीन उर्फ शानू, भूषण माली, दुर्गा चौधरी आदि शामिल हुए। शहीद स्मारक न्यास की ओर से त्रिमूर्ति चौक पर डॉ इकबाल अहमद की अध्यक्षता व मिथिलेश सिंह के संचालन में भी गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इसमें पटना सिटी सुधार समिति के महासचिव राकेश कपूर, अनिल शर्मा, रघुनाथ प्रसाद, मेहर कुमार आजाद, शंभूनाथ मेहता, संतोष कुमार, बलिराम विश्वकर्मा, अनय मेहता, राजेश कुशवाहा, सुरेंद्र प्रसाद, देवेंद्र शर्मा, श्रवण कुमार सिंह, रामप्रीत पासवान, मो कासिम चांद आदि मौजूद थे। दूसरी ओर देश जगाओ भारत बचाओ मंच की ओर से हमाम गांधी चौक मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्षता महासचिव बब्बन भाई और संचालन हरीश नारायण ने किया। इस दौरान शैलेश कुमार सानू, राजेंद्र प्रसाद, नसीम खान, संतलाल, गोनू राय आदि शामिल हुए।

## कलश स्थापन व शैलपुत्री की आराधना से शुरू होगा नवरात्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



शारदीय नवरात्र की शुरूआत कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शुरू हो जाएगा। इस दिन भगवती शैलपुत्री की भक्त पूजा आराधना करेंगे। शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी और श्री छोटी पटनदेवी में भगवती की प्रतिमा गुप्त वास में चली गई थी, वह भी गुरुवार की अल सुबह अपने मूल स्थान पर विराजित होंगी। दूसरी ओर नवरात्र की पूजा जिन-जिन मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में होता है, लोग फल, फूल, पूजन सामग्री की खरीदारी का काम रात तक चलता रहा। इस कारण से खासकर पूजा का सामान बेचने वालों के यहां खासा भीड़ देखी गई। मंदिरों, पूजा पंडालों से लेकर घरों में भी पूजा स्थल की साफ-सफाई व रंगा-पुताई का काम पूरा हो चुका है। लोग पुरोहितों के द्वारा दिए गए पूजा के सामान की सूची के अनुरूप खरीदारी कर रहे हैं। पूजा के सामान बेचने वालों के अलावा भी मिट्टी का कलश, चौमुखी दीया, मिट्टी का दीया, ढक्कन यानी कपटी आदि की खरीदारी की जा रही है। दूसरी ओर लोगों की भीड़ गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर भी देखा गया। यह भीड़ कल सुबह भी रहेगा। लोग पूजा में इस्तेमाल के लिए गंगा नदी से मिट्टी और गंगाजल लाने का काम करेंगे। इन्हीं सबों की मदद से कलश स्थापना का कार्य होगा। हालांकि पूजा का सामान बेचने वाले सप्त मिट्टी, पंचरत्न, सर्व औषधि भी बेचते हैं, जो कलश में डाला जाता है। फिलहाल नवरात्र को लेकर पुरोहितों की पूछ भी बढ़ गई है। हर कोई अपनी सुविधा के अनुसार पुरोहित को कलश स्थापना के लिए बुलाना चाह रहे हैं। उनके साथ भी संकट है। एक-एक पुरोहित तीन से लेकर दर्जन भर लोगों के यहां पाठ करने की जिम्मेवारी ले रहे हैं। अधिकांश पुरोहित का कहना है कि गुरुवार को शुरू में जहां-जहां नवरात्र में पूजा के लिए उन्होंने स्वीकार किया है, वहां पहले कलश स्थापना करेंगे और उसके बाद पाठ किया जाएगा। पूजा पंडालों में भी नवरात्र को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। खासकर बारिश होने पर पूजा स्थल को बचाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

## अग्रसेन महाराज की जयंती पर 6 को विस अध्यक्ष व डिप्टी सीएम लेंगे भाग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सिटी शाखा एवं मारवाड़ी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजाधिराज श्री अग्रसेन महाराज की जयंती छह अक्टूबर को चौक स्थित मुरारका कंपाउंड के बाहर मनाई जाएगी। वहीं अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के द्वारा भी चौक स्थित अग्रसेन भवन में जयंती का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा व संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि समारोह का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बिहार विधान परिषद के सदस्य ललन सराफ एवं आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष कमल नोपानी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान समाज के 10 विभूतियों को समाज सेवा रत्न से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए सम्मेलन के अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी, सह संयोजक कन्हैया लाल डोकानिया, सचिव राजकुमार गोयनका, मनोज खेतान, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, राजेश देवड़ा आदि सक्रिय हैं। अग्रसेन भवन में अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती के बारे में अध्यक्ष अमर अग्रवाल, सचिव विष्णु झुनझुनवाला एवं कोषाध्यक्ष बनवारी लाल रुंगटा ने बताया कि श्री अग्रसेन महाराज के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर पूजा-अर्चना की जाएगी। उनके बारे समाज के लोगों को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान प्रसाद का वितरण का आयोजन किया गया है। आयोजन की सफलता में ईश्वर लाल अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, राजेश चौधरी, हरीश हरलालका, अशोक बूबना, गणेश शर्मा, मनोज झुनझुनवाला, रमन प्रकाश साह, राजेश कानोडिया, विशाल सिंघानिया आदि तैयारी में लगे हैं।

## शतरंज खेल प्रतियोगिता मरचा मर्ची में हुआ शुरू

पटना सिटी (प्राकि)। अखिल भारतीय शतरंज खेल प्रतियोगिता मरचा मर्ची रानीपुरम स्थित केशव सरस्वती विद्या मंदिर में शुरू हुई। इसका उद्घाटन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के प्रभारी पदाधिकारी सह कॉमन वेल्थ के पदक विजेता चंदन कुमार सिंह ने किया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ मोहन सिंह, राष्ट्रीय खेल परिषद के सचिव कृपा शंकर शर्मा, भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री भरत पूर्वे, सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, विद्यालय सचिव डॉ राजीव कुमार सिंह और प्रधानाचार्य देवानंद दूरदर्शी ने अपने विचार रखे। सरकार के द्वारा खिलाड़ियों की योजना से अवगत कराते हुए कहा गया कि खेल को करियर के रूप में भी छात्र लें। प्राचार्य ने आगत अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह देकर किया।

# आयुष्मान योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत होगी अति शीघ्र : मंगल

## सूबे के 75 हजार 70 जनजातीय परिवार होंगे लाभान्वित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि हर हाल में आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में तेजी लायी जाए। साथ ही उन्होंने बचे हुए पात्र लाभुकों का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनाने की प्रक्रिया में भी तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही योजना को लेकर व्यापक स्तर पर जन- जागरुकता बढ़ाने को कहा। उन्होंने आगे कहा राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश से गरीबों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश में मौजूदा आंकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत अबतक 13 लाख 48 हजार 651 मरीजों का उपचार हुआ है। जिसपर सरकार ने 1650 करोड़ की राशि व्यय की है। श्री पांडेय ने समीक्षा के दौरान कहा कि इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत अति शीघ्र होने जा रही है। जिसके तहत बिहार के 352 ग्राम पंचायत अंतर्गत 75 हजार 70 जनजातीय परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना से आदिवासी समाज को उचित स्वास्थ्य लाभ की सुविधा उपलब्ध कराने की सोच सरकार की है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत स्कैन एंड शेयर के माध्यम से किए गए ओपीडी रजिस्ट्रेशन मामले में बिहार राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में स्कैन एंड शेयर टोकन सिस्टम के तहत एक दिन के अंदर 1 लाख से ज्यादा टोकन की प्रक्रिया पूर्ण करने पर हर्ष जताया। साथ ही कहा कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए हॉस्पिटल में ओपीडी अंतराल ( 2 बजे) के बाद डाटा ऑपरेटरों को अन्य रजिस्ट्रेशन के हिसाब से 5 रुपया प्रति कार्ड प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिससे कार्ड बनाने की दिशा में तेजी लाया जा सके।

# राजकोषीय कोष में सबसे पहला अधिकार बाढ़ पीड़ितों का : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में बाढ़ग्रस्त इलाकों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली पर हमलावर है। राजद का आरोप है कि नीतीश कुमार बाढ़ पीड़ितों को लेकर ढुलमुल रवैया अपना रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मंगलवार को इसी संबंध में अपना बयान जारी किया। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि आरोप लगाना अलग बात है, लेकिन नीतीश कुमार जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए हैं, तभी से वो इस बात पर बल देते हुए आ रहे हैं कि राजकोषीय कोष में अगर किसी का सबसे पहला अधिकार है, तो वह बाढ़ पीड़ितों का है। उन्होंने आगे कहा,मैं पिछले 20 सालों से बिहार की स्थिति को बेहद ही बारीकी से परख रहा हूं। वहां जब कभी-भी बाढ़ जैसे हालात पैदा हुए हैं, तो राजकोष को खुला छोड़ दिया गया। मेरे क्षेत्र में भी बाढ़ आई थी। मैं वहां खुद गया था। मैं फिर इस बात को दोहराता हूं कि आरोप लगाना अलग बात है, लेकिन किसी भी विषय पर बोलना अलग बात है। मैं वहां गया था। वहां की मौजूदा स्थिति को मैंने खुद करीब से देखा था। वहां पर महिलाओं के लिए विशेषरूप से कम्युनिटी किचन खोला गया। यह फैसला लिया गया था कि जो भी कम्युनिटी किचन में आएगा। उसे कपड़ा सहित अन्य वस्तुएं दी जाएंगी। यहां तक की सबको लोटा, थाली और गिलास तक देने का फैसला किया गया था। सभी को उसी में भोजन करने की व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी को कोई समस्या ना हो। उन्होंने आगे कहा, हमने यह भी स्पष्ट कहा है कि कोई भी पत्तल में नहीं खाएगा। पत्तल में खाने से बीमारियां फैलेंगी। कम्युनिटी किचन में पुड़ी नहीं खिलाई जाएगी, क्योंकि इसमें तेल का उपयोग किया जाता है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ जाती है। मैं तो कहता हूं कि आप एक बार मधुबनी और दरभंगा के इलाकों में जाइए, तो आपको पता लगेगा कि वहां पर उन्हें (नीतीश कुमार) कुंटलिया बाबा के नाम से पुकारा जाता है, क्योंकि जो भी आपदा पीड़ित परिवार थे, उनके घरों पर एक-एक कुंटल अनाज पहुंचा दिया, लेकिन अब अगर वो आरोप लगाना ही चाहते हैं, तो लगाने दीजिए।

# राष्ट्रपिता व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन

## सीएम ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें दि श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

पटना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गाँधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, विधान पार्षद डॉ खालिद अनवर, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अब्बास, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने गांधी जी की वेशभूषा में पधारे सुरेश कुमार हज्जू से भी मुलाकात की।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को सीएम ने किया नमन



मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शास्त्रीनगर पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

पटना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। पटना के शास्त्रीनगर पार्क में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित स्व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अब्बास, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने स्व लाल बहादुर शास्त्री जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जन स्वराज पार्टी भाजपा की प्रोक्सी टीम है : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार एवं युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव मनोज यादव ने एक प्रेस अभियान जारी कर कहा कि जन स्वराज पार्टी भारतीय जनता पार्टी की प्रोक्सी टीम है। यह भारतीय जनता पार्टी के इशारों पर पिछड़ों एवं अति पिछड़ों दलित एवं अल्पसंख्यकों को बनाने की कोशिश कर रही है। इन नेताओं ने कहा कि जान स्वराज पार्टी में हर एक पार्टी के रिजेक्ट लोग दिख रहे हैं। वहां कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दिए गए पैसों का इस्तेमाल कर लोगों को पटना लाने का काम कर रहे हैं।

# बाढ़ के हालात पर तेजस्वी ने एनडीए सरकार पर कसा तंज

## विनाशकारी बाढ़ को आपदा घोषित कराने में सरकार लचार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में बाढ़ की स्थिति पर नेता प्रतिपक्ष और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार को आड़े हाथों लिया है। तेजस्वी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 2008 में बिहार में आई बाढ़ के समय केंद्र में यूपीए की सरकार थी कांग्रेस के बाद केंद्र में दूसरी सबसे बड़ी और शक्तिशाली पार्टी राजद और उनके नेता केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद के आग्रह पर प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के सर्वेक्षण पर बिहार आए थे। तेजस्वी ने आगे लिखा लालू जी ने सकारात्मक राजनीति का अकल्पनीय व अविस्मरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री को बाढ़ की भयावह स्थिति से अवगत करा इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कराया तथा उस दौर में यानि आज से 15 साल पूर्व केंद्र से तत्काल 1000 करोड़ की विशेष सहायता राशि बिहार को दिलाई। केवल बाढ़ के लिए 1000 करोड़। तेजस्वी यादव ने यह भी लिखा, बिहर की एनडीए सरकार ने केंद्र की यूपीए सरकार से एक लाख टन अनाज की मांग की थी लेकिन केंद्र की यूपीए सरकार ने प्रभावित लोगों की मदद एवं राहत के लिए एक लाख 25 हजार टन अनाज बिहार को दिया। जितना बिहार सरकार ने मांगा उससे अधिक बिहार को दिया। तेजस्वी ने आगे लिखा कि केंद्र और बिहार की एनडीए सरकारें उत्तर बिहार के लोगों की जान और माल की कीमत बस चंद किलो अनाज से आंकती हैं। बारंबार तटबंध और बांध क्यों टूटते हैं इसका कारण भी सरकार को बताना होगा। तेजस्वी यादव ने पोस्ट के जरिए कहा कि उस वक्त तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मुफ्त रेल चलाई और साथ ही 90 करोड़ की सहायता राशि भी रेल मंत्रालय से दिलाई। तेजस्वी ने कहा कि उस वक्त यूपीए के बिहार से 29 सांसद थे जबकि अब एनडीए के 30 सांसद हैं। केंद्र में बिहार से एनडीए के सात केंद्रीय मंत्री कितने बेबस, लाचार हैं कि केंद्र सरकार से बिहार की विनाशकारी बाढ़ को ना आपदा घोषित करा सकते हैं ना ही विशेष सहायता राशि की मांग सकते हैं। आज बीजेपी के किसी भी केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री को बिहार नजर नहीं आ रहा है? बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित कराने एवं सहायता राशि की मांग को लेकर सीएम प्रधानमंत्री मोदी से क्यों नहीं मिलते?

# राष्ट्रपिता के सपनों को साकार करने के लिए नीतीश सरकार संकल्पित : उमेश

## जदयू कार्यालय में मनी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक, राष्ट्रीय महासचिव सह विधानपार्षद जनाब अफाक अहमद, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, मंत्री जयंत राज, विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ, पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री सह महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी रंजू गीता, प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी, प्रमंडल प्रभारी रणविजय कुमार, प प्रदेश महासचिव श्री वासुदेव कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद, धीरज कुशवाहा, राहुल खण्डेलवाल, ओम प्रकाश सेतु सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेतागण व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार श्रद्धेय बापू के स्वदेशी, स्वच्छता व ग्राम स्वराज के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारे नेता ने तमाम महापुरुषों के विचारों व आदर्शों का अनुसरण कर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाई है। साथ ही जदयू का हरेक कार्यकर्ता मानव कल्याण की भावना से सच्चाई, सेवा और शांति और सामाजिक सद्भावना की राह पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राजद कार्यालय में मनाई गई राष्ट्रपिता एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती माननीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन मे उदय नारायण चौधरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और शांति के पुजारी थे। उन्होंन धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए अपने प्राण तक की आहूति दे दी। आजादी की लड़ाई को मुकाम तक पहूँचाया तथा देश को अंग्रेजों के चंगुल से छुटकारा दिलाया। दलितों एवं कमजोर वर्गो के उत्थान के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। छुआ छूत और ऊँच-नीच के विभेद को मिटाने एवं समरस समाज की स्थापना में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव श्री बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, सिपाही लाल महतो, शिवचन्द्र राम, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अत्रिमुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव, पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम, प्रदेश प्रवक्ता श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, आरजू खान, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव डॉ कुमार राहुल सिंह, संजय यादव, प्रमोद कुमार राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, नन्दू यादव, राजेश पाल, संटू कुमार यादव, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, उमेश पंडित, अफरोज आलम, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, नरेन्द्र कुमार यादव, मनीष राय, शैकेन्द्र पासवान, मो कौसर खान सहित कई नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

# गांधी , शास्त्री एवं प्रजापति मिश्र को उनकी जयंती पर नमन किये कांग्रेसजन



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 156 वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के 120 वीं जयंती और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहें स्व. पंडित प्रजापति मिश्र के 126 वीं जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा एवम तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने की। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के बताएँ आदर्शों पर चलकर ही हमारा देश एकजुट रहेगा। गांधी के विचारों को जिंदा रखने के लिए सभी कांग्रेसजन को आगे आना होगा और देश में गांधीवाद को प्रबलता से अपनाना होगा। स्व. शास्त्री को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शास्त्री ने राजनीतिक शुचिता की जो मिसाल पेश की है वो राजनीतिक व्यक्तियों के लिए आदर्श है। उन्होंने बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. प्रजापति मिश्र को नमन करते हुए उन्हें महान विभूति बताया। जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, वीणा शाही , ब्रजेश पाण्डेय,राजेश राठौड़, संजीव प्रसाद टोनी, लाल बाबू लाल,, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार सिंह, अनिल कुमार, अम्बुज किशोर झा, शरवत जहां फातिमा, ज्ञान रंजन, शिव प्रकाश गरीब दास, सूरज यादव, आलोक हर्ष, राज किशोर सिंह, कैसर खां, प्रभात द्वेदी आसिफ गफूर आदित्य पासवान, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, मधुरेन्द्र सिंह, अरविन्द लाल रजक, शशि रंजन, आशुतोष शर्मा, मधुबाला, मंजीत, आनन्द साहू, अखिलेश्वर सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन ने महान विभूतियों को नमन किया।

# स्वच्छ भारत का सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हुआ : चिराग



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर स्वच्छता को गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया और इस स्वच्छता जागरूकता अभियान को साकार करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है । श्री चिराग ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि स्वच्छता के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छ भारत मिशन के आज दस वर्ष पूरे हुए हैं। स्वच्छ भारत के माध्यम से हीं हम महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। आज ही के दिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया था। आज संपूर्ण स्वच्छता की भावना भारत के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है। स्वच्छता ही सेवा-2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है और इस अभियान ने देश को स्वच्छता के प्रति एकजुट किया है। महात्मा गांधी का स्वच्छ भारत का सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हुआ है।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सप्तमूर्ति पर स्वच्छता अभियान का आयोजन



● महापुरुषों के आदर्शों पर चलते हुए स्वच्छता को अपनाएं : दिलीप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहारः सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्तूबर गाँधी जयंती पर बुधवार को विधानसभा सप्तमूर्ति के पास महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय,मंत्री नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया सम्मिलित रहे और इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में महापुरुषों के योगदान को सम्मानित करना था। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा, स्वच्छता केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं है, यह हमारे मानसिक और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक भी है। हमारे महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी और हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज को स्वच्छ और सुदृढ़ बनाना चाहिए। इस कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं ने पूरे समर्पण और उत्साह के साथ प्रतिमाओं की सफाई की और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। भारतीय जनता पार्टी निरंतर इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जनसेवा के कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार,रीता शर्मा,प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु,आशुतोष शंकर, सच्चिदानंद पियूष,भारतेंदु मिश्रा सहित भाजपा के सैंकड़ों नेता कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# कांग्रेस में चिकित्सक एवं व्यवसायी सहित कई लोग हुए शामिल

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय,सदाकत आश्रम में बुधवार को सुप्रसिद्ध डॉक्टर रामानुज प्रसाद सिह, व्यवसायी मंजीत कुमार एवं पुष्करदेव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस के प्रति प्रबुद्ध एवं आम लोगों का नजरिया तेजी से बदलने लगा है। झूठ और फरेब की राजनीति करने वालों से जनता उब चुकी है और बौद्धिक वर्ग से लेकर आम भारतीय जान चुका है कि इस देश की मजबूती कांग्रेस की मजबूती से ही आयेगी। इस अवसर पर शामिल इन लोंगो ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व एवं उनके विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। इस मौके पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा मदन मोहन झा, पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेब प्रसाद यादव, लाल बाबू लाल, गोरखनाथ, प्रो अम्बुज किशोर झा,ज्ञान रंजन सहित अनेकों नेता उपस्थित थे।

# प्रशांत किशोर पार्टी बनाने के लिए भीड़ भी नहीं जुटा पाए : एजाज



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना । बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने प्रशांत किशोर के पार्टी बनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि है लदुआ भीड़ के सहारे स्थापित होने का और पार्टी बनाने का जो सपना देख रहे थे , उसे बिहार की जनता ने चकनाचूर कर दिया और लोगों की भीड़ नहीं दिखी और इनका सारा पोल खुल गया। एजाज ने आगे कहा कि बिहार की जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि जनता वैसे लोगों को पसंद नहीं करती है , जो बिहार के मिट्टी- गिट्टी ,बिहार के मुद्दे और जनता के हितों के लिए खड़े नहीं रहते हैं , जो दूसरे के अभिनव प्रयोग के तौर पर कहीं ना कहीं भाजपा के प्रयोगशाला से निकलकर लोगों को भ्रम में डालना चाहते थे। एजाज ने कहा कि पार्टी बनाने के बाद भी पार्टी का अध्यक्ष नहीं घोषित करके उन्होंने जो चालाकी दिखाई है वह भी स्पष्ट रूप से सामने आ गया कि उनको लोकतंत्र में किसी पर विश्वास नहीं है । वह अपनी पकड़ पार्टी पर बनाए रखने के लिए ही कार्यकारी व्यवस्था किये हैं ,और कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा की है। इनका यह नया प्रयोग पार्टी बनते ही सामने आ गया कि इनके कथनी और करनी पर लोग विश्वास नहीं कर सकते हैं ।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया जनजागरण अभियान की शुरूआत

## स्मार्ट मीटर से चार गुना तक बढ़ा बिजली बिल : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा बिजली के प्री पेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ विगत डेढ़ महीनों से शुरू किए गए चरणबद्ध आंदोलन के तहत बुधवार को जनजागरण अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने नालंदा से इसकी शुरूआत की। जनजागरण अभियान के बारे में बताते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली विभाग ने लूट मचा रखी है। पहले जहां आम आदमी का 1000 रुपए बिल आता था वो अब चार गुना से पांच गुना बढ़ चुका है। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि 16 अक्तूबर को बिहार के सभी जिलों में स्मार्ट मीटर के खिलाफ जन आक्रोश मार्च एवम विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पहले आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री के जन्म जयंती पर हमने इस जन जागरण अभियान की शुरूआत कर दी है जो एक हफ्ते तक चलेगा। बिहार की गरीब जनता के पक्ष में कांग्रेस पार्टी लगातार खड़ी है और जब तक हम सरकार को स्मार्ट मीटर के उसके फैसले को वापस नहीं करा लेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जमीन सर्वेक्षण पर कांग्रेस के स्टैंड और भारी विरोध के कारण सरकार को इसे रोकना पड़ा है और स्मार्ट मीटर पर भी हम सरकार को फैसले वापस लेने को विवश कर देंगे। जन जागरण अभियान में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पाण्डेय,बंटी चौधरी , कपिलदेव प्रसाद यादव, राज कुमार राजन, अनिल कुमार, शरबत जहां फातिमा , ज्ञान रंजन,सहित जिला अध्यक्ष एवम जिला के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहें।

# नियमित स्वास्थ्य जांच को समझें स्वस्थ समाज बनाएं: जायसवाल

## आर्य कन्या विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



● प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज आर्य कन्या विद्यालय, मीठापुर में पटना नगर निगम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही सफाईकर्मियों को सम्मिनानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री नितिन नवीन ,विधायक संजीव चौरसिया सहित नगर निगम के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने नागरिकों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श और औषधि प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा, ह्लसेवा पखवाड़ा के अंतर्गत समाज के प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की देखभाल करना हमारी प्राथमिकता है। स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और यह शिविर उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को समझना चाहिए। शिविर में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे,और सभी को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। शिविर के अंतर्गत रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच, और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं,भारतीय जनता पार्टी हमेशा से समाज सेवा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित रही है, और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। इस सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शर्मा,प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु,आशुतोष शंकर ,स्थानीय वार्ड पार्षद सहित भाजपा के सैंकड़ों नेता कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# चुनाव के बाद प्रशांत किशोर के राजनीतिक दुकान पर ताला लग जाएगा : श्रवण

## आधुनिक बापू टावर भावी पीढ़ियों के लिए बनेगा प्रेरणा का स्त्रोत : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के परस्पर सहयोग से बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तेज गति से राहत-बचाव चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी स्पष्ट किया है कि राज्य के सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है और भारतीय वायु सेना की मदद से जरूरतमंदों तक राहत समाग्री पहुंचाई जा रही है। मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। प्रशांत किशोर के संबंध में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर बहुत सारे दुकान सजाए जाते हैं लेकिन चुनाव के बाद प्रशांत किशोर का राजनीतिक शटर डाउन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर चुनाव प्रबंधन के पेशेवर ठेकेदार हैं और जहां से उन्हें ठेकेदारी मिलेगी वहीं चले जाएंगे। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि आज का दिन बिहार के लिए बेहद गौरवपूर्ण है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों से गांधी जयंती के खास मौके पर पटना में देश का सबसे आधुनिक बापू टावर का शुभारंभ हुआ है। इसके माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी और उनके विचारों से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। पत्रकारों द्वारा स्मार्ट मीटर पर पूछे गए सवाल पर जयंत राज ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए स्मार्ट मीटर को लेकर जनता में दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर आम जनता के हित में है और इससे बिजली की अनावश्यक खपत पर रोक लगेगी। इससे पहले मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गांधी जयंती पर पार्क में दर्जनों पौधारोपण व सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित

मधुबनी जयनगर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जयन्ती पर राम जानकी पार्क बाबा पोखर जयनगर बस्ती के द्वारा पार्क एवं पोखर में सफाई अभियान और बाबा पोखर पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर पार्क में दर्जनो पौधारोपण किया गया।उक्त कार्यक्रमो मे मुख्य तौर पर खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर राजीव रंजन कुमार अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष अंकुर कुमार सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह जयनगर चेम्बर ऑफ कॉमर्स सचिव पवन कुमार यादव जदयू नेता रामबाबू कामत बैधनाथ ठाकुर अधिवक्ता सुमन कुमार सिंह भूतपूर्व सैनिक लालू सिंह भूतपूर्व दरोगा रामकुमार सिंह कांग्रेस नेता अनुरंजन सिंह किष्ण यादव राजेश कुमार मंडल राजीव सिंह पंकज सिंह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हबीब उस्मान सहित दर्जनो लोगो ने भाग लिया।

### गांधी जयंती को लेकर गांधी जी के स्मारक पर माल्यार्पण किया

मधुबनी जयनगर राष्ट्रपिता गांधी जी के 155 वीं जयंती के अवसर पर जयनगर बस्ती पंचायत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्मारक पर माल्यार्पण समारोह कार्यक्रम जेपी सेनानी अवरुद्ध ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्मारक स्थल पर उपस्थित खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर राजीव रंजन कुमार अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह विधायक प्रतिनिधि नरेन्द्र नारायण कुंवर फेक्स अध्यक्ष पवन सिंह अधिवक्ता प्रीत लाल पासवान छंद वीर सिंह राजीव सिंह किष्ण यादव ललन कुमार संजीव ठाकुर सहित दर्जनों लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्मारक पर माल्यार्पण करते हुए उपस्थित लोगो ने गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सपने को सुंदर समाज बनाने तथा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त सभी पंचायतों में पूरी तरह से सजग

मधुबनी जिले के आंशिक रूप से बाढ़ प्रभावित मधेपुर प्रखंड के गढ़ गांव बकुआ बड़ गंवा बसिपट्टी पंचायत के प्रभावित वार्डों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है।गौरतलब हो कि उक्त सभी पंचायतो के अधिकांश वार्डो में पानी निकल गया है।लोग अपने घरों में लौट चुके हैं। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त सभी पंचायतों में पूरी तरह से सजग है। मेडिकल कैम्प लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जाच किया जा रहा है साथ ही मुफ्त दवा वितरण भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को उक्त सभी पंचायतों के जल जमाव वाले क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने का निर्देश दिया है,ताकि जलजनित बीमारियों से बचाव हो सके। चलंत पशु अस्पताल द्वारा पशुओं का इलाज किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-222576 पर फोन कर या व्हाट्सअप नंबर 7061804037 पर मैसेज करें।

### नवरात्रा के अवसर पर आज से होगी राम कथा शुभारंभ

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चकहवीब पंचायत अंतर्गत शाहपुर परोही दुर्गा स्थान के प्रांगण में नवरात्रा के शुभ अवसर पर आज यानी गुरुवार से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। यह राम कथा ज्ञान यज्ञ 3 अक्टूबर से आरंभ होकर 11 अक्टूबर तक चलेगी। जिसमें संध्या के 5:00 बजे से 9:00 बजे तक कथा वाचिका पूज्य बाल व्यास आकांक्षा तिवारी(किशोरी जी वृंदावन धाम) संगीत एवं कथा के माध्यम से ग्राम वासियों को भक्ति के सागर में गोता लगवाएंगे। उक्त बात की जानकारी विश्व वैदिक राष्ट्रीय धर्म संघ के प्रचारक पंडित ललनबाबू झा ने दी है।

# गाँधी व शास्त्री जी को समारोह पूर्वक दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर जिलाधिकारी राजीव रौशन, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी,अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार दास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद,उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद,वरीय कोषागार पदाधिकारी शंभू कुमार आर्य,वरीय उप समाहर्ता वृष भानु चंद्र, वरीय उप समाहर्ता अमृता कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी आदि पदाधिकारी एवं कर्मी ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गांधी जी के सपनों के भारत की शपथ दिलाते हुए कहां की मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूँगा, जिसमें गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे की वह उनका देश है, जिसके निर्माण में उनकी आवाज का महत्व है। मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूँगा, जिसमें उच्च और निम्न वर्गों का भेद नहीं होगा और जिसमें विविध संप्रदायों में पूरा मेल-जोल होगा। ऐसे भारत में अस्पृश्यता या शराब और दूसरी नशीली चीजों के अभिशाप के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता है। उसमें स्त्रियों को वही अधिकार होंगे जो पुरुषों को होंगे। शेष सारी दुनिया के साथ हमारा संबंध शांति का होगा। यह है मेरे सपनों का भारत। वही गाँधी शिक्षण संस्थान के दोनों शाखाओं में गाँधी-शास्त्री जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गाँधी विहार शाखा में प्राचार्या श्रावणी शिखा, सीसीए प्रभारी स्वाति कुमारी, वरीय शिक्षक राज किशोर झा एवं हीरेंद्र नारायण चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उक्त अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और गुदरी के लाल लाल बहादुर शास्त्री जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शिक्षक संजय चटर्जी ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से गांधी शास्त्री के जीवन की महत्वपूर्ण बिंदुओं को उद्धृत किया। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति ने आगत अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विद्यार्थियों ने उक्त अवसर पर संभाषण, कविता पाठ सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों को मोहित कर लिया। विद्यालय के संगीत शिक्षक दीपक कुमार झा और संजय चटर्जी ने गाँधी जी के प्रिय भजन को गाकर माहौल को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या श्रावणी शिखा ने अपने संबोधन में गाँधीजी और शास्त्री जी के उच्च विचार, सादगी और ईमानदारी को बताते हुए उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वच्छता को जीवन में अपनाने की अपील की।वहीं वाजितपुर शाखा में प्राचार्य आलोक कांति दास, उप प्राचार्य अजय झा और वरीय शिक्षक विजय कुमार झा एवं आशुतोष कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा सृष्टि पटेल ने की, वहीं धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य अजय झा ने किया।

## बाढ़ राहत सामग्री लेकर आ रहे हेलीकाप्टर क्रैश , कोई हताहत नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। घटना औराई इलाके की है। गनीमत रही कि इस हादसे में पायलट और सेना के जवान सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक, सेना का हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ पीड़ितो के लिए राहत सामग्री लेकर टेकऑफ हुआ था। इसी दौरान औराई के नया गांव वार्ड संख्या 13 में हेलिकॉप्टर अनियंत्रित होकर बाढ़ के पानी में गिर गया । घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुची है। पायलट और सेना के जवानों को बाढ़ के पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हेलीकॉप्टर को पानी से निकालने की कोशिश शुरू कर दी गई है। भाकपा माले के जिला सचिव कृष्ण मोहन ने इस घटना को दुखद बताया है।यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कृष्ण मोहन ने कहा है कि मुजफ्फरपुर जिला के बाढ़ प्रभावित औराई, कटरा, गायघाट व मीनापुर के गांव-पंचायतों में सरकार द्वारा बडे.पैमाने पर राहत अभियान चलाने की जरुरत है। नीतीश सरकार बाढ़ आपदा प्रबंधन के बारे में बढ़-चढ़ कर घोषणा करने में जुटी थी, लेकिन ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है।हजारों लोग घर से बेघर हो गए हैं लेकिन उन तक भोजन सामग्री पहुंचाने, नाव की व्यवस्था करने, पशु चारा उपलब्ध कराने तथा मेडिकल कैंप लगाने में सरकार फेल हो गई है। लोग भुखमरी के शिकार हैं। बीमार पड़ रहे लोगों का इलाज नहीं हो पा रहा है। नाव के अभाव में आना-जाना भी बाधित है। माले सचिव ने कहा है कि पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य और नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम तथा माले के प्रखंड प्रभारी मनोज यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता औराई-कटरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मिल रहें हैं। उनके साथ नौजवान सभा के जिला सचिव मुकेश कुमार पासवान, पार्टी कार्यकर्ता प्रमुख राम, मो.जावेद, मनीष यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी गांव-टोले में पहुंच रहें हैं। गायघाट के क्षेत्र में पार्टी राज्य कमिटी सदस्य व किसान नेता जितेन्द्र यादव व नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित गांव-टोले में पहुंच कर मदद करने में जुटे हैं। माले नेताओं ने सरकार और प्रशासन से बडे.पैमाने पर बाढ़ राहत अभियान चलाने तथा अविलंब सभी गांव-टोले में सामूहिक भोजनालय चलाने, शुद्ध पेय जल, पर्याप्त पशुचारा तथा नाव की व्यवस्था करने, मेडिकल कैंप लगाने तथा विस्थापित सभी परिवार के लिए टेंट लगाने की मांग की है। जल्द ही इन मांगों को लेकर प्रखंड व जिलाधिकारी से भी माले के कार्यकर्ता मिलेंगे। माले जिला सचिव ने औराई के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सेना के हेलीकॉप्टर क्रैश होने पर दुःख व्यक्त किया है। कहा है कि यह सरकार की बाढ़ आपदा प्रबंधन की विफलता का ही दुखद परिणाम है। यदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहले से ही जरूरी चीजों का भंडारण, कार्यबल और बडे.पैमाने पर नाव आदि की व्यवस्था रहती तो इसतरह की अफरा-तफरी नहीं मचती। इसके लिए बिहार और केन्द्र सरकार जिम्मेवार है।

## भाकपा का दो दिवसीय शिक्षण शिविर सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यालय चन्द्रशेखर भवन के रामदेव शर्मा सभागार में आहुत जिला नेतृत्वकताओं के शिक्षण शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में ह्यवर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और आगामी कर्तव्यह्न विषय पर व्याख्यान देते हुए शिक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा पूरी ताकत झोंकने तथा मोदी की गारंटी का सब्जबाग दिखाने के बावजूद भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। चार सौ पार के सपने पर पानी फेरते हुए मतदाताओं ने भाजपा को बहुमत से 32 सीटें कम 240 पर समेट दिया। एनडीए की वर्तमान सरकार चन्द्रबाबू नायडू की तेलगूदेशम और नीतीश कुमार के जनतादल यूनाइटेड की बैशाखियों पर रेंग रही है। भाजपा की धार्मिक ध्रुवीकरण की कारगुजारियों, जनविरोधी और निजी कॉरपोरेटपक्षी नीतियों से आमलोगों का तेजी से मोहभंग हुआ है। नोटबंदी, जीएसटी, कोविड की तबाही, महंगाई, बेरोजगारी आदि से त्रस्त लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं। साम्प्रदायिक उन्माद, जातीय टकराव, दलित व महिला उत्पीड़न, मणिपुर की हिंसा, जम्मू-कश्मीर की हृदय विदारक स्थिति सबने मोदी राज की कलई खोल दी है। तीसरी बार सत्ता में आने के बाद तीन नए आपराधिक कानून 2023 तथा वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन का विधेयक लाकर सरकार ने अपना चेहरा उजागर कर दिया है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने से ना-नुकुर कर तथा आंदोलनरत किसानों पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कर सरकार का किसान विरोधी रुख बेनकाब हो चुका है। इन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की अगुवाई वाला जदयू-भाजपा गठबंधन को करारा शिकस्त देते हुए खुशहाल और समृद्ध बिहार बनाने के लिए संगठन को चाक-चौबंद कर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। शिक्षण शिविर की अध्यक्षता प्रो० भारती सिन्हा ने की। शिक्षण शिविर में शामिल प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए जिला सचिव रामकिशोर झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा भूमि सर्वेक्षण तथा बंदोबस्ती में हो रहे धांधली के खिलाफ आगामी 15 अक्टूबर को अंचलों के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष विशाल धरना आयोजित कर भूस्वामियों के चट्टानी एकता को प्रदर्शित करने का अपील किया। कार्यक्रम के अंत में विगत 25 सितम्बर को समाहरणालय पर पार्टी द्वारा आहुत प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला के साहेबगंज, गायघाट तथा मोतीपुर अंचल को सम्मानित किया गया ।

## सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी और स्थानीय पुलिस द्वारा गांजा किया जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी मधवापुर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानो को एक कामयाबी मिली है। सशस्त्र सीमा बल के जवानो और स्थानीय पुलिस थाना मधवापुर के साथ की गयी संयुक्त चैक पोस्ट ड्यूटी के दौरान निरीक्षक ऋषिकेश कुमार समवाय प्रभारी मधवापुर की अगुवाई मे की गयी कार्यवाही के दौरान भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295/02 से 05 मी० भारतीय क्षेत्र गांधी चौक में एक गाड़ी से 05 किलोग्राम गाजे को बरामद कर जब्त किया गया है। तस्कर गाड़ी को छोड़कर नेपाल की तरफ भागने में सफल रहे। पुलिस भागे हुई तस्करो को पकड़ने के लिए सघन छानबीन कर रही है।जब्त किए 05 के किलोग्राम गाजे एवं बरामद गाड़ी को अग्रिम कार्यवाही हेतु मधवापुर थाने को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल व जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।गोविंद सिंह भंडारी कमाडेट 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियो को रोका जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ।

## झिझिया मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता है : डॉ पुष्पा झा

● महिला क्लब ने किया डांडिया नाइट का आयोजन, झिझिया नृत्य का भव्य प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। महिला क्लब, दरभंगा द्वारा मंगलवार को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। अल्लपट्टी स्थित डॉ पुष्प झा के परिसर में कार्यक्रम का उद्घाटन क्लब की वरिष्ठ सदस्या द्रौपदी सिंह, रंजना जायसवाल, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, अध्यक्षा डॉक्टर पुष्पा झा, सचिव राजकुमारी मारीवाला एवं कोषाध्यक्ष डॉ. आभा सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महिला क्लब की अध्यक्षा डॉ पुष्पा झा ने कहा कि झिझिया मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता है और इस क्षेत्र की अनोखी पहचान को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मिथिला की लोक नृत्य झिझिया को बचाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा तभी हमारी पारंपरिक सांस्कृतिक पहचान बनी रहेगी। महिला क्लब की सचिव राजकुमारी मारिवाला ने कहा कि झिझिया का महत्व मिथिला की संस्कृति में बहुत अधिक है। कार्यक्रम नेहा बोहरा के गणेश वंदना से शुरू हुई ततपश्चात मिथिलांचल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रचलित मिथिला की पारंपरिक लोकनृत्य झिझिया का प्रदर्शन हुआ जिसे उपस्थित दर्शकों ने काफी सराहा। नन्हीं बच्चियाँ त्वीशा वाधवानी, आश्वी सुरेका, सनाया पाहुजा, वान्या बरोलिया, आरिका सुरेका ने भी डांडिया खेल कर सभी का दिल मोह लिया। गैलेक्सी रीत डांस ग्रुप की संचालिका ऋतु के निर्देशन में हुई डाँडिया का महिला क्लब से जुड़ी सदस्यों ने देर रात तक लुत्फ उठाया। आयोजन की सफलता में क्लब के सभी सदस्य रेखा पाहुजा, डॉ. अलका द्विवेदी, डा नूतन राय, डॉ माल्ती भगत, डॉ लता खेतान, डॉ सुजाता राय, डॉ सावित्री ओझा, मीरा सुमन, आशा गुप्ता, द्रौपदी सिंह, निधि झा, आशा श्रीवास्तव, विमला बोस,अन्नु लोहिया, इरा गामी, अरूणा गामी, नीति अग्रवाल, रंजना जायसवाल, रश्मि वर्मा, अनीता सिंह, सन्ध्या चौधरी, मंजू चौधरी, सुधा सर्राफ, सुशीला गिरी, सुनंदा बोस समेत शहर की कई गण्मान्य हस्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## गांधी के रास्ते ही विश्व मानवता की रक्षा संभव : हरेन्द्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती पर गांधी शांति प्रतिष्ठान के तत्वावधान में बुधवार को सर्वधर्म प्रार्थना और संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और गांधीजनों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। लंगट सिंह कॉलेज के गांधी उद्यान में गांधी-प्रतिमा के निकट एकत्रित होकर सर्वधर्म प्रार्थना की गई, गांधी को याद किया गया और उन्हें पुष्पांजलि दी गई। गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेणे कहिए... का सामूहिक गायन किया गया। इस मौके पर शांति पाठ भी हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना की अगुवाई समाजकर्मी रंजीत कुमार ने की। प्रार्थना के बाद जेपी आंदोलन के प्रमुख सिपाही डॉ हरेंद्र कुमार ने उपस्थित गांधीजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी के विचार अमर है और पूरी दुनिया इसे कबूलती है, क्योंकि वह संपूर्ण मानवता की रक्षा की बात करता है। सत्य-अहिंसा-शांति उसके केंद्र में है। गांधी ने सभी धर्मों को समान माना और नफरत को दूर करने के लिए हर खतरे उठाए। नोआखली इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब देश में नफरत के स्वर सुनाई देने लगे हैं, गांधी ही एकमात्र संबल हैं। गांधी का रास्ता ही भारत को एकजुट और खुशहाल बना सकता है। लंगट सिंह कालेज के प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने कहा कि गांधी ने जिन सात पापों की चर्चा की थी उनसे छात्रों को अपने को बचाने की जरूरत है,

क्योंकि छात्र ही भारत के भविष्य हैं। गांधी को स्मरण करते हुए पूर्व प्राचार्य और कालेज सर्विस कमीशन के पूर्व सदस्य प्रो विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि गांधी बहुत बड़े पर्यावरणविद् थे। उन्होंने प्रकृति के साथ हमेशा समन्वय की बात कही और उस अनुरूप आचरण किया। उनसे सीखने की जरूरत है। अपनी भावांजलि देते हुए पूर्व कुलपति प्रो प्रसून कुमार राय ने कहा कि गांधी आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं और इस दुनिया की रक्षा गांधी के रास्ते पर चल कर ही हो सकती है। पूर्व प्राचार्य हरिनारायण ठाकुर ने कहा कि आज जब आधी दुनिया में अशांति है और युद्ध बढ़ते जा रहे हैं, शांतिकामी लोग गांधी में आशा की आखिरी किरण तलाश रहे हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विवेकानंद और गांधी ने हमेशा युवाओं को समाज से जुड़ने और उसकी समस्याओं को समझने के लिए प्रेरित किया। गांधी ने तो यहां तक कहा कि इसके बिना शिक्षा एक विलासिता मात्र है। आज के युवाओं को इससे सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में रमेश चंद्र, अनिल शंकर ठाकुर, अच्युतानंद किशोर नवीन, प्रो देवव्रत अकेला, विनय प्रशांत, विक्रम जयनारायण निषाद, प्रो राकेश कुमार सिंह, डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, पर्यावरणविद् सुरेश गुप्ता, संजीव साहू, डॉ श्याम कल्याण, आलोक कुमार अभिषेक, डॉ साकेत कुमार, प्रभात कुमार, यशपाल कुमार, अनिल कुमार अनल, डॉ कमल किशोर, हरिराम मिश्रा, विवेक कुमार, रमेश ओझा, डॉ जयनाथ कुमार, मुकेश कुमार आदि शामिल थे।सभा का संचालन गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव अरविंद वरुण ने किया, जबकि कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ कृष्ण मोहन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जयंती पर याद किए गए गांधी और शास्त्री



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बीआरएनकेएस कालेज कल्याणपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लालबहादूर शास्त्री की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सूर्यदेव प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों व छात्र-छात्राओं ने गांधी और शास्त्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल, कल्याणपुर में गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती को स्वच्छता अभियान चला कर समारोह पूर्वक मनाया गया ।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संकल्पित संघर्ष के पर्याय पुरुष थे सत्य और अहिंसा उनके जीवन की आधार था। आज के युवाओं को राष्ट्रपिता गांधीजी और सादगी के प्रतिमूर्ति लाल बहादुर शास्त्री जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए ।स्वतंत्रता आंदोलन में इन दोनों महान विभूतियों द्वारा की गई योगदानों पर प्रकाश डाला। अतुल्य सोशल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव बबिता ठाकुर आदि ने राष्ट्रपिता और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की योगदानों पर प्रकाश डाला। यूनिक चिल्ड्रेंस एकेडमी सिंघियाघाट परिसर में प्राचार्य अर्जुन कुमार, पैराडाइज पब्लिक स्कूल नरहन परिसर में प्राचार्य शोभाकांत राय, दिल्ली पब्लिक स्कूल नरहन परिसर में प्राचार्य राजन कुमार के नेतृत्व में जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। मौके पर अमरनाथ चौधरी, रामविलास सिंह, अनिल कुमार, अरविंद कुमार चौधरी, अमित कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान 4 का आयोजन किया गया। इस अवसर उपस्थित वि वि के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत की सपना को सभी के सहयोग से सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने देश के आजादी में गांधी जी के योगदानों पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि देश के पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों के लिए नारा दिया जय जवान जय किसान , जिस से देश के अन्न उत्पादन के क्षेत्र में बदलाव आया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से तन और मन स्वच्छ होता है। जिसे अपना कर लोग स्वस्थ रह सकते हैं।उन्होंने ने कहा कि सभी को अपने कार्यस्थल सहित अन्य परिसरों को स्वच्छ रखना चाहिए, इस दौरान उपस्थित वैज्ञानिक, प्रोफेसर एवं छात्रों ने स्वच्छता से जुड़े शपथ लिया। इस अवसर पर कुलपति ने पौधारोपण किया। निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमण त्रिवेदी ने विषय से जुड़ी अपनी बातों को रखा, इस दौरान निदेशक शिक्षा डॉ उमाकांत बेहरा, डॉ ए के सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणी शर्मा, डॉ महेश कुमार , डॉ रितंभरा, सुचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन, सहित अन्य वैज्ञानिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बाढ़ पीड़ितों का हाल बेहाल , डूबने से एक युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में बीते पांच दिनों से बाढ़ की दंश झेल रही है। सबसे भयावह स्थिती मधुबन बेसी गांव का है। जहां दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी जमा हुआ है। बुधवार को एसडीआरएफ की टीम पीड़ितों के लिए राशन सामाग्री लेकर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि पांच दिनों से वहां के लोगो को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है। हालंकि बागमती नदी की जलस्तर में गिरावट जारी है। लेकीन यहां के लोगो को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है पूरे गांव चारो तरफ से बाढ़ से घिर चुका है। वहीं जरूरतमंदों को एसडीआरएफ की टीम ही एक मात्र सहारा है। हालंकि प्रशासन के द्वारा सभी व्यवस्था किया जा रहा है, लेकीन भयानक पानी को देख पीड़ितों के बीच समुचित व्यवस्था नहीं पहूंच पा रही है। उधर, जिले के कटरा थाना क्षेत्र के धनौर गांव में पानी से भरे पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का पहचान धनौर गांव के निवासी राकेश राउत का 20 वर्षीय पुत्र राजा कुमार बताया गया है। घटना बीते मंगलवार शाम की बताई गई है। मुखिया देवेन्द्र पासवान ने बताया कि युवक शौच के लिए पोखर किनारे गया था। उसी क्रम में पैर फिसलने से गहरे पानी में गिर पड़ा। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष कुमार अभिषेक ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम होकर घर पहुंचे शव को देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## प्रॉपर्टी डीलर गौरव मोहन की हत्या के लिए दी गई थी सुपारी, आपसी जमीनी विवाद थी वजह

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर में बीते 22 सितंबर की शाम प्रॉपर्टी डीलर गौरव मोहन को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल, दो गोली, घटना में प्रयुक्त एक बाइक व एक मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना क्षेत्र के धकजरी के खिलाडी झा के पुत्र रोहित कुमार झा के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-1 कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आपसी जमीनी विवाद व वर्चस्व स्थापित करने को लेकर प्रॉपर्टी डीलर गौरव मोहन की हत्या की सुपारी दी गई थी। घटना से पूर्व बदमाशों ने बाइक से रेकी भी की थी। उन्होंने बताया कि घटना के मुख्य साजिशकर्ता को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अशोक मिश्रा के निर्देशानुसार उन्होंने मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने घटनास्थल से जप्त प्रदर्श, घटनास्थल तक पहुंचने के मार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, तकनिकी साक्ष्य एवं गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ से पाया कि गौरव मोहन की हत्या करने की योजना थी। अपराधियों द्वारा सुनियोजित ढंग से पेशेवर अपराध शैली एवं पेशेवर तकनिकी शैली का प्रयोग किया गया है। इसमें साजिशकर्ता द्वारा घटना में पेशेवर अपराधियों का सहारा लिया गया था। दो अक्टूबर को दिवा गश्ती के दौरान पुलिस को देख कर भाग रहे बाइक सवार दो बदमाशों का पुलिस ने पीछा किया, हालांकि इस दौरान एक बदमाश गोलू भागने में कामयाब रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं पुलिस, इस घटना में एक बदमाश को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## टेंपो और कार की टक्कर में मौत व घायल की सूचना मिलते ही कल्याणपुर में छाया मातम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर उजियारपुर थाना क्षेत्र के जनकपुर स्थिति एन एच 28 पर टेंपो और कार में हुई टक्कर में विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की मौत और दो व्यक्ति की गंभीर रूप से जख्मी होने की सूचना पर क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। मृतक परिवार के लोग दहाड़ मारकर रोने लगे। चारों ओर चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि उक्त दुर्घटना में कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 10 निवासी चंद्रशेखर पासवान के 21 वर्षीय पुत्र अखिलेश पासवान की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं कपिल देव पासवान के 38 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र पासवान तथा मुस्तफापुर पंचायत के वार्ड एक निवासी टुनटुन पासवान के पुत्र राजकुमार पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका अनुमंडलीय अस्पताल दलसिंहसराय में उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। बताया जाता है कि गंभीर रूप से जख्मी सुरेंद्र पासवान का जबड़ा टूट गया है। वहीं राजकुमार पासवान का सिर फटा है और हाथ टूट गया है। बताया जाता है कि मृतक व जख्मी सभी आंध्रा में एक कोल्ड स्टोरेज में मजदूरी करता था। जहां सुरेंद्र पासवान का पैर जख्मी हो गया था। दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान घर पहुंचने से पहले ही सड़क हादसे का शिकार हो गए। मृतक अखिलेश तीन भाइयों में मिथिलेश व कमलेश पासवान से बड़ा था। पिता चंद्रशेखर पासवान बंगाल के मेवाड़ी में मजदूरी करते हैं। पुत्र की मौत की खबर मिलते ही वे भी घर के लिए निकल पड़े है। अखिलेश की मौत की खबर सुनते ही माता हीरा देवी, बहन चांदो, चंदिका एवं चंदा तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि दयानंद शर्मा मृतक के घर पहुंच कर मृतक के परिजनों को सांत्वना दे रहे थे।

## विभिन्न खेल व प्रदर्शनी के साथ लर्निंग फेस्टिवल का हुआ समापन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर शिक्षा विभाग व क्षमतालय फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकहबीब में चल रहे लर्निंग फेस्टिवल का समापन बुधवार को विभिन्न खेल एवं प्रदर्शनी के साथ हो गया। कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन सीआरसी के समन्वय अरुण कुमार झा ने फीता काटकर किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों के बीच विभिन्न मनोरंजन, खेल का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच क्षमतालय फाउंडेशन द्वारा विज्ञान का जादू, कला का रूप, कठपुतली और कहानी, नाटक का करिश्मा, बोर्ड गेम और मीडिया और जीन का आयोजन कर उन्हें शिक्षा की महत्ता के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तकनीकी से जुड़े विभिन्न उपकरणों बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मो. मुजाहिद हुसैन ने बताया कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति का विकास होगा ,जिससे नैतिक मूल्यों को समझने का बेहतरीन अवसर मिला है साथ ही फाउंडेशन के फेलो आनंद गौतम ने बताया कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है साथी बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ती है। विद्यालय के शिक्षक प्रवीण सोनी ,मनीष कुमार, संजीव कुमार गिरि,विक्रांत कुमार चौधरी ,शिक्षिका वीणा कुमारी, उमा भारती, फरीन सुरैया, रजनीगंधा कुमारी, वंदना कुमारी, प्रीति कुमारी, आनंद गौतम, गुंजन ,सौरभ,अभिनंदन ,अवधेश तथा श्रवण के अलावा सीआरसी चकहबीब के संचालक रत्नेश कुमार, निर्मल कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद सिंह, बड़ी संख्या में बच्चों के साथ विद्यालय में अभिभावक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कागजों पर चल रहा है रतनपुर पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र

जमुई/गिद्धौरः नोनीहालों का उचित पोषण आहार के साथ अच्छी प्रारंभिक शिक्षा मिल सके इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहे हैं, लेकिन इसके ठीक उल्टा गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत रतनपुर पंचायत के वार्ड नंबर-02 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-4 में केंद्र कभी खुलता ही नहीं है। इस कारण से यहां पर आने वाले बच्चों को उचित शिक्षा एवं पोषाहार नहीं मिल पा रहा है। वही विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का खामयाजा नोनीहालों को भुगतना पड़ रहा है। पोषाहार नहीं मिलने से बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं यह आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ कागजों में चलता है। नाम नहीं बताने के शर्त पर कई ग्रामीणों ने बताया कि बीते फरवरी 2024 से उक्त आंगनवाड़ी सेविका गीता देवी रिटायर हुई है तब से केंद्र सही से नहीं चल पा रहा है जबकि केंद्र को दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र से टैग भी किया जा चुका है। अब देखना यह है कि आंगनबाड़ी केंद्र कब तक इसी तरह मनमानी चलता रहेगा और नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहता है। बता दे की सेविका के रिटायर होने के बाद बगल के दूसरे आंगनबाड़ी से इसे टैग किया गया लेकिन बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए भेजी जाने वाली सरकारी राशि का प्रत्यक्ष रूप से गबन कर लिया जा रहा है

# बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम कानून का लाभ अवश्य लें : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार कानून काफी प्रभावकारी है। इस कानून के तहत शिकायत का निवारण बिल्कुल निःशुल्क है। यदि किसी भी व्यक्ति की निवारण योग्य समस्या का निदान नहीं हो रहा है तो वे इस कानून का सहारा ले सकते हैं। उनके समस्या का निदान जरूर होगा। आज इस कानून के सहारे हजारों लोगों को उनका अधिकार मिला है। यह बातें जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने हवेली खड़गपुर प्रखंड के प्रसन्डो गांव निवासी गायत्री देवी पति अरविन्द कुमार सिंह के जमीन का आनलाइन लगान रसीद निर्गत नहीं होने पर लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के द्वारा मिले न्याय के बाद कही। उन्होंने कहा कि गायत्री देवी का खास चक मौजा में 73 डिसमिल जमीन था, जिसका ऑफलाइन लगान रसीद अंचल कार्यालय, हवेली खड़गपुर से निर्गत हो चुका था। परन्तु, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के बिहार भूमि नामक ऑनलाइन पोर्टल पर उस जमीन का विवरण (छूटे हुए जमाबंदी) दर्ज नहीं होने के कारण ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत नहीं हो रहा था। इस समस्या से लगभग चार वर्षों से गायत्री देवी एवं उनके पति काफी परेशान रह रहे थे। अरविन्द कुमार ने जब इस समस्या की चर्चा बैजलपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष से की तो उन्होंने बताया कि लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत अपनी शिकायत दर्ज करें, तो आपको न्याय अवश्य मिलेगा। श्री सिंह द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के वेब पोर्टल पर अपनी पत्नी के नाम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दिया। जिसके फलस्वरूप उनकी शिकायत राज्य लोक शिकायत निवारण केन्द्र, पटना से होकर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण केन्द्र, तारापुर में आ गया, जहां अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, तारापुर ने उनके शिकायत की सुनवाई की परन्तु असंतोषजनक निवारण होने से श्री सिंह ने मुंगेर किला परिसर अंतर्गत जिला लोक शिकायत निवारण केन्द्र पुनः अपनी शिकायत पर प्रथम अपील दायर कर दिया। अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार, मुंगेर ने उनके अपील पर सुनवाई की, परन्तु यहां भी श्री सिंह को सफलता नहीं मिली। तत्पश्चात उनके द्वारा जिलाधिकारी सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के लोक शिकायत निवारण केन्द्र पर द्वितीय अपील दर्ज करायी, जहां जिलाधिकारी -सह- द्वितीय अपीलीय प्राधिकार ने इस वाद पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले से संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता, हवेली खड़गपुर एवं अंचल अधिकारी, हवेली खड़गपुर को नोटिस जारी कर सुनवाई की तिथि निर्धारित की, जहां सुनवाई के दिन दोनों पदाधिकारियों द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए गायत्री देवी के 73 डिसमिल जमीन को बिहार भूमि वेब पोर्टल पर डिजीटाईजेशन करने का निर्देश दिया। उस आदेश के फलस्वरूप गायत्री देवी के उस जमीन का ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत होना शुरू हो गया है। अपनी समस्या के समाधान के पश्चात अरविन्द कुमार सिंह ने जिलाधिकारी तथा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार कानून के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तव में यह कानून अत्यंत ही प्रभावकारी है। अनुमंडल से जिलास्तर तक जाते जाते ही हर शिकायत की समुचित सुनवाई के पश्चात न्याय जरूर मिलता है। जिन भी लोगों को अपनी निवारण होने योग्य समस्या का समाधान कराना हो तो वे बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम कानून का लाभ अवश्य लें, इससे निश्चित तौर पर लाभ मिलता है।

## पंचायत के विकास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। जमालपुर प्रखंड के ईटहरी पंचायत में 02अक्टूबर, गांधी जयंती के पावन अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में पंचायत के मुखिया स्वेता कुमारी उपमुखिया सरपंच, पंचायत सचिव, कार्य पालक सहायक, वार्ड मेंबर, आशा फैसिलिटेटर, आशा, शिक्षक पिरामल फाउंडेशन के रजनीश सफाई कर्मचारी, सेविका, जीविका, पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामीण, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर मुखिया ने कहा ग्राम सभा का मुख्य कार्य ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं को स्वीकृति देना, पंचायत की गतिविधियों की समीक्षा करना, और ग्रामीण समुदाय के समग्र विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास योजनाओं जैसे मनरेगा, सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली, स्वच्छता अभियान, स्वस्थ पंचायत, भुमिगत कार्य आदि के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। मुखिया ने कहा कि ग्रामीण अपने मुद्दों, जरूरतों और समस्याओं को पंचायत के सामने रखे। सभी लोगो ने मिलकर आदर्श पंचायत और संपूर्ण सहयोग देने के लिए शपथ लिया गया।

## नवरात्र हिंदू धर्म का पावन पर्वः प्रो. गौरी शंकर

### भारत में तीन महाशक्तियां हैं -धन की देवी लक्ष्मी, विद्या की देवी सरस्वती और शक्ति की देवी दुर्गा













प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- गुरुवार 3 अक्टूबर को नवरात्र के प्रथम कलश स्थापना (घटस्थापना) का शुभ दिवस है, जिसका विशेष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। कलश स्थापना की पूर्व संध्या पर कुमार कालिका मेमोरियल कॉलेज (जमुई) के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि नवरात्र हिंदू धर्म का सबसे पावन पर्व है। यह दिवस मां दुर्गा की आराधना की शुरूआत का प्रतीक है। नवरात्रि (नौ रातें) के इन नौ अवधियों में देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। मुख्य रूप से नवरात्र शक्ति उपासना का ही व्रत है। शक्ति उपासना का संदेश है या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमोः।। नवरात्र में नियमित परायण का विशेष महत्व है। इससे भक्तों को शक्ति, समृद्धि और विद्या तीनों की प्राप्ति होती है। भारतवर्ष में तीन महा शक्तियां हैं-धन की देवी लक्ष्मी, विद्या की देवी सरस्वती और शक्ति की देवी दुर्गा। धन, विद्या व पावर पाने के लिए विश्व के देश किसी न किसी वस्तु की पूजा अर्चना अवश्य करते हैं। दुर्गा का हर रूप स्त्री शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व संदेश देता है कि स्त्री न केवल मातृत्व और करुणा का स्त्रोत होती हैं, बल्कि आवश्यक होने पर अत्याचारी शक्तियों को परास्त करने वाली शक्ति भी है। मां दुर्गा का प्रथम रूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं। यह संयम और साहस की प्रतीक हैं। पृथ्वी को बचाने और पर्यावरण संरक्षण हेतु माता दुर्गा इस रूप में शुंभ निशुंभ जैसे दैत्यों का वध किया था। दुर्गा को प्रकृति देवी भी कहते हैं। इनसे हमें जीवन की कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। प्रो.पासवान ने कहा कि ब्रह्मचारिणी दुर्गा माता का दूसरा रूप है। यह रूप शक्ति और भक्ति भाव का प्रतीक है। मां दुर्गा ब्रह्मचारिणी के रूप में हमें तपस्या और साधना का संदेश देती हैं। इनसे हमें संयम आत्मनियंत्रण और अनुशासन की सीख मिलती है। चंद्रघंटा के रूप में मां दुर्गा अद्भुत तेज और शक्ति का प्रतीक हैं। ये शौर्य और साहस की देवी हैं। यह हमे संघर्षों में विजय श्री प्राप्त करने के लिए शक्ति और साहस का उपयोग करना सिखाती हैं। मां दुर्गा का चौथा रूप कुष्मांडा का है। कुष्मांडा को सृष्टि की रचना करने वाली मां के रूप में जाना और पूजा जाता है। कहते हैं कि उनके आंतरिक प्रकाश से ही ब्रह्मांड का निर्माण हुआ है। इनसे हमें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और जीवन में नई संभावनाओं को जन्म देने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। यह भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता हैं। ये प्रेम और ममता की सूचक हैं इन्हें मातृत्व और करुणा की देवी कहा जाता है। भक्तों को स्नेह और आशीर्वाद देती हैं। यह हमें निःस्वर्थ प्रेम और समर्पण की भावना से जीवन जीने की संदेश देती है। मां दुर्गा कात्यायनी के रूप में ऋषि कात्यायन के घर प्रकट हुई थीं। कात्यायनी न्याय और साहस की देवी हैं। यह हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं। मां दुर्गा का सातवां रूप कालरात्रि का है। कालरात्रि का रूप अत्यंत भयानक है। लेकिन भक्तों के लिए शुभ है। इस रूप में मां काल और राक्षसों का नाश करती हैं। यह हमें आंतरिक और बाहरी अंधकार को समाप्त करने का संदेश देती हैं। मां दुर्गा का आठवां स्वरूप महागौरी का है। ये शांति और पवित्रता की देवी हैं। इनसे हमें शुद्धता, शांति और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। सरस्वती अर्जुन एकलव्य महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा सनातन धर्म का महान पर्व और पवित्र व्रत है। मां दुर्गा का अंतिम और नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री का है। यह सिद्धि और ज्ञान की देवी हैं। हमें सिद्धियां प्रदान करती हैं। भक्तों को आशीर्वाद देती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती हैं। आंतरिक ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ जीवन में सफलता प्राप्त करने का संदेश देती हैं। दुर्गा के इन नौ रूपों से साहस , साधना, शौर्य, शक्ति, न्याय, शांति, और सिद्धि-ज्ञान जैसे देवोपम गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती हैं। अतः भक्तों को मां दुर्गा का 9 दिनों तक चलने वाले महाव्रत का तन मन से पवित्रता और श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना एवं साधना करना चाहिए। इससे श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है।

## पूर्व मंत्री सह वर्तमान क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मनाई गई जयंती



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार को नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित गांधी चौक पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह वर्तमान क्षेत्रीय जदयू विधायक दामोदर रावत की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। विधायक के अलावे बरनवाल समाज के अध्यक्ष गोपाल बरनवाल, बलवंत सिंह, कालिका बरनवाल सहित उपस्थित लोगों ने बापू की तस्वीर एवं प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए उन्हे याद किया। मौके पर विधायक ने राष्ट्रपिता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी में गांधी जी के द्वारा जो योगदान दिया गया उसे देशवासी हमेशा याद करते रहेगें। उन्होंनें छुआछूत को एक अभिशाप बताया और कहा था कि छुआछूम हमारे समाज को खोखला कर रहा है। उन्होंनें देशवासियों को संदेश दिया था कि सत्य और अंहिसा के मार्ग पर चलकर ही महान राष्ट्र का निर्माण कर सकते है। देश की गरीबी, अशिक्षा और भेदभाव से मुक्त करने की बात कि थी जो आज वर्तमान समय में केंद्र और बिहार राज्य की सरकार बापू के बताए गए मार्ग पर देश को विकसित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। विधायक ने आगे कहा कि आज देश विकसित हो रहा है जहां सभी तरह के भेदभाव, छुआछूत को मिटाकर एक सौहादपूर्ण समाज का निर्माण हो रहा है। मौके पर अन्य उपस्थित वक्ताओं ने भी बापू की जीवनी पर प्रकाश डाला।

## राजद का धरना मुद्दा विहीन : जदयू प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर जिला जनता दल यू के जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा दिए गए धरना को सुपर फ्लॉप बताया और जनता ने धरना से दूरी बनाए रखा। प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने कहा की राजद के पास बिहार में कोई मुद्दा नहीं है मुद्दाविहीन विपक्ष अनाप-शनाप बातों पर जनता को दिगभ्रमित करने का काम कर रही है विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के राज 1990 से 2005 तक बिहार में बिजली कितना मिनट कितने घंटा मिलती थी आज बिहार में 24 घंटा बिजली उपलब्ध है आज बिहार में 9000 मेगावाट से ज्यादा बिजली खपत हो रही है लालू राबड़ी राज में पूरे बिहार में 1000 से 1200 मेगावाट बिजली उपयोग होती थी पहले लोग बिजली का उपयोग करके बिजली बिल का भुगतान भी नहीं करता था लेकिन आज पहले भुगतान तब आप बिजली का उपयोग करेंगे इससे राजद समर्थित लोगों को बेचैनी छा गई है जिसको की फ्री में बिजली जलाने की पूर्व में आदत रहा है वैसे लोग ही आज विरोध कर रहे हैं, प्रवक्ता रघु ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिजली उपभोक्ता को 15,337 करोड रुपैया अनुदान के रूप में देने का काम किया है अब तक 50 लाख घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया गया है और लक्ष्य सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का है। वहीं जमीन सर्वे के नाम पर राजद के नेता आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं जमीन सर्वे पर अनाप-शनाप बयान बाजी दे रहे हैं जो सरासर गलत है अब तक बिहार के 40 लाख रैयतों ने ऑनलाइन के माध्यम से एवं ऑफलाइन के माध्यम से अपना अपना दस्तावेज जमा किया है और लोग कागजात मजबूत करने में लगे हैं लेकिन राजद समर्थित गुंडे माफियाओं ने जिसका धंधा है सरकारी जमीन को अवैध कब्जा कर बेचना दूसरे के जमीन को अपना जमीन बताना जबरदस्ती दूसरे के जमीन को बेचना वैसे लोग जो अब तक पूरे बिहार में 52 हजार एकड़ जमीन कब्जा जमाए हुए हैं वैसे लोग जमीन सर्वे के मामले में अनाप-शनाप बयान बाजी देकर जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं जमीन सर्वे से आम जनता को फायदा हो रहा है बिहार सरकार जमीन मालिकों के साथ खड़ी है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट कहना है जमीन सर्वे में रैयतों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो रैयतों को सभी परेशानी को दूर करके ही जमीन सर्वे का काम सफल होगा। प्रवक्ता मनोज रघु ने बताया की बिहार में जमीनी विवाद के कारण ही घटना बढ़ती जा रही है जिसको रोकने के लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं एनडीए सरकार ने जमीन सर्वे का काम प्रारंभ किया है जिससे विपक्ष को बेचैनी छा गई है आज संपूर्ण बिहार में बाढ़ आया है विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र भी भी लोग बाढ़ से परेशान है और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव जी विदेश दौरा कर रहे हैं जिससे साफ जाहिर होता है की राजद के लोगों को जनता से कोई मतलब नहीं है ,वह आज जनता के नाम पर जनता के लिए अपना दर्द बयां कर रहे हैं ऐसे लोगों को समय पर जनता सबक सिखाएगी ।

## योगदान देने वाले सफाईकर्मी और स्कूली बच्चों को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बुधवार की नगर परिषद कार्यालय झाझा परिसर स्थित रैन बसेरा आश्रय स्थल में सफाईकर्मी और स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति योगदान देने को लेकर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर नप के ईओ डॉ.जर्नादन प्रसाद वर्मा, उपमुख्य पार्षद विपीन कुमार, समाजसेवी राजीव कुमार यादव, स्वच्छता अवशिष्ठ पदाधिकारी मोनिका कुमारी ने स्कूली बच्चों को पाठय सामग्री तथा सफाईकर्मी को वस्त्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित पदाधिकारी, समाजसेवी, उपमुख्य पार्षद ने सफाईकर्मी को संबोधित करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाते हुए सुंदर नगरक्षेत्र बनाने में सफाईकर्मी का बड़ा योगदान है। एक तरफ जहां लोग अहले सुबह घर पर रहते है तो दूसरी ओर सफाईकर्मी सुबह चार बजे से ही नगर क्षेत्र में अपने कार्यो में जुट जाते है। समाजसेवी राजीव कुमार यादव ने सफाईकर्मी को संबोधित करते हुए कहा कि आज कई लोग सफाईकर्मी को कई तरह के अफवाह की बाते सुनाकर उसे अपने कार्यो से भटकाना चाहते है लेकिन अगर सफाईकर्मी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वे सीधे नप कार्यालय में मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद के पास आकर अपनी समस्या को रखे ताकि हमलोग मिलकर उन समस्याओं का समाधान कर सके। वही स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के कार्य की सराहना किया।

## दुर्गा पुजा को लेकर शान्ती समिति कि बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर) ।बरियारपुर थाना परिसर में दुर्गा पुजा त्योहार को लेकर शान्ती समिति बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड बिकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी ने किया। मंच संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बीरभद्र सिंह ने किया ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि सभी पुजा पंडाल संचालकों से गुजारिश है कि मेला संचालन के लिए पर्याप्त स्वयं सेवक को आप अपना परिचय पत्र गले मे लगाने का निर्देश देने को कहा गया है। सभी का पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आबेदन करे ।एक फोटो थाने मे रहेंगे ।अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय के साथ साथ एक गले मे रहेगी जिसे हम किसी भी प्रस्थिति में उनका जॉच हो सके। सभासद द्वारा महिला वल के मांग पर बताया गया कि आप स्वंग सेवक को भी बैज बिल्ला उपलब्ध कर सकते है। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों के साथ साथ पुजा पंडाल संचालक ने भी अपना प्रस्ताव रखा करहरिया पश्चिम पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, करहरिया पुर्वी पंचायत के मुखिया नन्दलाल मंडल, नीरपुर पंचायत के मुखिया मृतुन्जय शर्मा ऊर्फ मुन्ना, युधिष्ठिर शर्मा, भाजपा मुकेश कुमार सिंह, जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्णदेव मंडल जदयू प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश मंडल, जदयू युवा मोर्चा चन्द्र दिवाकर, बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनय कुमार गुड्डू, पडिया पंचायत के प्रतिनिधि श्याम कुमार चौधरी, तथा बरियारपुर थाना के तमाम पदाधिकारी व वल उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155 वीं जयंती पर स्वच्छता चैंपियंस को सम्मानित




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश के द्वारा 02 अक्टूबर बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वीं जयंती के शुभ अवसर पर जिला समाहरणालय के प्रांगण में अवस्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । गांधी जयंती की शुभ अवसर पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा संवाद कक्ष में स्वच्छता ही सेवा है 2024 के आलोक में सम्मान समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता राजनीतिक स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है ' उनके इस विचार को साकार करने के लिए स्वच्छता ही सेवा है अभियान की शुरूआत की गई ' इस अभियान का उद्देश्य न केवल हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाना है बल्कि स्वच्छता को हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना भी हैं ' इसलिए आज यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज हम स्वच्छता ही सेवा समारोह अभियान 2024 मना रहे है । जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने कहा कि यहां उपस्थित सभी की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को सफल बनाया है ' विभिन्न स्थानों पर जन भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से रेलियाँ, कार्यशालाएं और स्वच्छता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए ' स्वच्छता के लिए नागरिकों ने श्रमदान किया तथा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा का भी ध्यान दिया गया । जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा के द्वारा इस अभियान के सम्मान समारोह में उन सभी स्वच्छता चैंपियंस को सम्मानित किया गया जिन्होंने स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया है ' इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को स्वच्छता ही सेवा है की शपथ दिलाई गई । इस सम्मान समारोह में अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी , जिला परिवहन पदाधिकारी , अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी समेत जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे ।

## स्वच्छता के प्रति रेलवे के अलग अलग विभागों में रेलकर्मियो ने किया श्रमदान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर रेलवे स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय के सीएचआई गिरीश कुमार सिंह की अगुवाई में रेलवे स्टेशन, मेमूकार शेड, रनिंग रूम सहित अन्य रेलवे कार्यालय परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे अलग अलग विभाग के स्थानीय अधिकारी, रेलकर्मी ने भी अपना योगदान दिया। रेलवे स्टेशन सहित अन्य रेलवे कार्यालय परिसर में अधिकारी, रेलकर्मी ने हाथों में झाडू थामकर साफ-सफाई किया और उपस्थित रेलकर्मियों ने गांधी जयंती पर यह शपथ भी लिया कि स्वच्छता बनाए रखना हमलोगों की पहली प्राथमिकता होगी। सीएचआई ने रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए रेलवे परिसर, गाड़ियों में स्वच्छता के प्रति ध्यान देने के लिए कहा। उन्होनें रेलयात्रियों से कहा कि रेलवे स्टेशन परिसर या गाड़ियों मे खान पान की बची सामग्री या अन्य तरह की कोई गंदगी न फैलाए बल्कि उन्हे डस्टबीन में डाले क्योकि रेलवे की स्वच्छता बनाए रखना सभी लोगों की जिम्मेवारी है।

## 07 अक्टूबर को होगा गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का आगाज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर के सुप्रसिद्ध दशहरा पर्व के अवसर पर लगनेवाले मेले में हर वर्ष की भांति कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव 07 एवं 08 अक्टूबर को आयोजित होगा। बतातें चले कि इस बार सांस्कृतिक महोत्सव में 07 अक्टूबर को बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायिका आदिति पॉल सहित अन्य कलाकारों द्वारा आकर्षक गीत संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। वहीं 08 अक्टूबर को म्युजिकल ग्रुप निजामी बंधु द्वारा महोत्सव की शोभा को बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का आगाज संध्या 06 बजकर 30 मिनट से रात्रि 09 बजे तक होगा। वहीं संबंधित कार्यक्रम जिला प्रशासन के देखरेख में सम्पन्न करवाया जाएगा।बताते चलें कि भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह के द्वारा भी लगातार तीन वर्षों तक गिद्धौर दुर्गा पूजा में गिद्धौर महोत्सव का आयोजन करवा इस इलाके के सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य किया इस सांस्कृतिक महोत्सव में देश विदेश के नामचीन कलाकारों ने गिद्धौर की धरती पर आकर अपने संगीत के फन का अनोखा संगम प्रस्तुत किया।उस समय गिद्धौर महोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाता था, जिसे देश विदेश के लोग देखते थे, गिद्धौर के दशहरा पर्व की पहचान विदेशी धरती पर भी हुई थी, दिवंगत पूर्व केंद्रीय दिग्विजय सिंह के निधन के उपरांत गिद्धौर महोत्सव मनाने की परंपरा लगभग बंद हो गयी थी

## नशे में सरकारी स्कूल के शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

### आरोपी शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेवा में है सहायक शिक्षक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर पुलिस ने एक सरकारी शिक्षक को शराब के नशे में गिरफ्तार कर जेल भी दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि सोमवार की देर रात उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेवा के सहायक शिक्षक विकास कुमार राव को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान मुंह से शराब की बदबू आने पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें काफी मात्रा में शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद थाना लाकर उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि शिक्षक शराब पीने में दूसरी बार जेल गया। आरोपी शराबबंदी के बाद अब तक दो बार जेल जा चुका है। मालूम हो कि शिक्षक को शराब के नशे में गिरफ्तार होने की यह पहली घटना नहीं है। लेकिन अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया जाता है। बोले अभिभावक-संस्कारहीन शिक्षक कैसे दे पाएंगे अच्छे संस्कार शराबी शिक्षकों के पकड़े जाने के बाद जब अभिभावकों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने का जिम्मा एक शिक्षक पर होता है। यदि शिक्षक नशा का सेवन करें और नशे की हालत में स्कूल आए तो स्थिति क्या होगी। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इससे बच्चों पर गलत असर पड़ेगा। बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दिलवाने के लिए हमलोग उसे स्कूल भेजते हैं। लेकिन जब गुरुजी ही संस्कारहीन होंगे तो वे बच्चों को क्या अच्छे शिक्षा संस्कार देंगे। देश का भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी इन शिक्षकों पर होती है।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, गुरुवार, 03 अक्टूबर, 2024

सम्पादकीय

## हिन्दू धर्म के प्रमुख पवित्र त्योहारों में से एक है नवरात्रि : सुनील कुमार



ॐ जयन्ती मंगला काली भद्र काली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवाधात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते..!!
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

भक्ति और शक्ति की उपासना का पवित्र महापर्व नव दुर्गा पूजा, जिसे नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म के प्रमुख पवित्र त्योहारों में से एक है। इस पर्व की शुरूआत प्रत्येक वर्ष अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का पवित्र महापर्व 3 अक्टूबर 2024 (बृहस्पतिवार) से शुरू होकर 11 अक्टूबर 2024 (शुक्रवार) को समाप्त होगी तथा 12 अक्टूबर 24 (शनिवार) को दुर्गा विसर्जन होगा। यह पर्व नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और साधना को समर्पित होता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने अश्विन माह में दुर्दांत शक्तिशाली राक्षस महिषासुर से 09 दिनों तक युद्ध कर नवमी की रात्रि को उसका वध किया था, इसलिए इन 9 दिनों को शक्ति की आराधना के लिए अर्पित कर दिया गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस पवित्र पर्व में हर दिन मां भगवती दुर्गा जिन्हे आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है के अलग - अलग रूपों में से एक-एक रूप की पूजा व साधना की जाती है तथा विशेष मंत्रों का जाप किया जाता है। नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ नौ रातें होता है, और इन दिनों में भक्त उपवास रखकर शक्ति स्वरूपा मां देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना कर मातारानी की कृपा प्राप्त करने के लिए साधना करते हैं। भक्त घरों और मंदिरों में मां दुर्गा के नाम से भजन-कीर्तन करते हैं। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है, जिसमें नौ कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। मां भगवती नवदुर्गा के नौ रूप–शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री–प्रकृति के विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं, हर देवी के अलग - अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती हैं जिन्हें पापों की विनाशिनी कहा जाता है। इन नौ दिनों में प्रत्येक दिन मां देवी दुर्गा के एक विशेष रूप की पूजा व साधना की जाती है। यह पूजा देवी के विभिन्न स्वरूपों के गुणों और उनकी शक्तियों को समझने और उनके प्रति आस्था, भक्ति व सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम है :- 1. शैलपुत्रीः यह देवी का पहला रूप है। देवी शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं और इन्हें प्रकृति की देवी के रूप में पूजा जाता है। यह नारी शक्ति का प्रतीक हैं।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥

2. ब्रह्मचारिणीः दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, जो तपस्या और संयम की देवी हैं। उनकी पूजा से साधकों को आत्मबल और धैर्य की प्राप्ति होती है।

दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला-कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

3. चंद्रघंटाः तीसरा रूप चंद्रघंटा का है, जो शांति और वीरता का प्रतीक हैं। इनके माथे पर अर्धचंद्र है और यह अपने भक्तों को साहस और शांति का आशीर्वाद देती हैं।

पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

4. कूष्माण्डाः चौथा रूप देवी कूष्माण्डा का है, जिन्होंने ब्रह्मांड की रचना की। यह देवी ऊर्जा और शक्ति की देवी हैं, जो अपने भक्तों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं।

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

5. स्कंदमाताः पांचवां रूप स्कंदमाता का है, जो भगवान कार्तिकेय की माता हैं। यह मातृत्व और स्नेह का प्रतीक मानी जाती हैं और संतान की मंगलकामना के लिए पूजा जाता है।

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

6. कात्यायनीः छठा रूप कात्यायनी का है, जो महर्षि कात्यायन की पुत्री हैं। यह युद्ध और विजय की देवी मानी जाती हैं और उनके भक्तों को साहस और वीरता प्राप्त होती है।

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानव-घातिनी॥

7. कालरात्रिः सातवां रूप कालरात्रि का है, जो काले रंग की देवी हैं और सभी दुष्ट शक्तियों का नाश करती हैं। यह रूप अज्ञान और अंधकार को समाप्त करता है और जीवन में प्रकाश लाता है।

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

8. महागौरीः आठवां रूप महागौरी का है, जो अत्यंत श्वेत वर्ण की हैं और पवित्रता की प्रतीक मानी जाती हैं। इनके पूजन से भक्तों को सुख-समृद्धि और शांति मिलती है।

श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥

9. सिद्धिदात्रीः नवम और अंतिम रूप सिद्धिदात्री का है, जो सभी सिद्धियों की देवी हैं। यह भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियों और ज्ञान की प्राप्ति कराती हैं।

सिद्धगन्धर्व-यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।

## महिला सुरक्षा-दर्पण झूठ न बोले

महिला सुरक्षा व संरक्षण के जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है, धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो, जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के ह्यसत्संगह्ळ आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है। परन्तु हक़ीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है, वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है? कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी। इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं।

# 03 अक्टूबर कलश स्थापना - माँ शैल पुत्री की प्रथम पूजा होगी

पहला दिन - प्रथम अध्याय, दूसरा दिन - दूसरा, तीसरा और चौथा अध्याय
तीसरा दिन - पाँचवाँ अध्याय, चौथा दिन - छठा और सातवां अध्याय
पाँचवा दिन - आठवां और नौवां अध्याय, छठा दिन - दसवां और ग्यारहवां अध्याय
सातवाँ दिन - बारहवाँ अध्याय, आठवां दिन - तेरहवां अध्याय
नौवाँ दिन - प्राधानिक रहस्य, वैकृतिक रहस्य एवं मूर्ति रहस्य।





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
लेखक

शारदीय नवरात्र वृहस्पतिवार को कलश स्थापना और माँ शैल पुत्री की प्रथम पूजा से शुरू होगी। कलश स्थापना हमेशा पूजा घर के ईशान कोण में करना चाहिए। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्र शुरू होकर नवमी तिथि तक चलता है। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रपिदा तिथि यानि 03 अक्तूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। शारदीय नवरात्र के नौ दिन मैं माँ नवदुर्गा के नौ रूपों की पूजा होता है, जिसमें प्रतिपदा को माँ शैलपुत्री, दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा, चौथे दिन माँ कुष्मांडा, पांचवे दिन माँ स्कंदमाता, छठे दिन माँ कात्यायनी, सातवें दिन माँ कालरात्रि, आठवें दिन माँ महागौरी और नौवें दिन माँ सिद्धिदात्री की अराधना की जाती है। शैलपुत्री देवी दुर्गा के नौ रूप में पहले स्वरूप में जानी जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम ह्यशैलपुत्रीह्ळ है। नवरात्र-पूजन में प्रथम दिन इनकी पूजा और उपासना की जाती है। इस दिन योगी अपने मन को ह्यमूलाधारह्ळ चक्र में स्थित करते हैं और यहीं से उनकी उपासना और योग साधना का प्रारंभ होता है। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ किया। इस यज्ञ में प्रजापति दक्ष ने सारे देवताओं को अपना-अपना यज्ञ-भाग प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भगवान शंकर जी को आमंत्रित नहीं किया था। सती ने जब सुना कि उनके पिता एक अत्यंत विशाल यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं, तब वहाँ जाने के लिए उनका मन विकल हो उठा और उन्होंने अपनी यह इच्छा शंकर जी को बताई। सारी बातों पर विचार करने के बाद शंकर जी ने सती से कहा कि प्रजापति दक्ष किसी कारणवश हमसे रुष्ट हैं। अपने यज्ञ में उन्होंने सारे देवताओं को आमंत्रित किया है। उनके यज्ञ-भाग भी उन्हें समर्पित किए हैं, किन्तु हमें जान-बूझकर नहीं बुलाया है। कोई सूचना तक नहीं भेजी है। ऐसी स्थिति में तुम्हारा वहाँ जाना किसी प्रकार भी श्रेयस्कर नहीं होगा। शंकर जी के इस बात के बावजूद सती का पिता का यज्ञ देखने, वहाँ जाकर माता और बहनों से मिलने की, उनकी व्यग्रता कम नहीं हुई। उनका प्रबल आग्रह देखकर शंकर जी ने उन्हें वहाँ जाने की अनुमति दे दी। सती ने पिता के घर पहुँचकर देखा कि कोई भी उनसे आदर और प्रेम के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। सारे लोग मुँह फेरे हुए हैं। केवल उनकी माता ने स्नेह से उन्हें गले लगाया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव भरे हुए थे। परिजनों के इस व्यवहार से उनके मन को बहुत तकलीफ पहुँचा। उन्होंने यह भी देखा कि वहाँ चतुर्दिक भगवान शंकर जी के प्रति तिरस्कार का भाव भरा हुआ है। दक्ष ने उनके प्रति कुछ अपमानजनक वचन भी कहे। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। उन्होंने सोचा भगवान शंकर जी की बात न मान, यहाँ आकर मैंने बहुत बड़ी गलती की है। वे अपने पति भगवान शंकर जी के इस अपमान को सह न सकीं और उन्होंने अपने उस रूप को तत्क्षण वहीं योगाग्नि द्वारा जलाकर भस्म कर दिया। वज्रपात के समान इस दुःखद घटना को सुनकर शंकर जी ने क्रोध में अपने गणों को भेजकर दक्ष के उस यज्ञ का पूर्णतः विध्वंस करा दिया। सती ने योगाग्नि द्वारा अपने शरीर को भस्म कर, अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। शैलराज की पुत्री होने के करण सती ह्यशैलपुत्रीह्ळ नाम से विख्यात हुई। इसलिए इस रूप को प्रथम दिन माँ शैलपुत्री की पुजा होती है। नवरात्र में पाठ का प्रारम्भ प्रार्थना से करना चाहिए। उसके बाद दुर्गा सप्तशती किताब से सप्तश्लोकी दुर्गा, उसके बाद श्री दुर्गाष्टोत्तर शतनाम स्तोत्रम, दुर्गा द्वात्रि शतनाम माला, देव्याः कवचम्, अर्गला स्तोत्रम, किलकम, अथ तंत्रोक्त रात्रिसूक्तम, श्री देव्यर्थ शीर्षम का पाठ करने के बाद नवार्ण मंत्र का 108 बार यानि एक माला जप करने के उपरांत दुर्गा सप्तशती का एक-एक सम्पूर्ण पाठ करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति से यह सम्भव नही तो निम्न प्रकार भी पाठ कर सकते है। नवरात्र में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है। नवरात्रि में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है।

# विकास की दौड़ में पीछे छूटता आदिवासी बहुल केराचक्का गांव

**स्थानीय समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद कुर्रे कहते हैं कि पथरीली भूमि होने के कारण यहां खेती का विकल्प बहुत सीमित है। लोगों के पास जमीन के छोटे टुकड़े हैं। जिस पर इतनी फसल नहीं उगती कि उससे होने वाले अनाज से वर्ष भर उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। इसलिए जब खेती का समय नहीं होता है तो यहां का अधिकतर परिवार रोजगार के अन्य विकल्प तलाश करने के लिए पलायन कर जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। कुर्रे बताते हैं कि इस गांव का ऐसा कोई घर नहीं होगा जहां महिलाएं या किशोरियां कुपोषण की शिकार न हों।**





**छोटू सिंह रावत**
लेखक

छत्तीसगढ़ के सारगंढ-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर केराचक्का गांव आज भी कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित नजर आता है। गारडीह ग्राम पंचायत से महज दो किमी दूर स्थित इस गांव में 95 प्रतिशत आदिवासी समुदाय निवास करता है। जिसमें खैरवार और बरिहा समुदायों की बहुलता है। यहां लगभग 80 परिवार रहते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए एक टूटी फूटी कच्ची सड़क से होकर गुजरनी पड़ती है। बारिश के दिनों में कीचड़ से लबालब होने के कारण इस सड़क से होकर गुजरना लगभग नामुमकिन हो जाता है। इस दौरान न केवल गांव में आवागमन ठप्प हो जाता है बल्कि बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। खराब सड़क के कारण वर्षा के दिनों में बच्चों का स्कूल जाना आना रुक जाता है। इस संबंध में गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुनित लाल चौहान बताते हैं कि इस स्कूल में 23 बच्चों का नामांकन है। लेकिन वर्षा के दिनों में इक्का-दुक्का बच्चे ही पढ़ने आते हैं। गांव का रास्ता इतना खराब है कि बच्चों को स्कूल आने जाने में बहुत परेशानी होती है। वह कहते हैं कि वर्षा के दिनों में जब यहां की सड़क आम आदमी के चलने लायक नहीं होती है तो बच्चों से इससे गुजर कर स्कूल आने की आशा कैसे की जा सकती है? उनके अनुसार इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। अधिकतर अभिभावक वर्षा के दिनों में उन्हें स्कूल नहीं भेजते हैं। वह बताते हैं कि इस गांव से लोग रोजगार की तलाश में परिवार सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों और दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। इसलिए बच्चे स्कूल में नामांकित तो रहते है लेकिन नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते हैं। स्कूल के बगल में रहने वाले 35 वर्षीय गोकुल बताते हैं कि इस स्कूल में एक ही शिक्षक की नियुक्ति है। जिनके पास पढ़ाने से अधिक ऑफिस के कागजी काम को पूरा करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी होती है। जिसके कारण वह पूरा समय बच्चों को दे नहीं पाते हैं। वहीं रोजगार की तलाश में परिवार सहित पलायन बच्चों को शिक्षा से दूर कर देता है। आर्थिक समस्या के कारण परिवार भी शिक्षा के महत्व से दूर हो जाता है। केराचक्का गांव में ही ग्राम पंचायत गारडीह भवन स्थापित है। स्थानीय निवासी बद्री प्रसाद कहते हैं कि पंचायत चुनाव में यह गांव महिला आरक्षित सीट रही। जिस पर गारडीह गांव की श्यामबाई चौहान को निर्विरोध चुना गया था। गांव में समस्याओं पर बात करते हुए वह कहते हैं कि लोगों के पास रोजगार की कमी होने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। ग्राम पंचायत में भी महीने में एक बार राशन डीलर आता है उस दिन गांव वालों को राशन मिलता है। ग्राम पंचायत की बैठक भी काफी कम होती है। जिसके कारण गांव की कई समस्याएं समय पर पूरी नहीं हो पाती हैं। अधिकतर समय ग्राम पंचायत बंद होने के कारण लोगों के बहुत से काम समय पर पूरे नहीं हो पाते हैं। जिससे गांव वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बद्री प्रसाद कहते हैं कि जिला मुख्यालय से दूर दराज होने के कारण यह गांव विकास के दौड़ में बहुत पीछे छूट जाता है। विकास की सबसे प्रमुख कड़ी सड़क होती है, जिसका केराचक्का गांव में अभाव नजर आता है। वह कहते हैं कि केवल केराचक्का गांव ही नहीं बल्कि राज्य के महासमुंद, सारगंढ-बिलाईगढ़ और बलोदा बाजार के कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी पक्की सड़कें नहीं होने के कारण ये गांव विकास में बहुत पीछे रह गए हैं। स्थानीय समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद कुर्रे कहते हैं कि पथरीली भूमि होने के कारण यहां खेती का विकल्प बहुत सीमित है। लोगों के पास जमीन के छोटे टुकड़े हैं। जिस पर इतनी फसल नहीं उगती कि उससे होने वाले अनाज से वर्ष भर उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। इसलिए जब खेती का समय नहीं होता है तो यहां का अधिकतर परिवार रोजगार के अन्य विकल्प तलाश करने के लिए पलायन कर जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। कुर्रे बताते हैं कि इस गांव का ऐसा कोई घर नहीं होगा जहां महिलाएं या किशोरियां कुपोषण की शिकार न हों। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति से सबसे पहले महिलाओं और किशोरियों प्रभावित होती हैं। उन्हें उचित पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता है। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में अनाज तो मिल जाता है। लेकिन अन्य महिलाओं को यह उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस संबंध में केराचक्का गांव की सरपंच श्यामबाई चौहान से बात करने का प्रयास किया गया तो पता चला कि पंचायत संबंधी सारे काम उनके पति चन्दराम चौहान करते हैं। चन्दराम चौहान बताते है कि पंचायत में विकास के लिए पैसा ही नहीं आता है। जिसके कारण केराचक्का का विकास बहुत कम हुआ है। ग्राम पंचायत गारडीह में स्थानीय रोजगार और आदिवासी समुदाय के लोगो के पास खेती भी बहुत कम होने के कारण यहां से हर साल अलग अलग जगह पर लगभग 50 प्रतिशत से ज्यादा परिवार मजदूरी के लिए प्रवास कर जाता है। इस गांव से ज्यादातर परिवार ईट भट्टो पर काम करने अलग अलग राज्यों में जाते हैं। मनरेगा के संबंध में चन्दराम कहते हैं कि अभी यहां पर दो महीनों से ज्यादा समय से मनरेगा का काम बंद है जबकि इन्हीं माह मजदूर वापस गांव लौटते हैं। पंचायत की ओर से मनरेगा का काम शुरू करवाने के प्रयास करवाये जा रहे हैं ताकि यहां के जरूरतमंद परिवारों को रोजगार उपलब्ध हो सके। पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2028-29 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव में सड़कों के विकास के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपए को मंजूरी दी है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने भी 2024-25 के अपने बजट में गांव में सड़कों के सुधार के लिए सत्रह हजार 529 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह पिछले वित्त वर्ष से सात हजार करोड़ रुपए अधिक है। इससे राज्य के सभी गांवों की सड़कों की हालत को सुधारने पर जोर दिया जाएगा। गांव में सड़कों की हालत सुधरने से इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने की उम्मीद की जा सकती है। जिससे रोजगार के अवसर खुलने और पलायन को रोकने में मदद मिल सकती है। इससे न केवल केराचक्का बल्कि इसके जैसे अन्य गांवों के विकास को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

# वर्तमान भारतीय राजनीति की दिशा व दशा

**रमेश धवाला-**

असंख्य बलिदानों से जब देश स्वतंत्र हुआ तो हमारे तत्कालीन समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और राजनीति की समझ रखने वालों तथा शासन तंत्र की सुव्यवस्था के लिए कृतसंकल्प स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुरोधाओं ने बहुत विचार-विमर्श के बाद हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो बहुजनहिताय बहुजन सुखाय था। इसे भारत की जनता ने स्वीकार किया और तब से अब तक वही संविधान कदम-कदम पर पारदर्शी शासन चलाने के लिए हमारा मार्गदर्शन कर रहा है। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या हम आज भी इस संविधान की भावना के अनुकूल देश की दशा और दिशा तय कर रहे हैं या नहीं? ऊपरी तौर पर हम यह सोचने के लिए विवश हैं कि सीमाओं को लांघ कर भारतीय राजनीति में जो उद्दंडता, बाहुबल, धनबल आए हैं, इससे साफ सुथरी राजनीति जनता से हर रोज कोसों दूर जा रही है। कुछ विचारकों का तो यह मानना है कि अब भारतीय राजनीति का कुछ धन बल वालों और कुख्यात अपराधियों ने अपहरण कर लिया है! राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि प्रायः सभी बड़े दलों में जघन्य अपराधियों की भरमार है। भारतीय राजनीति में ईमानदार और देश के प्रति सच्ची निष्ठा रखने वाले लोगों के लिए जगह सिकुड़ती जा रही है। परिणाम यह है की आजादी का लाभ जो सबको मिलना चाहिए था, वह कुछ चाटुकार लोगों तक सीमित हो गया है। ये राजनीति के माहिर लोग अपने आसपास ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर लेते हैं कि शासन का प्रत्येक अंग उनका गुलाम बन कर रह जाता है। वस्तुस्थिति तो यही है। प्रभावी सूचना तंत्र अब इतना सशक्त हो गया है कि ये लोग बड़े ही सहज ढंग से मीडिया के दुरुपयोग से रात को भी दिन कहकर भारतीय जनता को भ्रमित कर सकते हैं। सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक दल ऐसे लुभावने नारे दे रहे हैं और रेवडिां बांट रहे हैं कि जनता के बीच काफी लोग मुफ्तखोर हो गए हैं। इसका दुष्परिणाम यह है कि समाज में एक बहुत बड़े तबके में मेहनत करने में रुचि कम हो रही है और वे सरकार की मुफ्त की योजनाओं के लाभ की प्रतीक्षा करते रहते हैं। इस प्रवृत्ति ने राज्यों को आर्थिक दृष्टि से पंगु बना दिया है। सामाजिक सरोकारों की पूर्ति के लिए प्रयत्न हर राज्य को करना चाहिए, किन्तु जनता को निठल्ले बनाने वाले यह लोकलुभावन कार्यक्रम न तो सरकार को अपनाने चाहिए और न ही जनता को इसको प्रोत्साहित करना चाहिए कि लोग बिना काम के ही जिंदगी बसर करने की आदत बना लें। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है जो करोड़ों के कर्ज में न डूबा हो। बिजनेस स्टैण्डर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 2023-24 के अंत में अपने ऋण को उनके संबंधित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 35 प्रतिशत को पार करने का अनुमान लगाया है। बारह राज्य-अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। आर्थिक तंगी से उबरने के लिए राज्यों को व्यावहारिक निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसके अलावा हमारे देश की एक ज्वलंत समस्या है देश की बढ़ती हुई आबादी। हमारे देश में हर वर्ष एक ऑस्ट्रेलिया पैदा हो जाता है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो अगले कुछ वर्षों में अनाज तो छोड़ें, पीने को पानी तक नहीं मिलेगा। हर क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन अब चरम सीमा तक पहुंच गया है। जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत को संसाधनों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधनों का तेजी से उपयोग किया जा रहा है और इसकी उपलब्धता में कमी के कारण इनका शोषण हो रहा है। भूमि उपलब्धता और जल संसाधनों के संबंध में भी कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं। भारत में जनसंख्या सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया जाने वाला मुद्दा है। आज हम संसाधनों की कमी देख रहे हैं और अधिक लोगों को उन संसाधनों की आवश्यकता के कारण हर जगह संघर्ष कर रहे हैं। गरीबी, अशिक्षा, यातायात जाम और भुखमरी जैसी समस्याओं का एक मूल कारण बढ़ती जनसंख्या है। कोई भी राजनीतिक दल इसे अपने एजेंडे के रूप में नहीं रखना चाहता क्योंकि कई समुदाय इस मुद्दे का विरोध करेंगे और यह एक राजनीतिक पार्टी के वोट बैंक को प्रभावित कर सकता है। लेकिन देश हित में आबादी पर नियंत्रण और समान नागरिक संहिता आज इस देश की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म,आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा।भगवान बाजार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.आरोपी की पहचान नई बाजार बड़ी मस्जिद निवासी स्व. हीरा लाल प्रसाद के पुत्र दिलीप प्रसाद के रूप में हुई है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर कांड संख्या 511/24 के तहत आरोपी पर 64 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 4/6 के तहत मामला दर्ज किया गया है गिरफ्तारी की यह कार्रवाई भगवान बाजार थाना के सह-थानाध्यक्ष पु.नि. सुभाष कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें प्र.पु.अ.नि. प्रिया कुमारी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.पुलिस ने बताया कि घटना के अन्य पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और इस संबंध में आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

### बाढ़ पीड़ितों को भोजन शुद्ध पेयजल, शौचालय व प्रकाश की व्यवस्था हो : उपमुख्यमंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जयसवाल के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पुनाच एवं मलय गांव का दौड़ा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से हाल चाल ली। जहा बाढ़ पीड़ितों ने डिप्टी सीएम से प्रशासन को ओर व्यवस्था के नाम पर कोताही बरतने की शिकायत की। यह सुनकर श्री चौधरी प्रशासन पर भड़क उठे। उन्होंने मौजूद एसडीओ उमेश कुमार भारती एवं सीओ अभिषेक आनंद से कहा कि आपकी व्यवस्था से हम खुश नही है। आप कोई बाढ़ पीड़ितों पर कृपा नहीं कर रहे है।शाम तक यदि व्यवस्था में सुधार की रिपोर्ट नहीं आती है। तो कारवाई निश्चित है। उन्होंने एसडीओ से बाढ़ पीड़ितों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,प्रकाश की

# लायंस क्लब ऑफ छपरा और रेड क्रॉस सोसाइटी ने आयोजित किया रक्तदान और स्वास्थ्य जाँच शिविर

● 530 बच्चों को मिली मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएँ

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ छपरा और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में सीपीएस कैंपस में एक विशेष रक्तदान और स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और 530 से अधिक बच्चों को मुफ्त स्वास्थ्य जाँच की सेवाएँ प्रदान की गईं।

शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अमन समीर और डीडीसी यतेंद्र कुमार पाल की उपस्थिति में हुआ।इस दौरान लायंस क्लब और रेड क्रॉस सोसाइटी के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. एच.के. वर्मा, जिनात जरिन मसीह, सुरेश प्रसाद सिंह, किरण ओझा और सहजाद आलम प्रमुख थे।

कार्यक्रम के दौरान जिला अधिकारी अमन समीर, ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गांधी जी का अहिंसा का सिद्धांत और शास्त्री जी का ह्लजय जवान, जय किसानह्व का नारा हमें आज भी प्रेरित करता है। उन्होंने सभी से इन महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

सभी अतिथियों का सम्मान डॉ. हरेन्द्र सिंह (सीपीएस ग्रुप) और प्राचार्य मुरारी सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ और माला के साथ किया गया। मंच संचालन लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह ने किया।

इस आयोजन में लायंस क्लब के चिकित्सको डॉ. महेश्वर चौधरी (जनरल फिजिशियन), डॉ. राज कुमार सिंह (डेंटल सर्जन), डॉ. उज्वल कुमार वर्मा (ऑर्थोपेडिक), और डॉ. इशिका सिन्हा (शिशु रोग विशेषज्ञ), सचिव राकेश मिश्रा, अश्विनी परमार, अमन राज, प्रणव की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने अपनी सेवाओं से कार्यक्रम को सफल बनाया।

शिविर में आए बच्चों के अभिभावकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज को अत्यंत लाभ होता है। लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# ट्रेन के उपर बिजली का तार टूटकर गिरने के कारण पैसेंजर ट्रेन एक घंटे रुकी



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर और पनियहवा स्टेशन के बीच सालिकपुर से पहले दिल्ली कैंप के पास गोरखपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन पर अचानक ओवरहेड बिजली का तार गिर गया।जिसके कारण ट्रेन लगभग 1 घंटे तक मौके पर खड़ी रही। हालांकि, किसी प्रकार की जान-माल की हानि की सूचना नहीं है।बताया जा रहा है की गाड़ी संख्या 05457 गोरखपुर के तरफ जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। इसके बाद इस गाड़ी के ड्राइवर ने इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दिया। रेलवे प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए मेंटनेंस टीम को घटनास्थल पर बुलाया, और थोड़ी ही देर में टावर वैगन मौके पर पहुंच गई। आरपीएफ बगहा चौकी प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवरोध का कारण एक बंदर की अचानक छलांग थी, जिसके कारण ओवरहेड वायर टूट गई और ट्रेन सेवाओं में बाधा उत्पन्न हुई। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण 15706 और 05046 नंबर की दो अन्य ट्रेनों को पनियहवा स्टेशन पर रोका गया। इस घटना के बाद, रेलवे प्रशासन ने नरकटियागंज और कप्तानगंज से टावर वैगन को बुलाया। मेंटनेंस टीम ने जल्द ही टूटी हुई ओवरहेड वायर की मरम्मत का कार्य पूरा किया और ट्रेन का परिचालन दोबारा शुरू कर दिया। इस घटना के कारण यात्री थोड़ी देर के लिए परेशान जरूर हुए, लेकिन रेलवे के त्वरित और प्रभावी कदमों की वजह से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। घटना के चलते प्रभावित ट्रेनें करीब एक घंटे तक रुकी रहीं, लेकिन जैसे ही मरम्मत का कार्य पूरा हुआ, ट्रेन सेवाएं पुनः सुचारू हो गईं। बतादे कि घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन ओवरहेड वायर के गिरने से ट्रेन के अचानक रुक जाने के कारण कुछ समय के लिए यात्रियों में भय और असहजता का माहौल बन गया।

# जिलाधिकारी ने गाँधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

## अहिंसा के सिद्धांत ने जन-जन में एक अद्भुत क्रांति ला दी :डीएम



प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। महात्मा गाँधी की 155 वीं जयंती के अवसर पर आज जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में गाँधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा भारत की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। जिला मुख्यालय बेतिया के हरिवाटिका चौक अवस्थित गाँधीजी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय सहित अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने भितिहरवा गाँधी आश्रम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही गाँधी स्मारक संग्रहालय का अवलोकन भी किया। इस क्रम में आश्रम परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

माल्यार्पण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में महात्मा गाँधी की अत्यंत ही सराहनीय भूमिका रही है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत ने जन-जन में एक अद्भुत क्रांति ला दी। गाँधीजी हमेशा कहा करते थे कि किसी भी तरह के विरोध का मार्ग हिंसात्मक नहीं हो सकता है। अहिंसा में जो शक्ति है, उसकी जगह हिंसा कभी भी नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा कि चंपारण सत्याग्रह ने ही मोहनदास करमचंद गाँधी को महात्मा बना दिया। उन्होंने कहा कि कमाल के थे महात्मा गाँधी, जिनके बिना शस्त्र उठाए ही चल पड़ी आंधी और देश को आजादी मिली।

इस अवसर पर उपविकास आयुक्त सुमित कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी स्कूली बच्चे एवं आमजन उपस्थित थे।

# नगरा में गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा रैली का आयोजन किया गया



प्रातः किरण संवाददाता

नगरा।गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मचारियों और सेविकाओं द्वारा बुधवार को नगरा में ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व रैली का आयोजन किया गया.इस रैली का उद्देश्य स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना था.रैली के दौरान सेविकाओं को समाज में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई.इस मौके पर राष्ट्रीय पोषण मिशन के प्रखंड समन्वयक सद्दाम हुसैन ने कहा की स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से लोगों को यह संदेश देना है कि स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, बल्कि मानसिक और आंतरिक स्वच्छता भी महत्वपूर्ण है.यह समाज के अस्तित्व और उसकी प्रगति के लिए अनिवार्य है.रैली में महिला पर्यवेक्षिका प्रिया राज,शिखा कुमारी,ज्योति कुमारी,सेविका गायत्री देवी,निर्मला देवी,सविता देवी,निभा देवी,यास्मीन खातून,अनिता देवी,पूनम देवी,मधु कुमारी ,मंजू कुमारी,नीतू देवी ,ममता कुमारी ,सरोज कुमारी ,सरोज देवी ,नीलम कुमारी ,आरती देवी ,शहनाज प्रवीण , समेत पूरे प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका सहित कई अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे.

# महात्मा गांधी जयंती पर स्कूली बच्चों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

● विद्यार्थियों ने की स्कूल परिसर की साफ सफाई



बगहा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्कूली बच्चों ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।साथ ही इस अवसर पर बहुउद्देशिये कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ।बगहा समेत वाल्मीकिनगर में भी गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।वाल्मीकिनगर स्थित सनजेवीयर स्कूल के बच्चों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्कूल परिसर समेत आसपास फैले कचरों की साफ सफाई की। स्कूल एमडी अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद आयोजित कार्यक्रम के दौरान बापू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को विस्तृत रूप से चित्रण कर बच्चों को बताया गया।छात्रों ने भी इस अवसर पर उनके जीवन पर आधारित कई प्रसंग की बातें कार्यक्रम के दौरान की। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ पर्यावरण के साथ शारीरिक, मानसिक और वैचारिक स्वच्छता के पक्षकार थे महात्मा गांधी:गरिमा

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने गांधी जयंती के पुनीत मौके पर नगर में चंपारण सत्याग्रह के यादगार धरोहर पिंजरापोल परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समारोह पूर्वक माल्यार्पण किया। नगर निगम के द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन समारोह में श्रीमती सिकारिया कहा कि राष्ट्रपिता के रूप में सम्मानित महात्मा गांधी जी स्वच्छ पर्यावरण के साथ शारीरिक, मानसिक और वैचारिक स्वच्छता के पक्षकार थे। अपने नगर निगम का यह पिंजरा पोल गौशाला बापू की पवित्र कृतित्व का यादगार स्मृति स्थल और धरोहर है। इसी को लेकर हमारे नगर निगम बोर्ड ने यहां के प्रतिमा स्थल को यादगार धरोहर के रूप विकसित करने और सौंदर्यीकरण की एक महत्वाकांक्षी योजना को पारित किया है। मौके पर रवि गोयनका, संजय झुनझुनवाला, सुरेश सिंघानिया, प्रेम सोमानी, संजय जैन, अनूप टेकरीवाल, सोनू अग्रवाल, प्रभु जी इत्यादि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर आज जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत दिवस ह्लस्वच्छता ही सेवा-2024ह्व के शुभ अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) से हुई।साइकिल रैली में हजारों की संख्या में जिलास्तरीय अधिकारी, कर्मी सहित स्थानीय नागरिक एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली महाराजा स्टेडियम से प्रारंभ हुई जो कविवर नेपाली पथ, जनता सिनेमा चौक, मुहर्रम चौक होते हुए समाहरणालय में आकर समाप्त हुआ।

इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता शपथ दिलाया एवं मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति समाज को स्वच्छता संदेश दिया गया।

जीविका दीदियों ने स्वच्छ भारत मिशन के लोगो एवं गाँधीजी पर आधारति रंगोली का निर्माण किया गया एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान का संचालन किया गया।

तदुपरांत समाहरणालय सभागार में महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय अंतर्गत संचालित दिनांक-17.10.2024 से 02.10.2024 तक स्वच्छ ही सेवा-2024 ह्लस्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताह्व के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को जिला जल स्वच्छता समिति पश्चिम चंपारण, बेतिया द्वारा सम्मानित किया गया।

इस क्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गौनाहा, श्री शिवजन्म राम, श्री मनोज कुमार पंडित-प्रखण्ड भितहां एवं श्री सूरज कुमार अधिसूचित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बेहतर नेतृत्व में कार्य करने एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण में उत्कृष्ट प्रगति हेतु प्रसस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही योगापट्टी प्रखण्ड के डुमरी पंचायत की मुखिया श्रीमती आरती कुमारी, प्रखण्ड बगहा-2 के पंचायत मंगलपुर अवसानी के मुखिया श्रीमती ह्रदया देवी एवं भितिहरवा पंचायत की मुखिया श्रीमती मुन्नी देवी ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जन-भागीदारी द्वारा समुदाय को जोड़ कर समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ।

# राजेन्द्र कॉलेज में मनायी गई महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही महापुरुष देश के लिए अनुकरणीय हैं। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व समाज में हमेशा आदर्श बने रहेंगे। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बारे में अधिक से अधिक हमको अध्यवसाय करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. बेठियार सिंह साहू ने अपने उद्बोधन में दोनों महापुरूषों की जीवनी से संदर्भित कुछ उद्धरणों के माध्यम से जीवन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। उन्होंने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वर्तमान संदर्भों में महात्मा गांधी को अत्यंत प्रासंगिक बताया। इसी क्रम में लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन संघर्षों पर चर्चा करते हुए उनकी सामान्य से विशिष्ट तक की यात्रा का जिक्र किया और उन्हें उच्च जीवन मूल्यों से युक्त आदर्श व्यक्तित्व के रूप में निरूपित किया।

अगली कड़ी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता दिवस आयोजित करते हुए बेस्ट आर्ट प्रदर्शनी, डोर टू डोर कैंपेन, नुक्कड़ नाटक, गोद लिए हुए आसपास के गांव में बस्तियों की साथ सफाई आदि विविध कार्यक्रमो में शामिल हुए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देवेश रंजन, डॉ. जया कुमारी पांडेय, डॉ. कन्हैया प्रसाद एवं दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक नवीन कुमार की गरिमामयी उपस्थित रही। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपेश निषाद, विशाल शाह, आरती कुमारी, कुशाग्र मिश्रा, आदित्य कुमार, अविनाश कुमार, अनिकेत, उजाला कुमारी, श्वेता कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. जया कुमारी पांडये ने किया और धन्यवाद तथा आभार ज्ञापन डॉ. कन्हैया प्रसाद द्वारा किया गया।

### कुलपति ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जयप्रकाश विश्विद्यालय के परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

छपरा कार्यालय। भारत सरकार द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।आज महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने श्रम दान किया।यह कार्यक्रम जयप्रकाश विश्विद्यालय के एनएसएस सेल के द्वारा आयोजित किया गया। माननीय कुलपतिमहोदय के साथ ही जयप्रकाश विश्विद्यालय के वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कुमार एवं विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर हरिश्चंद्र तथा भौतिकी विभाग के डॉ. विद्याधर सिंह,बीडीएसएम महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी नवलेश कुमार सिंह एन एस एस सेल के विवेक कुमार एवं महाविद्यालय से आये हुए स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं में दीपावली कुमारी ,अंजली,रचना,सलोनी,राखी,आरती,सिमरन,स्वीटी,रानी,विमला ,संन्ध्या,रिया,तनेजा,मुस्कान,प्रीती आदि इस अवसर पर उपस्थित होकर श्रमदान में भाग लिया। विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम के आज के सफलता पूर्वक आयोजन के बाद कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर हरिश्चंद्र ने सबको धन्यवाद दिया।

### प्रखंड मुख्यालय में खुला सर्वे ऑफिस

छपरा । सर्वे को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के प्रथम तल्ला पर कार्यालय खोला गया है,सदर प्रखंड के अंतर्गत जमीन मालिक सर्वे से संबंधित अपना आवेदन जमा कर सकते हैं ' इस आशय की जानकारी दैनिक भोगी कर्मचारी लक्ष्मण मिस्त्री ने दी '

### गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

परसा गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही परसा प्रखंड के तेरह पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन कर योजनाओं को सूचीबद्ध किया गया। जबकि क्षेत्र के चांदपुरा , अंजनी ,अन्याय,बनौता,परसौना, बहरमारर,पचरुखी,सगुनी,भेलदी,पचलख,शोभेपुर, मारर पंचायतों में पंचायत भवन पर स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य एवं पंचायत सचिव की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। और पंचायत विकास को लेकर योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर मुखिया अभय कुमार गुड्डू,सुनील कुमार राम,अमित साह,तारा देवी, मीरा देवी,देवंती देवी,फहदीमा बानो,पंचायत सचिव मो आशिफ, अजय कुमार,रोजी कुमारी, पी आर एस अमरेंद्र कुमार,आदि मौजूद थे।

### रेड क्रॉस सोसायटी भोजपुर ईकाई ने बाढ़ प्रभावितों को बांटा खाद्य सामग्री



आरा। (प्रातः किरण संवाददाता) भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी आरा,भोजपुर ईकाई द्वारा लगातार तीसरे दिन बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित पीड़ितों के बीच प्रखंड शाहपुर के दामोदरपुर पंचायत के जयवनिया गाँव में120 परिवारो को जिनका सब कुछ गंगा जी में विलिन हो गया उनके बीच त्रिपाल, दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं रामलीला एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में उप संरक्षक पूर्व एमएलसी लाल दास राय जी वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य श्री अशोक शर्मा डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला की गरिमा में उपस्थिति रही एवं डॉ जितेंद्र शुक्ला के स्वयंसेवकों द्वारा चिन्हित करके सूची बनाई गई जिसके आधार पर पीड़ित परिवारों को मदद की गई। कार्यकारिणी सदस्य विजय मेहता एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों में प्रभात मिश्रा वीर बहादुर सिंह आमोद कुमार राजेश सिंह विकास कुमार सूरज कुमार आदि ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रत्येक व्यक्ति जो गंगा के कटाव के कारण विस्थापित है उन तक सामग्री पहुंचाने में मदद की। राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम सचिव विभा कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सचिव ने बताया कि यह हमारा तीसरा राहत कैंप है और हम लोगों की कोशिश है कि दशहरा पर्व के पहले कम से कम दो स्थानों पर बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को कुछ मदद पहुंचाई जा सके।

### पुलिस ने मकेर में छापेमारी कर मिट्टी के नीचे छिपी 845 लीटर स्प्रीट की खेप बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा।मकेर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मद्य निषेध कानून के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 845 लीटर स्प्रीट की खेप बरामद की है.जिसे मिट्टी के नीचे छिपाया गया था.सारण पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर यह छापेमारी की गई. जिसमें मद्यनिषेध कानून के सख्त क्रियान्वयन के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया.जानकारी अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य सुराग अमनौर थाना के कांड संख्या 218/24 में गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना महतो से प्राप्त हुआ.जिसने पुलिसिया पूछताछ के दौरान स्प्रीट छिपाने की जानकारी दी.आरोपी मुन्ना महतो जो मकेर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव का निवासी है.उक्त आरोपी ने स्वीकारोक्ति बयान में यह खुलासा किया. जिसके आधार पर पुलिस ने टीम का गठन कर मकेर थाना क्षेत्र के हैजलपुर नट टोली के पास केरवानी इलाके में छापेमारी की.इस छापेमारी के दौरान खेत में मिट्टी के नीचे छिपाई गई 845 लीटर स्प्रीट बरामद हुई. पुलिस ने इस मामले में मकेर थाना में कांड संख्या 242/24 के तहत धारा 274/275 बीएनएस और 30 (ए) बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है.

इस बड़ी बरामदगी से यह साफ है कि स्प्रीट माफियाओं का नेटवर्क गहरा है और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए निरंतर छापेमारी कर रही है.

# गांधी जयंती पर लियो क्लब छपरा सारण ने सफाई कर्मियों का किया सम्मान




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । गांधी जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था की स्थानीय इकाई लियो क्लब छपरा सारण ने शहर के सफाई कर्मियों को गमछा देकर सम्मानित किया। उक्त मौके पर लियो अध्यक्ष सुप्रीम कुमार ने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे स्वस्थ रहने के लिए अपनाना चाहिए। जीवन का स्तर बढ़ाने के लिए हर व्यक्ति को इसका अनुकरण करना चाहिए।

वहीं मौके पर मौजूद डिस्ट्रिक्ट के स्वच्छता चेयरपर्सन लायन प्रमोद मिश्रा ने सफाई कर्मियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज शहर स्वच्छ है तो इसके पीछे सफाई कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। यह केवल नौकरी नहीं सेवा का कार्य है जिसे सभी स्वच्छता कर्मी करते हैं। गांधी जयंती के अवसर पर इन्हें सम्मानित करते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने लोगों से खुद स्वच्छ रहने, घर-कार्यस्थल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

मौके पर अध्यक्ष लियो सुप्रीम, साकेत श्रीवास्तव, लायन प्रमोद मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, अमर कुमार, नारायण पांडे, वासुदेव गुप्ता आदि मौजूद थें ।

### कांग्रेस ने जयंती पर महापुरुषों को याद कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सारण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में उनकी स्मृति पर पुष्पांजलि कार्यक्रम तथा महात्मा गांधी की जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने महात्मा गांधी की लिखी पुस्तक सत्य के प्रयोग की चर्चा की,और बताया कि जिस किस्म में विश्व आज अराजकता और अशांति के दौर से गुजर रहा है, उस दौर में भी दुनियां को महात्मा गांधी का जीवन परस्पर बंधुत्व और प्रेम का संदेश देती है। जब मानवीय अधिकारों और मूल्यों का हनन हर रोज हो रहा हो तो गांधीजी के कथन इस अंधकार के समय भी सही क्या है, अहिंसा क्यों आवश्यक है, इसका मंत्र बता रही है। उन्होंने कांगेसजनों से गांधीजी की प्रेरणा से जीवन में खादी का व्यवहार बढ़ाने और बनाए रखने का भी आग्रह किया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री जी को युग दृष्टा बताते हुए भारत को सबसे मुश्किल अन्न संकट से उबारने वाला पुराधा करार दिया। चाहे जय जवान, जय किसान का नारा हो, चाहे अंतिम दिन तक देश की सेवा में समर्पित रहना हो , श्री शास्त्री ने अपनी अलग जगह विश्व पटल पर बनाई।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज,केदार सिंह,सुबोध जयसवाल,डा शंकर चौधरी, शिव पूजन राय आदि थे।

# छपरा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने पितृपक्ष के दौरान मरीजों का 2 लाख फीस माफ किया

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा। कहते डॉक्टर धरती पर भगवान का दूसरा रूप होता है, तो वहीं दूसरी तरफ चिकित्सकों पर इलाज के नाम पर मरीजों से रुपए लूटने का आरोप भी लगता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे भी चिकित्सक हैं जो निस्वार्थ भाव से समाज के वंचित और असहाय मरीजों को हर-संभव मदद करते हैं। हम बात कर रहें है छपरा शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एंव मेटरनिटी सेंटर के संचालक और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार की, जो हमेशा से गरीबों और वंचितों के सहायता के मदद के लिए खड़े रहते हैं। संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर में लायंस क्लब छपरा सारण के बैनर तले पितृपक्ष के उपलक्ष्य में निःशुल्क ओपीडी सेवा चलाया गया। जिसका बुधवार को समापन कर दिया गया। इस दौरान पितृपक्ष के 15 दिनों में कुल दो हजार लोगों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। जिसमें 15 दिनों में दो लाख फीस माफ किया गया है। इसके साथ ही अब प्रत्येक गुरुवार को शाम 02 बजे से 05 बजे तक चलेगा निःशुल्क डायबिटीज व हाइपरटेंशन क्लिनिक संचालित होगा। जिसका उद्धघाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक लायंस डॉ अनिल कुमार, लायंस डॉ. एसके पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । मौके पर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि माता-पिता ही सर्वोपरि होते हैं। आप मंदिर जाएं अथवा ना जाएं, पूजा, पाठ, तीर्थ, व्रत, दान, पुण्य, भंडारा करें या ना करें, अपने माता-पिता की सेवा अवश्य करें। क्योंकि माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। आज अपने पिता के याद में संचालित निःशुल्क ओपीडी का समापन किया है। मै जो कुछ भी हूं मेरे माता पिता का ही देन है। यह जो कार्य मै करता हूं इसमें मेरा बहुत रोल नहीं रोल उनका है जिन्होंने मुझे इस काबिलियत बनाया कि गरीब असहाय लोगों के को सेवा कर सकूं और ऐसे कार्य कर दो लाख माफ कर दूं। इस सबका श्रेय मेरे माता पिता को जाता है। अभी समाज में बहुत सारे ऐसे दृश्य देखनो को मिलता है जो काफी भावुक पल होता है जिनके पुत्र है उसके बाद भी उनको वृद्धश्रम में रहना पड़ता है. यह सब देख कर बहुत दुःख होता है इस आयोजन करने का मेरा प्रप्स बस यही है कि आने वाली पीढ़ी इसके प्रति जागरूक हो अपने माता पिता को अपने घर में रखे। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व अच्छी शिक्षा यह सब सिख देनी चाहिए। क्योंकि शिक्षा के साथ -साथ अगर संस्कार नहीं है आप कितने भी धनी बन जाये अगर आपके माता पिता ही खुश नहीं है आपके साथ नहीं तो आप एक जानवर से भी बत्तर है क्योंकि जानवर भी है तो अपने माता पिता को कभी अलग नहीं होने देना चाहता है और नहीं दूर रहा पाता है।

# समाहरणालय में स्वच्छता ही सेवा के समापन समारोह में स्वच्छ भारत दिवस के उत्सव का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वच्छता ही सेवा-2024 के समापन समारोह के रूप में स्वच्छ भारत दिवस उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन भोजपुर के उप विकास आयुक्त महोदया के अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में एडीएम,सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए,सहायक परियोजना पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-शिक्षा, स्वास्थ्य,जिला परियोजना पदाधिकारी भोजपुर नामामी गंगे, प्रबंधक-स्वास्थ्य एवं पोषण-जीविका आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारीयो द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री



को श्रद्धांजलि देकर की गई। इसके बाद उप विकास आयुक्त के संबोधन के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से स्वच्छता के महत्व, इस पखवाड़े के आयोजन का कारण एवं इसके लाभ तथा दूरगामी परिणामों से सभी को परिचित कराया गया। जन जागरूकता आधारित एक पखवाड़े तक चले इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन करने वाले सभी कर्मियों एवं अधिकारियों को उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक के द्वारा स्वच्छता ही सेवा में 2024 के तहत सभी अवयवों पर आयोजित कार्यक्रमों की व्याख्या की गई, जिसमें बताया गया कि पूरे जिले के द्वारा 4574 इवेंट का आयोजन किया गया तथा सफलतापूर्वक उसे संपन्न भी किया गया । इसमें की स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर पर 182इवेंट, स्वच्छता लक्षित इकाई हेतु 1099 इवेंट का आयोजन एवं स्वच्छता में जन भागीदारी हेतु 3145 इवेंट क्रिएट करते हुए सभी सफलता संपन्न किया गया । कार्यक्रम के अंत में निदेशक डीआरडीए द्वारा धनयवाद ज्ञापन किया गया ।जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वच्छता ही सेवा-2024 के समापन समारोह के रूप में स्वच्छ भारत दिवस उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन भोजपुर के उप विकास आयुक्त महोदया के अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में एडीएम,सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए,सहायक परियोजना पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-शिक्षा, स्वास्थ्य, नामामी गंगे, प्रबंधक-स्वास्थ्य एवं पोषण-जीविका आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारीयो द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देकर की गई। इसके बाद उप विकास आयुक्त के संबोधन के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से स्वच्छता के महत्व, इस पखवाड़े के आयोजन का कारण एवं इसके लाभ तथा दूरगामी परिणामों से सभी को परिचित कराया

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने अगिआंव प्रखंड में चलाया स्वच्छता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरा लोकसभा के अगिऑव विधानसभा के अगिऑव मण्डल में अगिऑव गॉव के बाजार के हनुमान मंदिर के प्रांगण में गॉधी जी के जयंती और सेवा पखवाड़ा के समापन के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत हनुमान मंदिर का साफ - सफाई किया गया। साथ - ही - साथ गॉधी जी का जयंती मनाया गया। उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं उनके जीवनी के बारे में कार्यकत्ताओं और लोगों को बताया गया। सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री - सूर्यकान्त पाण्डेय , कार्यक्रम प्रभारी - ज्योति प्रकाश कुशवाहा , अगिऑव विधानसभा संयोजक - राम सागर राय , मण्डल महामंत्री - कुन्दन कुमार कुशवाहा , जय किशोर सिंह , भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष - सचिन कुमार सिंह , मनोहर कुमार , बजरंगी राय , अनूप कुमार और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### गाँधी की 155 वीं जयंती पर निकला गया झांकी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा :सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का 155 वीं और सादगी ईमानदारी के प्रतिक हमारे देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर डिवाइन मिशन परितलक स्कूल, सपना सिनेमा रोड, शीतल होला आरा से विद्यात्य के निर्देशक विजय कुमार, प्रधानाचार्या खुशबू कुमारी, शिक्षक, शिक्षिका रितेश कुमार, मुकेश कुमार, श्रऋतु सोनी, रीमा रारा, छान-छात्राओं के सहयोग से प्रभात-कैरी शीतल होला, जेल रोड, महादेवा रोड से चलते हुए सदर अस्पताल परिसर में राष्ट्रपिता गाँधी के प्रतिमा स्थल पर समापन करते हुए गाँधी जी और बाल बहादूर शास्त्री जी का संदेश पूरे भोजपुर पिलावासियों को दिया गया। और माल्यार्पण पुलिस अधीक्षक मितराज (र.ढ), अनुपमा सिंह (२००८), पूर्व मांली श्री भगवान सिंह कुशवाहा, किम प्रसाद और अन्य उपस्थित पिया नगरवासियों के बीच राजेन्द्र प्रसाद सिंह (संयोप्पक) गरीय चेतना मंच, द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा स्थल पर किया गया। तत्पश्चात स्कूल के बच्चो, शिक्षको, प्रधानाचार्य, निर्देशक सभी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

### गांधी जयंती पर एसडीएम ने दिलाई स्वच्छता शपथ

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद बिक्रमगंज कार्यालय समीप बुधवार को पूर्व के प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम अवसर पर सर्वप्रथम अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने बापू के स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर नमन किया। जबकि उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोगों ने भी राष्ट्रपिता बापू को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अवसर पर एसडीएम अनिल बसाक ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मार्गपथ पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें भी शपथ दिलाई। साथ ही बताया कि बापू का एक ही सपना था कि अहिंसा परमो धर्मो व स्वच्छ भारत बनें अपना देश। जिनके पदचिन्हों पर आज सभी देशवासियों को चलने जरूरत है। साथ ही स्वच्छता की शपथ लेते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने के एक वृक्ष जरूर सभी लोग लगाएं। तभी राष्ट्रपिता बापू का अधूरा सपना पूरा हो सकेगा। मौके पर बीडीओ अमित प्रताप सिंह, सीओ रजत कुमार बर्नवाल, सभापति मनोरंजन सिंह, ईओ मो.जमाल अख्तर, थानाध्यक्ष ललन कुमार सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### उपकारा में एसडीएम ने स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के पावन अवसर पर बिक्रमगंज उपकारा में स्मार्ट क्लास का एसडीएम ने फीता काट किया उद्घाटन। बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने फीता काटकर किया। उक्त कार्यक्रम दौरान उपकारा बिक्रमगंज के जेल अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर सहित जेल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर ने बताया कि मिशन कारा में सुधारात्मक कार्यक्रम को और गति देने, मजबूत करने के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए स्मार्ट क्लास का प्रावधान है। ताकि विजुअल के माध्यम से बंदियों को बेहतर ढंग से मजबूत किया जा सके।

## गांधी जयंती और स्वच्छता दिवस के मौके पर नगर पंचायत कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

● सफाईकर्मियों को नगर अध्यक्ष ने किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर नगर पंचायत कार्यालय में गांधी जयंती और स्वच्छता दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद सरताज आलम और संचालन वरीय कर्मी शशि शेखर झा ने किया। मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर को साफ रखें तभी निरोग रहेंगे।

ईओ प्रतीक्षा प्रजापति और नगर स्वच्छता पदाधिकारी अर्पिता कुमारी ने सफाई कर्मियों के साथ मौजूद लोगों से नगर को स्वच्छ और सुंदर रखने की अपील किया।

जिसके लिए सभी को पहल करने की जरूरत है। स्वच्छता ही सेवा है पखवारा के तहत 17 से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम में नगर के विद्यालयों में रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें अव्वल आये प्रतिभागियों को पाठ्य सामग्री और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर डेनुलम के सिटी मिशन मैनेजर शैलेन्द्र सिंह, प्रियंका, पूनम, इम्तियाज आलम, रोहित, शशि, शमीम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय में गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की समारोह आयोजित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं एवं भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती समारोह भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में स्थानीय पार्टी कार्यालय शाहीद भवन,आरा में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह ने राष्टपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र एवं उनके कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विश्विद्यालय अध्यक्ष डॉ अमित कुमार द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ नेता सत्य प्रकाश राय ने किया। कार्यक्रम में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, पूर्व विधान



पार्षद डॉ आंजय कुमार सिंह, प्रोफेसर बलिराज ठाकुर, शिव कुमार सिंह, शिव जी उपाध्याय, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, अशोक यादव, सरस्वती कुमारी, मोहन दुबे, रतन धमालिया, जितेंद्र शर्मा, विजेंद्र यादव, रामानुज दुबे, मुकेश चंद्रवंशी, नागेंद्र मिश्र, मनोज कुमार अंजनी, शिव शंकर चौबे, गोपाल कृष्ण गोखले, घनश्याम उपाध्याय, अरबिंद कुमार सिंह, बिहारी जी सिंह, लालमोहन सिंह शत्रुघ्न, प्रमोद राय, सुरेंद्र कुमार शर्मा, लाल देव सिंह, नर्वदेश्वर ओझा, घनश्याम चौधरी, सूर्य प्रकाश, रवि राम, कुमार, ओम प्रकाश सिंह, देव कुमार सिंह, शिव दास सिंह, सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए।

## तपेश्वर सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का 155 वीं जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । तपेश्वर सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज कायमनगर आरा के सभागार हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गई जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व था इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार सिंह पूर्व वि प स सह सचिव तपेश्वर सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज एवं प्रो बलिराज ठाकुर पूर्व प्राध्यापक हिन्दी विभाग जैन कॉलेज आरा के सनीधय कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ अजय कुमार सिंह डॉ बलिराज ठाकुर एवं एवं डॉ आलोक कुमार सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन



किया उसके बाद अतिथियों के स्वागत में एक बीएड के प्रशिक्षुओं द्वारा जिनमें श्वेता महिमा वैष्णवी पूजा एवं अंजलि ने अपने स्वागत गीत से अतिथियों का दिल जीत लिया उसके बाद कार्यक्रम में आय हुए अतिथि जिनमें डॉक्टर उमेश्वर प्रसाद उर्फ नेहरू जी अशोक राम कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉक्टर आलोक कुमार सिंह राणा संतोष कुमार शिव कुमार सिंह डॉ सत्यदेव सिंह डॉ अमित उपाध्याय डॉ एसके पांडेय दीपक तिवारी अभिषेक रंजन राहुल सिंह पार्वती कुमारी सुमन कुमारी आयुषी कुमारी व्याख्याता गोपाल शरण सिंह हलधर सिंह समाजसेवी आदि ने अपनी बात रखी कार्यक्रम में इ.एंड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओ जिनमें रोहित दास रोशन कुमार यादव सत्यम कुमार शुभा कुमारी सुधांशु कुमार मोहित कुमार सानिया फातिमा आकृति कुमारी नंदनी कुमारी वैष्णवी कुमारी राधा कुमारी रानी कुमारी अनुप्रिया पूजा कुमारी आदि ने गीत एवं संगीत के माध्यम से गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन दर्शन करा सभी दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में संस्कृति पब्लिक स्कूल कायमनगर आरा की प्राचार्य जाकिया यासमीन एवं बीएड की प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया अंत में सभी श्रोताओ अतिथियों एवं प्रशिक्षुओ को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### दूरदर्शन पर आरा की कथक नृत्यांगना खुशी कुमारी की प्रस्तुति



आरा । (प्रातः किरण संवाददाता) युवा कथक नृत्यांगना खुशी कुमारी गुप्ता के घुँघरुओ की झनकार ने दूरदर्शन के श्रोताओं को झंकृत कर दिया । खुशी के कथक नृत्य का प्रसारण दूरदर्शन के द्वारा पुरे देश मे किया गया । इस आधे घंटे के एपिसोड में खुशी ने शुरू में शिव स्तुति करते हुए ताल पंचम सवारी में शुद्ध कथक करते नजर आईं । तकनीकी पक्ष में खुशी द्वारा प्रस्तुत उपज, फरमाईशी परण, तिहाई, आमद काफी सराहनीय रहा वही ठुमरी ह्रमोरी छोड़ो डगरिया श्याम पर भाव अभिनय ने राधा कृष्ण के रास को जीवंत कर दिया । खुशी कुमारी गुप्ता प्रयाग संगीत समिति द्वारा प्रभाकर उतीर्ण हैं एवं हाल के दिनों में खुशी को दूरदर्शन द्वारा ग्रेड भी प्राप्त हुआ है । इनके गुरु बक्शी विकास ने कहा कि खुशी में प्रतिभा की कोई कमी नही हैं। देश के कई बड़े मंचों का खुशी अपने नृत्य के माध्यम से आरा का नाम रौशन कर चुकी हैं और धीरे धीरे कथक के क्षेत्र में ऊंचाई छूने की ओर अग्रसर हैं । इस प्रस्तुति में हारमोनियम एवं स्वर पर रोहित कुमार ने संगत से रंग भर दिया ।

### आरा रोटी बैंक के द्वारा मनाया गया महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह

आरा । (प्रातः किरण संवाददाता) । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आरा रोटी बैंक पाठशाला में मनाया गया ।संस्था के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया की बच्चो ने इसमें महात्मा गांधी और उनके तीन बंदर के सिद्धांत को अभिनय करके खुद अमल करने और सभी से अमल करने का अनुरोध किया ।साथ ही साथ इन दोनों महापुरुषों की जीवनी के बारे में बच्चो को बताया गया ।बच्चो को आज जलेबी,फल,अंकुरित चना,सोनपापड़ी,बिस्कुट खिलाया गया ।कुमार मोहित ने कहा की ये दोनों ही हस्तियां भारत के इतिहास से लेकर वर्तमान तक और आने वाले भविष्य में भी प्रासंगिक बनी रहेंगी।रवि सहाय ने कहा की बच्चो को इन दोनों महापुरुषों के जीवन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये ।

### आरा न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारीगण के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया



आरा । (प्रातः किरण संवाददाता) । उच्च न्यायालय पटना के निर्देश के अनुपालन में 02 अक्टूबर 2024 राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार सिंह द्वारा व्यवहार न्यायालय भोजपुर आरा के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत पूरे न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ श्रमदान किया गया। प्रभारी जिला न्यायाधीश ने अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता शिविर के माध्यम से साफ सफाई से होने वाले हैं फायदे के बारे में जागरूक किया साथ हैं स्वयं झाड़ू लगाकर न्यायालय परिसर में सफाई भी की।

### तैलिक साहू समाज ने गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

आरा। (प्रातः किरण संवाददाता) । तैलिक साहू समाज के द्वारा मौलाबाग साहू कम्पलेक्स में महात्मा गांधी की जयंती के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता साहू सभा के भोजपुरी जिला के अध्यक्ष शिव कुमार साह ने किया और संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार साह ने कहा कि हम लोग गांधी जी के एवं लाल बहादुर के शास्त्री के रास्ते पर चलने का संकल्प ले मंच संचालन राजेंद्र प्रसाद ने किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कीआए हुए अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि हम लोग वैश्य समाज को एकजुट होने की जरूरत है है आज हम यह संकल्प ले हम लोग एक मंच पर आकर वैश्य के हित में काम करें और राजनीति में हमें भगदारी मिलेजिसमें अतिथि के रुप में पूर्व जिला परिषदों अध्यक्ष हाकिम प्रसाद ,मुन्ना राजकुमार शर्मा राजकुमार साहू अशोक राजकुमार शर्मा जी , मनीष जी, रामकुमार जी के अलावे बहुत सारे साथी साथ रहे।

## गांधी जयंती पर तीन दिवसीय स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ समापन



● एम.पी.हाई स्कूल मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सघन पौधा रोपण कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर/पटना। गांधी जयंती के अवसर पर बक्सर के एम.पी.हाई स्कूल मे चल रहे तीन दिवसीय स्वच्छता ही सेवा( स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता ) फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ रंगा-रंग समापन ।मुख्य मंच से गांधी जयंती के अवसर भव्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन रविवार के कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के साथ स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना से नोडल अधिकारी सर्वजीत सिंह ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी के मद्यम से गांधी जी के संदेशों को जन-जन तक पहुचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है ।हम जिस तरह से आज के समय मे अच्छा दिखने के लिए अपने मोबाईल मे फिल्टर का इस्तिमल करते है ताकि सुंदर दिखे ।ठीक उसी प्रकार से प्रकृति ने भी हमारे हमारे पर्यावरण को सुंदर बनाया है हमे उसको बचना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर और स्वच्छ वातावरण दे सके।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डी.पी.ओ,जलशक्ति,बक्सर शैलेश कुमार ने अपने सम्बोधन मे कहा की हमे अपने विचरो मे स्वच्छता रखना होगा तभी हम अपने आस-पास भी सफाई रख सकते है। स्वच्छता सिर्फ संबंधित विभाग या सरकार का काम नहीं है बल्कि हम सब के सार्थक प्रयास से संभव है ।उन्हों ने बच्चों से कहा कि जो भी कार्यक्रम हो रहा है उसको आपको ध्यान से सुनना होगा और उसमे भाग लेने होगा ताकि सभी जानकारियों से हम लाभान्वित हो सकेंगे।

मंच का संचल करते हुए कैम्प अधिकारी अमरेन्द्र मोहन ने कहा की विभाग का मकसद है कि कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित विषय की सही जानकारी लोगों तक पहुँच सके ।उन्होंने दर्शकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रश्नों का सही जवाब देने वालों को पुरस्कार दिया गया ।पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे काफी उत्साहित दिखे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत सांस्कृतिक दल जन चेतना के कलाकारों द्वारा नाटक के मंचन के साथ गीत संगीत के कार्यक्रम की प्रस्तुती की गई। समापन समारोह के अतिथियो द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर एम.पी. हाई स्कूल के प्रांगण मे ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न के अंतर्गत पौधा रोपण अभियान के तहत पर्यावरण को बचाने के लिया सघन पौधा रोपण किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित विभाग के राकेश,अशोक कुमार सहित अन्य लोंग उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा के 15 दिवसीय कार्यक्रम का किया गया समापन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा प्रधानमंत्री, भारत सरकार के द्वारा आरा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बस पड़ाव स्थित लोहिया मैदान के पास निर्मित जलमिनार परिसर में जलापूर्ति योजना फेज-1 एवं स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज परियोजना का उदघाटन वेवसाईट के माध्यम से किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर, सभी वार्ड पार्षद, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, उप परियोजना निदेशक, बुडको, सहायक अभियंता, बुडको, नगर प्रबंधक, लोक स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, रलऋकी महिलाएँ सहित सैकड़ों की संख्या आम नागरिक उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा, 2024 के तहत ह्यस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्न के तहत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महापौर एवं अन्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। स्वच्छता ही सेवा, 2024 (17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024) 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह आरा नगर निगम के प्रांगण में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय महापौर, सभी वार्ड पार्षद, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, लोक स्वच्छता अपशिष्ठ प्रबंधन पदाधिकारी, रलऋ की महिलाएँ सहित सभी सफाई कर्मी एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन माननीय महापौर के द्वारा स्वच्छता ही सेवा, 2024 के तहत हुए कार्यों की जानकारी दी गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम निरंतर चलते रहना चाहिए ताकि हम स्वच्छ आरा सुंदर आरा के सपनो को पुरा कर सके। 15 दिवसीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों, सफाई निरीक्षक, सफाई जमादार/सुपरवाईजर को पुरस्कृत किया गया।

## सरत जैन मेमोरियल बिहार राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सरत जैन मेमोरियल बिहार राज्य सब जूनियर ओपन और बालिका शतरंज चैंपियनशिप श्री मैना सुन्दर धर्मशाला जेल रोड आरा के सभागार में सफलतापूर्वक जारी है। आज के राउंड का उद्घाटन आर्किटेक्ट और शतरंज चैंपियनशिप की संयोजक निशि जैन ने चाल चलकर किया। उन्होंने आपने सम्बोधन ने कहा शतरंज खेल में मनोरंजन के साथ साथ बच्चो के मस्तिष्क का विकास होता है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एस के रूंगटा और संरक्षक शुभ्रज सौम्य उपस्थित हुए।

मुख्य निर्णायक नन्द किशोर सह निर्णायक इकबाल आलम, मो शाहिद हुसैन, रंजन सिन्हा, बीरेंद्र कुमार उपाध्याय, निधि कुमारी के अनुसार परिणाम इस प्रकार रहे

बालिका वर्ग चौथे चक्र का परिणाम में भोजपुर की अर्पिता सिंह ने मनीबालिका वर्गषा यादव को, कृतिका रंजन ने सिमरन कुमारी को, आदया ने आकांक्षा शर्मा को, सृष्टि कुमारी सिंह ने कीरूबा वत्स को, नव्या गोयनका ने अरशी अतिसी को, वंशिका माहेश्वरी ने दिशा रानी को, शालिनी श्रीवास्तव ने मून को, तृषा रंजन ने इशिता कुमारी को, ईशान्वी राज ने राजश्री को को हराया वहीं पश्चिमी चंपारण की वारिजा जायसवाल ने पटना के आरोही राज को ड्रॉ पे रोका। प्रदीप कुमार ने अभिज्ञान मेहता को, तेजस शांडिल्य ने अर्थ भारद्वाज को दरभंगा के जयेश मिश्रा ने खगड़िया के माधव कुमार यशवंत को, अव्यय शर्मा ने इक्यांश कुमार भारद्वाज को, कार्तिकेय नंदन ने अक्षत राज को, संकल्प सिंह ने ऋषित कुमार को, भोजपुर के असगर हुसैन ने को तन्मय कश्यप को हराया वही आयुष कुमार और अगस्त्य मित्तल के बीच ड्रॉ रहा।

## गांधी जयंती पर डीएम ने किया गांाधी प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । सदर अस्पताल परिसर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर गांव गरीब चेतना मंच भोजपुर जिला के संयोजक डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में राजकीय सम्मान में भोजपुर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा अधिकृत मुख्य अतिथि जिला उप विकास आयुक्त डॉक्टर अनुपमा सिंह,पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव जनता दल यूनाइटेड भगवान सिंह कुशवाहा, जिला पुलिस अधीक्षक श्री राज , भोजपुर जिला सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ,आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, एवम सभी सम्मानित समाजिककार्यकर्ता,चिकित्सा कर्मचारी गण ने सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर और सादगी और ईमानदारी के प्रतीक पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तैल चित्र पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महा- विभूतियों के जन्मोत्सव पर मिठाईयां बांटी गई.राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सह जय जवान , जय किसान के नारा बुलंद आवाज को पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर डीभाइन मिशन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं के ने निर्देशक विजय कुमार,प्राचार्य खुशबू कुमारी के अगुआई में शिक्षक रितेश कुमार,मुकेश कुमार, बी डी सर, ऋतु कुमारी,अनिता कुमारी,निष्पा कुमारी,शालू कुमारी ,सोनाली, रीमा , सुनीता आदि थे।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उमंग के साथ किया गया समापन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के थीम पर आधारित इस वर्ष की स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का समापन आज बड़े जोश और उमंग के साथ आयोजित किया गया इस पखवाड़े के संपन्न होने के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वच्छ भारत मिशन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार के सभी गांव को संपूर्ण स्वच्छ करना है इस क्रम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य से लेकर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण निहित है इसी क्रम में कचरा उत्पन्न होने वाले कचरे से का निर्माण करना भी एक मुख्य पहलू है आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं से जो अपशिष्ट निकलते हैं उसे हम अपशिष्ट कहते हैं और उसका प्रबंधन समाज और गांव के लिए बहुत बड़ी समस्या है इसका समाधान उसका पुनः उपयोग या पुनर्नवा चक्रण है इस क्रम में गांव में एकत्रित प्लास्टिक के पानी के बोतलों प्लास्टिक के डब्बे वाहनों के टायर या अन्य अपशिष्ट से कल का निर्माण करना बहुत ही उन्नत कार्य है इसी क्रम में जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा पहल करते हुए जिले के सभी 14 प्रखंडों में एकत्रित प्लास्टिक के बोतल एवं अन्य अपशिष्ट वस्तुओं को संग्रहित कर जिला तथा इन अपशिष्ट वस्तुओं का प्रयोग कर कल का रूप दिया गया है इस संबंध में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के कार्यालय में पुरानी बोतलों को फूलों के गमले पेन स्टैंड इससे बने झाड़ू तथा मॉडल का रूप दिया गया है साथ ही घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले माचिस के बचे हुए देबो से सुंदर खिलौने का निर्माण किया गया है विद्यालयों के बच्चों के द्वारा अपशिष्ट पदार्थ से ही घर घरेलू स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मिक्सर ग्राइंडर का भी निर्माण किया गया है आज स्वच्छ भारत दिवस उत्सव कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व भोजपुर जिला के उप विकास आयुक्त महोदय डॉ अनुपम सिंह के द्वारा इस अपशिष्ट से कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया आज आयोजित उत्सव में आए बच्चों द्वारा इसका अवलोकन भी किया गया और उन्हें यह शिक्षा दी गई कि घरों में बच्चे अपशिष्टों से कैसे कल का निर्माण किया जाए और उसका उपयोग एक बार फिर से किया जाए जिससे समाज प्रदूषण एवं अपशिष्ट मुक्त हो सके

## ढोल बाजे और घोड़े हाथियों के साथ माता लक्ष्मी एवं भगवान विष्णु की निकली शोभायात्रा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा भोजपुर 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में बुधवार के दिन स्वर्गीय जगदीश बाबू का गोला पड़ाव पुरानी अदालत के पास स्थित मुख्य कार्यालय नगर रामलीला समिति से गाजे बाजे हाथी घोड़ा ऊंट और हजारों राम भक्तों के साथ जय श्री राम के जयकारा गाते हुए अध्यक्ष सोनू राय



की अध्यक्षता में भगवान विष्णु और लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाली गई जो की शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रमना मैदान के पास रामलीला मैदान में पूजा के बाद समापन हुआ अध्यक्ष के द्वारा बताया गया इस वर्ष रामलीला का आयोजन भव्य होगा और वृंदावन के कलाकारों की टोली रामलीला में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे उसके बाद जागरण का भी कार्यक्रम होगा जिसमें बाहरी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे उन्होंने शहर वासियों से इस आयोजन में बढ़-कर कर हिस्सा लेने की अपील की ताकि प्रभु राम की इस लीला का मंचन शहर के लिए एक ऐतिहासिक पल का गवाह बने जगह-जगह पर पेयजल और मिठाई की व्यवस्था सामाजिक कार्यकताओं द्वारा किया गया रामलीला समिति के सदस्यों में अध्यक्ष सोनू राय. सचिव शंभू नाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता ,संरक्षक मंडल में श्री रामकिंकर दास ,रामेश्वर प्रसाद, हकीम प्रसाद ,शैलेंद्र राम, रजनीश यादव, विनोद चंद्रवंशी, विशाल सिंह, सनी शाहबादी ,जितेंद्र ब्याहुत, सुरेंद्र प्रसाद ,राजा भाटिया, राहुल बदलनी, ,अजय गुप्ता , दिलीप कुमार गुप्ता अधिवक्ता, शंभूनाथ केसरी ,राजन नयर ,आलोक अंजन, पुतुल सेठ, विभु जैन ,मुन्ना बजरंगी, गोपाल प्रसाद, मनोज कुमार ,गणेश प्रसाद , राज गौरव टाइगर, गौतम उर्फ.राजा, पंकज प्रभाकर बहुसंख्यक संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए.

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने पशुपालन विभाग के नव निर्मित कार्यालय का किया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल।जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा गांधी मैदान के समीप पशुपालन विभाग के नव निर्मित कार्यालय का निरीक्षण किया गया । मुख्य सचिव के द्वारा इस परिसर में रखे गए गाड़ियों को यथाशीघ्र हटाकर कार्य शुरू करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था । इस आलोक में पशुपालन विभाग के कार्यालय के आसपास रखे खनन विभाग एवं थाना द्वारा जब्त की गई गाड़ियों को यथाशीघ्र नए स्थान का चयन कर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है । मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील, अपर समाहर्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

### पूर्व लोक अभियोजक की पुण्यतिथि मनाई गई

प्रातः किरण संवाददात

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में पूर्व लोक अभियोजक, पूर्व स्पेशल पीपी, अधिवक्ता कल्याण कोषांग के पूर्व सचिव वरीय अधिवक्ता नारेन्द्र प्रसाद सिंह की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनरायण सिंह ने किया और संचालन चंद्रेश्वर पासवान ने किया। सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया सन 2017 में उनकी निधन हो गया था। दर्जनों अधिवक्ता उनको अपना आदर्श मानते हैं। उनकी ईमानदारी और विधि व्यवसाय में समर्पण भाव अनुकरणीय था। इस अवसर पर उपस्थित थे जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, सहायक सचिव मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही, मधेश्वर पासवान, सत्येन्द्र तिवारी, संजय कुमार,मदन प्रसाद, धर्मराज राम, रामवृक्ष भगत,अभय कुमार सिंह, सुरेश कुमार,रणधिर सिंह, सच्चिदानंद कुमार,रामपरीखा सिंह, राकेश कुमार उर्फ मुन्ना, अवधेश कुमार,अनील कुमार सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

### अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जदयू गांधी जयंती पखवाड़ा मनायेगा

प्रातः किरण संवाददात

गया।महात्मा गॉंधी जयंती पखवाड़ा में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के प्रखण्ड कमीटी व पंचायत अध्यक्ष की सूची का भौतिक सत्यापन की जायेगी। जनता दल यू के सिद्धांत महात्मा गॉंधी के विचारधारा पर आधारित है।यह बातें अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया। गांधी मंडप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष को महात्मा गांधी की जयंती पखवाड़ा मनाने के लिए तस्वीर उपलब्ध कराई गई है।कुमार ने बताया कि अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के साथियों ने संकल्प लिया 2025 फिर से नीतीश 225 सीट पर विजयी दिलाना है। इस जयंती समारोह में शामिल होने बालों में श्रवण केवट, मंदीप प्रजापति, अरविंद कुमार, विद्यानंद प्रसाद, हरेन्द्र दांगी, मो आरिफ हुसैन, शकील अंसारी, मो आजाद रंगरेज, सूरज सिंह चंद्रवंशी, प्रोफेसर आफताब आलम, इंद्र ठाकुर, सरस्वती देवी, हरी साव, व्रजेंद्र दांगी, अंजू देवी व अन्य है।

### स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में किया सफाई




प्रातः किरण संवाददाता

गया।अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ श्वेता सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख करके अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेश कुमार सिंह ने महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। इस अवसर पर रामू कुमार, शिवम सिंह, आयुषी वर्मा, साहिबा, आस्था, शीतल, निधि इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

# पत्नी को चाकुओं से गोद कर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## सास ने ससुर व दामाद के बहनोई पर दर्ज कराई प्राथमिकी

● कुर्था पुलिस ने 48 घंटे में आरोपी को जगदीशपुर से किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था ( अरवल ) स्थानीय थाना क्षेत्र के नदौरा गांव में बीते दिनों ससुराल आए एक दामाद ने अपनी पत्नी को चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था इसके बाद कुर्था थाने की पुलिस ने महज 48 घंटे में ही मानिकपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी भोलाराम के पुत्र पंकज कुमार जो अपने ससुराल नदौरा गांव आए हुए थे लेकिन बीते रविबार की देर रात अचानक घर आए दामाद ने अपनी ही पत्नी पर चाकुओं से शरीर के कई हिस्सों में लगातार बार किया जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में परिजनों ने 112 नंबर को इसकी सूचना दी थी सूचना के बाद घायल महिला को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दी घायल महिला का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है इस संबंध में दामाद पंकज कुमार के सास रेशमी देवी ने कुर्था थाने में आवेदन देकर अपने दामाद पंकज कुमार व दामाद के बहनोई रामू राम पर प्राथमिक की दर्ज कराई थी कुर्था थाने में दिए गए आवेदन में सूचक ने उल्लेख किया है कि मेरा दामाद पंकज कुमार जगदीशपुर गांव से दो दिन पूर्व ससुराल आया हुआ था आम दिनों की तरह कल भी खाना- खाकर अपने कमरे में बेटी दामाद सोने चला गया तभी रविबार की देर रात मेरी बेटी अन्नू कुमारी की चिल्लाने की आवाज हुई आवाज सुनकर जब हम घर में गए तो देखा कि मेरे दामाद के हाथ में चाकू है और मेरे बेटी के गाल, पेट, कमर समेत शरीर के कई हिस्सों में लगातार चाकू से बार कर घायल कर दिया है और मेरी बेटी खून से लटपट होकर उसे कमरे में बेहोश पड़ा हुआ था आनन-फानन में हमने इसकी सूचना 112 नंबर को दी इसके बाद मेरी घायल बेटी को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया साथ ही उन्होंने उल्लेख किया है कि घर से भगाने के क्रम में मेरा दामाद पंकज कुमार घर में रखे पाँच हजार रुपए नगद व कई गहने लेकर भी फरार हो गए इस संबंध में पूछे जाने पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते रविबार की रात नदौरा गांव में ससुराल आए दामाद ने अपनी पत्नी के शरीर पर कई बार चाकू से बार किया जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है हालांकि सूचक दामाद के सास रेशमी देवी के द्वारा आवेदन दिया गया है जिसमें दामाद व दामाद के बहनोई रामु राम को नामजद अभियुक्त बनाया गया था इसके बाद कुर्था पुलिस ने 48 घंटे के अंदर जगदीशपुर गांव निवासी भोलाराम के पुत्र पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने बताया कि पूछताछ के क्रम में पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि हमारी पत्नी रात में मेरे साथ मारपीट करने लगी जिससे गुस्सा होकर हमने पत्नी के गुप्तांग समेत कई हिस्सों पर चाकू से बार कर दिया हालांकि कुर्था पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दी।

# गांधी जयंती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ दी गई श्रद्धांजलि




प्रातः किरण संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। रा कादरी मध्य विद्यालय, दाउदनगर के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों सहित सभी छात्र-छात्राओं ने गांधी-जयंती के अवसर पर पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार ने बापू के चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरान्त उनका प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम/पतित पावन सीताराम। ईश्वर-अल्ला तेरो नाम/ सबको सन्मति दे भगवानह्न- का गायन किया ।इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के वरीय शिक्षक- सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि गांधीजी जीवन भर समाज के शोषित-उत्पीड़ित तथा अन्याय-जुल्म और भेदभाव के शिकार लोगों के पक्ष में न सिर्फ खड़े रहे बल्कि उनके हितों के लिए अथक संघर्ष भी किया। इसी के साथ उन्होंने उस समय के सबसे ज्यादा शक्तिशाली एवं खूंखार ब्रिटिश साम्राज्यवाद की चंगुल से देश को आजाद कराने की लड़ाईयों का भी सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। इस अवसर पर विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका- पुनीता अम्बष्ठा ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक महामानव बताया। इनके अलावा अन्य शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। वर्ग-06 की छात्रा- स्वाती कुमारी,काजल कुमारी,खुशी कुमारी, छात्र- छोटू कुमार, वर्ग- 08 की छात्रा- पूजा कुमारी,युसरा अमजद,चांदनी कुमारी, छात्र- चंदन कुमार,इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बापू के जीवन से सकारात्मक प्रेरणा ग्रहण करने का संकल्प लिया ।इन सब के अलावा वर्ग - 06 की छात्रा रूबी कुमारी एवं रौशनी कुमारी ने बापू के जीवन एवं कार्यों पर आधारित अपने मनमोहक गीत का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। अन्त में विद्यालय के शिक्षक शाहनवाज आलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका चम्पा केशरी ने की जबकि संचालन वरीय शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ने किया।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्लस टू उच्च विद्यालय वलिदाद में हुआ शुभारंभ




प्रातः किरण संवाददात

अरवल ।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को सार्थक बनाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अपने भवन में प्रारंभ होगी जिसका उद्घाटन प्लस टू उच्च विद्यालय वलिदाद के कैंपस में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी, बीइओ शबाना हारून, डीपीओ दीपक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा अभियान नीरज कुमार ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ,बीईओ शबाना हारून , परासी थाना अध्यक्ष पवन कुमार उपस्थित थे, कार्यक्रम का अध्यक्षता राजीव कुमार उर्फ.अनय सिंह के द्वारा की गई। 2 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम की प्रारंभ किया गया। इस विद्यालय मेंअब 12 वीं तक की पढ़ाई होगी। इससे जिले भर की हजारों जरूरतमंद परिवार की छात्राओं को फायदा होगा। इसके लिए सर्वशिक्षा अभियान द्वारा जिलास्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। अभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कक्षा 6 से 8 तक ही संचालित है और हर प्रखंड में एक यानी जिले में 5 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिले के 5 प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में 8वीं तक की पढ़ाई होगी। भवन के निर्माण की जिम्मेवारी बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम को दी गई है। भवन निर्माण कार्य होने से कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं को नया आयाम मिला है।

# फल्गु नदी नहाने में तीन बच्चे की डुबने से मौत जिलाधिकारी ने गहरा शोक व्यक्त किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया । एक मार्मिक घटना घटी जब फल्गु नदी में नहाने गए पांच बच्चों में से दो की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा पिता महेश्वर घाट के सामने हुआ है।जहाँ वार्ड संख्या 53 के बच्चे नहाने गए थे। नहाते समय अचानक दो बच्चे पानी में डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में तीन अन्य बच्चे भी पानी में कूद गए ,स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन दो बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मगध मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है। वहां इलाज के दौरान उन दोनों बच्चों की दुखद मृत्यु हो गई है।इन मरने वाले दोनों बच्चे बेलागंज के निवासी थे, जबकि बचाए गए तीन बच्चे मानपुर के रहने वाले थे। इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गया के जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने मृतक बच्चों के परिजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट की और इस मुश्किल घड़ी में धैर्य की कामना की है। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक बच्चों के परिवारों को अनुग्रह अनुदान के तहत तत्काल 4-4 लाख रुपये की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने इस घटना की जांच और आगे की कार्रवाई के लिए अपर समाहर्ता आपदा एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देशित किया है। प्रशासन इस मामले को लेकर संवेदनशील है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

एक बार फिर से बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रहा है।खासकर जब नदी में नहाने के दौरान ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

# वैश्विक अशांति एवं शस्त्रों की होड़ के मध्य शांति स्थापित करने में गांधी के विचार प्रासंगिक हो सकते : प्राचार्य

गया।(प्रातः किरण संवाददाता) । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 गया में बुधवार 2 अक्टूबर 24 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव, समस्त शिक्षक साथी एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन ,पुष्पांजलि तथा ह्यरघुपति राघव राजा रामह्न पंक्तियों के गायन एवं वादन के साथ जन्म दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी अनुकरणीय घटनाओं एवं अहिंसा की महत्ता पर भी प्रकाश डाला है ।उन्होंने बताया कि वर्तमान में वैश्विक अशांति एवं शस्त्रों की होड़ के मध्य शांति स्थापित करने में गांधी के विचार कितने प्रासंगिक हो सकते हैं ।भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य , शिक्षकों एवं छात्रों ने कंधे से कंधा मिलाकर साफ सफाई के लिए स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया है ।बापू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को चरित्रार्थ करने हेतु समस्त विद्यालय परिवार द्वारा संकल्प भी लिया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार, सविंद्र पांडेय, संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी, पुनीता कुमारी, मृदुला कुमारी, अराधना कुमारी, डीबी पंकज, विकास कुमार, अनुराग प्रताप आदि शिक्षक मौजूद रहे हैं।




# गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

● डीएम ने गांधी जयंती पर पौधारोपण किया





अरवल। (प्रातः किरण संवाददाता) ।जिले के अलग-अलग जगहों पर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई समहरणालय एवं गांधी मैदान में डीएम कुमार गौरव एवं एसपी राजेंद्र कुमार भील द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किया गया ` वही प्लस टू उच्च विद्यालय वलिदाद में प्रधानाध्यापक राजीव कुमार उर्फ अन्य सिंह,डीपीएस स्कूल में निर्देशक धर्मेंद्र कुमार, जदयू पार्टी कार्यालय में जदयू जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार यादव , लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन, समाजिक न्याय संघर्ष समिति के कार्यालय कलेर में संयोजक संजीव कुमार सिन्हां , पहलेजा पंचायत भवन पर पहलेजा पंचायत मुखिया मुंद्रिका सिंह, गांधी मैदान मसुदा में नेहरु युवा केंद्र अरवल के निशांत कुमार , कौशल किशोर ,गौतम कुमार के अलावे कई लोग शामिल हुए` इस तरह से अलग - अलग जगहों पर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई ।

# प्रखंड के अधिकारियों ने दुर्गा पूजा पंडालो का किया निरीक्षण, आयोजको को दिए कई आवश्यक निर्देश

कुर्था ( अरवल )।(प्रातः किरण संवाददाता) । दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थापित हो रही मां दुर्गा को लेकर बनाई जा रहे पूजा पंडालो का बुधवार को कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी व अंचलाधिकारी रितिका कृष्ण ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पूजा पंडाल के आयोजकों से पूजा पंडाल के समीप सीसीटीवी कैमरे लगाने पंडाल के पास बालू से भरे बाल्टी तथा आगलगी जैसे घटनाओं से निजात पाने के लिए अग्निशामक यंत्र पूजा पंडाल के पास पूजा कमेटी के वालंटियर का ड्रेस कोड पंडालो में अश्लील गीतों पर रोक प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर प्रतिबंध समेत कई तरह के आवश्यक निर्देश विभिन्न पूजा पंडालो में पहुंचकर कमेटी के आयोजकों को प्रखंड के पदाधिकारी ने दी वहीं प्रखंड के पदाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र के कुर्था मानिकपुर मोतीपुर समेत प्रखंड के विभिन्न गांव में स्थापित हो रही मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर बनाई जा रहे पूजा पंडाल के समीप अत्यधिक भीड़ व शांति वातावरण में दुर्गा पूजा के संपन्न कराने को लेकर अधिकारियों ने कमेटी के लोगों को कई प्रकार के आवश्यक निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा की प्रतिमा स्थापना के दौरान सभी कमेटी के आयोजकों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है बगैर लाइसेंस के प्रतिमा स्थापित करने पर आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर प्रखंड के कई अधिकारी शामिल थे।

# विराट तेजपुंज थे गांधी एवं शास्त्री : डॉ. उमा शंकर सिंह

प्रातः किरण संवाददात

गया।अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के हिंदी विभाग में भाषण-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी तथा शास्त्री जी के तैल चित्र पर पुष्पार्चन सह माल्यार्पण के साथ हुआ है। छात्राओं द्वारा स्वागत गान की सफल प्रस्तुति के बाद हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह ने मानवता की दिव्य गंध गांधी तथा सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति शास्त्री जी के जीवन से जुड़े कई प्रेरणाप्रद प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि ये दोनों महान मनस्वी तथा तपस्वी ही नहीं विराट तेजपुंज थे। इसके साथ-ही-साथ अपने कार्य को नियमित संपादन में विश्वास रखने वाले तथा सही बात को सही ढंग से कहने की कला में माहिर दोनों महामानवों के प्रति काव्यांजलि प्रस्तुत करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि जिधर मुड़ा वह जीवन जागा, जिधर झुका रस बरसा।जिधर चला वह उधर जमाना ढरक पड़ा नत सहसा।। स्नेह शून्य मरुभू पर थे वे सुरभित मान सरोवर।ताप तप्त हित सदा बरसने वाले सरस पयोधर। भाषण-प्रतियोगिता में जिन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया उनमें आशुतोष कुमार, प्रिंस कुमार, प्रमानंद आजाद, शालिनी कुमारी, सुषमा कुमारी, रानी कुमारी, अंजली कुमारी, प्रभा कुमारी, शान्या कुमारी, गुरिया कुमारी आदि थे।

# जीबीएम कॉलेज में गाँधी जयंती के अवसर पर लघु संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददात

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155 वीं जयंती के अवसर पर लघु संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, कॉलेज की एनएसएस पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सह पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ. प्यारे माँझी, डॉ बनिता कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा एवं उपस्थित प्रोफेसरों एवं छात्राओं ने महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माला तथा पुष्प अर्पण करके श्रद्धांजलि दी है।लघु संगोष्ठी में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी ने महात्मा गाँधी को महामानव बताया है। कहा कि गाँधीजी ने जाति प्रथा, संप्रदायवाद तथा भेदभाव का हमेशा विरोध किया। उन्होंने देश को अंग्रेजों की हुकूमत से स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभायी। उन्होंने छात्राओं को अपने तथा अपने परिजनों के स्वास्थ्य तथा स्वच्छता पर ध्यान देने कहा, ताकि गाँधी जी के सपनों को साकार किया जा सके। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने महात्मा गाँधी को सत्य एवं अहिंसा का पुजारी बताते हुए कहा कि हम सभी को मनसा वाचा कर्मणा सत्यनिष्ठ तथा अहिंसक होने की आवश्यकता है। हम सभी को अपने खान-पान में शुद्ध सात्विक शाकाहार को अपनाने की परम आवश्यकता है, क्योंकि हमारे मन पर हमारे द्वारा ग्रहण किये गये अन्न का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। जीव हत्या को महापाप बताते हुए डॉ रश्मि ने समाज को दलितों और शोषितों के उद्धारकर्ता महात्मा गाँधी के मानवतावादी आदर्शों पर चलने की बात कही। ज्ञातव्य है कि 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।इस संगोष्ठी में डॉ. रश्मि ने स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, जिनकी जयंती 2 अक्टूबर को ही मनायी जाती है, के संघर्षशील तथा सरल जीवन को सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणास्रोत तथा अनुकरणीय बतलाया है। कहा कि देश और समाज के लिए अच्छा करने के लिए हमारा धनाढ्य या धनी परिवार से संबंधित होना जरूरी नहीं है। बस अपनी ओर से मातृभूमि और देशवासियों के लिए कुछ अच्छा करने की दृढ़ इच्छाशक्ति और लगनशीलता होनी चाहिए। नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी ने महात्मा गाँधी द्वारा भारतीय गाँवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाये जाने वाले कदमों पर प्रकाश डाला है।उन्होंने भारत की राजनीति में महात्मा गाँधी के योगदान पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. प्रियंका कुमारी ने महात्मा गाँधी के द्वारा भारतीय समाज में चलाये गये स्वच्छता अभियान पर अपने विचार रखे।

# स्वच्छता दिनचर्या का हिस्सा, इसके प्रति सजगता प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व : प्रभारी जिला जज

● जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददात

औरंगाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया और उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा स्वयं परिसर में झाड्डु लगाया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, न्यायकर्ता शोभित सौरभ, सहित न्यायालय कर्मी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी, अर्ध विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई पर निरंतर ध्यान देने की बात कही गयी।इस अभियान में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण द्वारा पुरे न्यायालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई किया गया तथा प्रत्येक दिन साफ-ह्नसफाई रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि विगत सात-आठ वर्षो से स्वच्छता एक जन क्रान्ति बनकर उभरी है और बड़े पैमाने पर सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण इसकी बानगी है। भारत सरकार महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपना को पूरा करने के लिए दो अक्टूबर, 2014 को इसकी शुरूआत की गयी थी, जिसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का यह परम कर्तव्य होना चाहिए कि स्वच्छता उसके दिनचर्या का हिस्सा बनें। स्वच्छता कोई एक दिन का काम नहीं है इसपर निरंतरता आवश्यक रूप से कई तरह के बदलाव का वाहक जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्व का निर्वह्न करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने कहा कि आप जिस स्थल पर है वहां की सफाई का ध्यान रखें अगर यह काम प्रत्येक व्यक्ति करता है तो किसी भी स्थल पर गंदगी का नामों निशान नहीं रहेगा।

सचिव द्वारा बताया गया कि पारा विधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकार का एक महत्वपूर्ण अंग है और इनका फैलाव जिले के प्रत्येक क्षेत्र है और पारा विधिक स्वयं सेवको को इसमें शामिल करने से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का प्रभाव व्यापक है।

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के मुर्ती पर किया गया माल्यार्पण

प्रातः किरण संवाददाता



गया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वें जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान स्थित गांधी मंडप में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया प्रेम सिंह मीणा उपस्थित थे। आयुक्त के सचिव, मगध प्रमंडल, गया, सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, एनडीसी, डीपीआरओ जन सम्पर्क सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी शामिल हुए हैं।इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर आयुक्त, मगध प्रमंडल, आयुक्त के सचिव, मगध प्रमंडल, गया, सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, एनडीसी, डीपीआरओ जन सम्पर्क तथा अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया है।इसके साथ ही गांधी मंडप जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया है।सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अविनाश चंद्र झा द्वारा शांति,गीता पाठ किया गया, मोहम्मद अजमातुल्लाह नदवीं, कारी मोहम्मद फतुल्लाह कुदुसी, पनहर मस्जिद द्वारा कुरआन ए पाक धर्मग्रंथ का पाठ किया गया, गुरुद्वारा के सोनू सिंह और सुनील सिंह द्वारा धर्मग्रंथ का पाठ किया गया है। गांधी मैदान चर्च से अंजली प्रधान द्वारा धर्मग्रंथ बाईबल की पाठ किया गया है। महाबोधि मंदिर के आवासीय भिकु दीपेन ,सहयोगी भंते द्वारा भगवान बुद्ध के उपदेशों के बारे में विस्तार से बताया गया है।समाहरणालय, गया स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम, विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, एनडीसी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, उच्च वर्गीय लिपिक उदय कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया तथा जीविका, टेकारी के तत्वाधान में आज गया जिला के टेकारी प्रखंड के चिल्ड्रन पार्क में विशेष स्वच्छता तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम की शुरूआत में स्वच्छता अभियान तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा स्वछता अभियान के तहत चिल्ड्रन पार्क, टेकारी की सफाई की गयी और अतिथियों द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी और हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने की प्रतिज्ञा दिलाई गयी है।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत चिल्ड्रन पार्क, टेकारी, गया में अतिथियों द्वारा सागवान, अमरुद आदि का चार पेड़ लगाया गया तथा ह्य वृक्ष हमारे जीवन का आधार है, उसकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य हैह्न का संकल्प उपस्थित लोगों ने लिया है`इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री बलंद इकबाल, प्रभारी सीबीसी, गया ने कहा कि स्वच्छता एवं एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से लोगो को स्वच्छता के साथ अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये जागरूक करने के लिए यह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज यह कार्यक्रम जीविका, टेकारी के सहयोग से आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में सीबीसी,गया के दीपक कुमार, जीविका के शशि कुमार, कुमारी खुशबु सिन्हा, ललिता देवी,आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

# कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने मचाया हंगामा

प्रातः किरण संवाददात

कुर्था (अरवल )स्थानीय थाना क्षेत्र के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में बीती रात उस वक्त अफरा तफरी का माहौल काम हो गया जब एक महिला ने अपने नवजात बच्चे का जन्म दिया और जन्म के बाद ही बच्चों की मृत्यु हो गई बस क्या था परिजनों ने कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा मचाया परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के वजह से नवजात शिशु की जान चली गई जानकारी के अनुसार मानिकपुर थाना क्षेत्र के विथरा गांव निवासी रमेश कुमार की धर्मपत्नी गुड़िया देवी जो बीती रात कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसब पीड़ा से कराह रही थी तभी उनके परिजनों ने चिकित्सकों को इलाज के लिए बुलाया लेकिन चिकित्सक समय पर नहीं पहुंच पाए इसके वजह से नवजात शिशु की मौत जन्म लेते ही हो गई हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि मृत बच्चा ही जन्म लिया था हालांकि नवजात शिशु के मौत के बाद उनके परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया ।

# महात्मा गांधी की कही हुई सात सामाजिक पाप जिसके बारे में नीतीश कुमार लोगों को बताते रहते हैं: चंदन सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।जदयू कार्यालय गया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश मुख्यालय प्रभारी स्थापना) सह राज्य बीस सूत्री समिति सदस्य चंदन कुमार सिंह उपस्थित हुए हैं। चंदन सिंह ने कहा की अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं जय जवान जय किसान के नारा बुलंद करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जो देश के लिए योगदान दिया है इसको भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा की आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महात्मा गांधी जी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए बिहार में शराबबंदी लागू किया, गांधी जिन सात सामाजिक पाप का चर्चा करते थे, ये है गांधी की कही हुई सात सामाजिक पाप जिसके बारे में नीतीश कुमार लोगों को बताते रहते हैं 1.सिद्धांत के बिना राजनीति 2. काम के बिना धन 3. विवेक के बिना आनंद 4. चरित्र के बिना ज्ञान 5. नैतिकता के बिना व्यापार 6.मानवता के बिना विज्ञान 7. त्याग के बिना पूजा, इसी सिद्धांत पर नीतीश कुमार काम करते हैं।

जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने कहा की लाल बहादुर शास्त्री देश के किसानों के लिए बहुत काम किया और उन्होंने नारा दिया जय जवान जय किसान। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की नीतीश कुमार एक मात्र नेता हैं जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों से प्रभावित होकर निरंतर काम कर रहे हैं। पटेल ने कहा की नीतीश कुमार देश का दूसरा गांधी है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, अरविंद सिंह, कार्यालय प्रभारी कमलेश कुमार दिवाकर,अरुण राव, धनंजय शर्मा, शंकर चौधरी, जितेंद्र दास,अजीत शर्मा,देवरानी आदि थे।

## डीडीओ ने किया नव निर्मित वाउंड्री का उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। भोजपुर जिले के गडहनी प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय काउप मे गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय के नवनिर्मित बाउंड्री वाल का उद्घाटन ग्राम कचहरी काउप के सरपंच योगेन्द्र राम एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ नंदजी सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर डीडीओ श्री सिंह ने कहा कि विद्यालय परिसर मे वाउण्ड्री का होना आवश्यक है।इससे विद्यालय की सुरक्षा मे मदद मिलती है। वहीं छात्र छात्र-ाओं द्वारा आगत अतिथियों का पुष्प से अभिवादन किया गया।इस दौरान विधायक प्रांगण मे सफाई अभियान चलाया गया।कार्यक्रम का शुभारंम्भ महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर किया गया।मौके पर शिक्षक शोहराब आलम, शंकर दयाल सिंह, विजय कुमार, उमा शंकर पंडित, कुमारी अंजना, रोहित कुमार, गीता कुमारी, मंजू कुमारी, नूरजहां खातून, शशिरंजन कुमार, संतोष प्रभाकर, छोटेलाल रजक सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## थानाध्यक्ष ने किया एकता खादी समिति का उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित गडहनी बाजार पर एकता खादी समिति खादी भंडार विक्रय केन्द्र का नया प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया।जिसका उद्घाटन गडहनी प्रभारी थानाध्यक्ष कुमार गौरव, रिंकु मुखिया, जदयू जिला मीडिया समन्वयक मोहम्मद इमरान अहमद उर्फ सोनु, प्रोपराइटर सारा फरहद, मोहम्मद लालबाबू के द्वा-रा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रतिष्ठान से नगर पंचायत गडहनी सहित प्रखण्ड वासियों को खादी की वस्त्र आदि की खरीदारी करने मे काफी सहूलियत मिलेगी।आज खादी की मांग बढ रही है।प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सारा फरहद आत्म निर्भरता का परिचय देते हुए रोजगार को बढावा देने का काम किया है।वहीं प्रोपराइटर ने कहा कि इस दुकान पर हर रेंज मे खादी की वस्त्र उपलब्ध है।यहां खादी के सभी कलेक्शन व वैरायटी मिलेगी।मौके पर राम प्रवेश सिंह कुशवाहा, प्रोफेसर अब्बुल हसन, आरिफ आलम सहित सैंकडो लोगो ने हजार। हजार की खर-ीदारी की।

## विद्यालय बसतपुर में धूमधाम से मनाया गया गांधी जयंती

प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। (प्रातः किरण संवाददाता) । प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के बच्चों ने पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाल कर शिक्षा एवं स्वच्छता का संदेश दिया। प्रभातफेरी के दौरान बच्चें बापू का यह था कहना, अनपढ़ बनकर कभी ना रहना और ना मैं गंदगी करूंगा ना मैं गंदगी करने दूंगा का नारा बुलंद कर रहे थे। उसके बाद विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फिर विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय के वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बच्चों को गांधी जी के संबंध में और शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर ने लाल बहादुर शास्त्री के संबंध में जानकारी दी। प्रधान शिक्षक मनोज कुमार ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।

## गले में फंदा लगाकर युवक ने की अपनी इहलिला समाप्त

प्रातः किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर पंचायत स्थित वार्ड 12 मनियारपुर टोला के एक आम बगीचे में गांव के एक युवक ने गले में फंदा लगाकर लीला समाप्त कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। मरतक युवक की पहचान मनियारपुर गांव निवासी अरुण पासवान पासवान के 25वरषीय पुत्र विशाल कुमार पासवान के रूप में हुई है। धटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव एस आई शंभू कुमार सिंह ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव ने बताया कि युवक के शब को पोस्टमार्टम में भेजा गया है गले में फंदे के अलावे शरीर पर किसी प्रकार का निशान नहीं है।

## महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती समारोह का हुआ आयोजन

# किसान महापंचायत में हजारों किसानों ने लिया हिस्सा

प्रातः किरण संवाददात

बक्सर/चौसा' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर चौसा के बनारपुर पंचायत भवन पर आयोजित विशाल किसान महा पंचायत में हजारों किसानों ने भाग लिया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तेल चित्र पर बिहार राज्य किसान सभा के महा सचिव अशोक प्रसाद सिंह, भारतीय किसान युनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार, किसान महासंघ के कमलेश सिंह राम प्रवेश सिंह यादव,मुखिया ममता देवी ने माल्यार्पण किया। बा-री बारी से सभी लोगों ने माल्यार्पण किया।किसान नेताओ ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके महत्वपूर्ण देन की चर्चा की।सत्य, अहिंसा के रास्ते सत्याग्रह के मार्ग पर किसान आंदोलन



को तेज करने का संकल्प लिया गया। आज संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार द्वा-रा बक्सर के बनारपुर पंचायत भवन के मैदान में किसान महा पंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत मे मौजूद हजारों किसानों ने प्रस्ताव पारित कर घोषणा की कि जब तक एन एच 319ए का प्रस्तावित चौसा से बनारपुर होते हुए मोहनिया तक मौजूदा सरक के एलाइनमेंट को बदलकर कर्मनाशा नदी के किनारे नहीं कर दिया जाता और मुआवजा राशि मौजूदा बाजार दर से चार गुना भुगतान नहीं हो जाता सड़क में काम नहीं शुरू होने देंगे।

पारित प्रस्ताव में यह भी कहा गया है की जिला प्रशासन के दबाव में एनएचआई अधिकारियों ने गलत रिपोर्ट भेजी है कि मौजूदा सरक का एलाइनमेंट किसानों की सहमति से तैयार की गई है,जबकि सच्चाई यह है कि इससे 5% भी किसान सहमत नहीं है।

बैठक की अध्यक्षता किसान नेता लाल साहेब उपाध्याय ने की। मंच संचालन मजदूर नेता राम प्रवेश सिंह ने किया।

बैठक में भारत सरकार के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल से संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह और बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के साथ हुई बैठक पर विस्तार चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि बक्सर के भ्रष्ट और बर्बर पुलिस प्रशासन के खिलाफ पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है कि उनके खिलाफ लंबित प्राथमिकी में विलंब नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है। राज्य सरकार द्वारा अब तक प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ उसकी इस कांड में संलिप्तता दशार्ती है।

उन्होंने ने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा सचिव ने नवीनगर थर्मल पावर के अनुरूप बकाए राशि का भुगतान का आदेश दिया है और इसके लिए अतिरिक्त 60 करोड़ रुपये का आवंटन भी भेज दिया है।

# नेशनल इंश्योरशन कम्पनी ने नही दिया कैशलेश सुविधा मीडियाकर्मियों ने ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने राज्य के मीडिया कर्मियों को बिहार पत्रकार बीमा योजना के तहत इंश्योरेंश और मेडिक्लेम की सुविधा देने के लिए नेशनल इंश्योरशन कम्पनी से अनुबंध करती है। यह अनुबंध वर्ष 2024- 25 के लिए भी किया गया है, जिसमें 676 पत्रकार शामिल हैं। पत्रकार नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी से परेशान हैं। इंश्योरेंस सह मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत जब पत्रकार अपनी चिकत्सा कराते हैं तो मेडिक्लेम की राशि 5 लाख में से 3.50 लाख उपभोग होने पर पत्रकार को फोन से सूचित कर दिया जाता है कि आपकी मेडिक्लेम की राशि समाप्त हो गया है। ऐसी घटना विगत वर्ष 2023- 24 में खुब देखने को मिली। वर्तमान वित्तीय वर्ष में उससे भी भयानक घटना देखने को मिल रही है। मानव अधिकार टाइम्स डॉट कॉम (पोर्टल) के लब्ध



प्रतिष्ठित संपादक मिथिलेश कुमार पाठ-क ने अचानक अपनी तबियत खराब होने के कारण स्वयं की चिकित्सा के लिए 24 सितम्बर 2024 को जक्कनपुर थाना के समीप स्थित ह्राज ट्रस्ट हॉस्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती हुए। मिथिलेश कुमार पाठक ने नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा दिए गए हेल्थ कार्ड को राज ट्रस्ट हॉस्पिटल को देने पर उन्होंने ईलाज पर होने वाली संभावित खर्च 85 हजार रुपए का रिक्वेस्ट थर्ड पार्टी एमडी इंडिया को भेजा। एमडी इंडिया के माध्यम से नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी ने 85 हजार रुपए के विरुद्ध प्रथम फेज के लिए 22,300 रुपए का एप्रूवल देकर ईलाज करने की स्वीकृति यह कहते हुए दी कि शेष फायनल राशि मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद थर्ड पार्टी एमडी इंडिया के माध्यम से नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी के द्वारा स्थित राज ट्रस्ट हॉस्पिटल को दिया जाएगा।

अब नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी ने अपनी खेला शुरू किया। जब मिथिलेश कुमार पाठक को राज ट्रस्ट हॉस्पिटल द्वारा जब 29-सितम्बर 2024 को डिस्चार्ज किया गया और ईलाज पर हुए खर्च रा-श का बिल भुगतान करने के लिए एमडी इंडिया के माध्यम से नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी को भेजा। कम्पनी ने ह्राज ट्रस्ट हॉस्पिटल द्वारा भेजे गए बिल और पूर्व में हॉस्पिटल को दिए गए एप्रूवल राशि दोनों को रिजेक्ट कर दिया। अब सोचनीय विषय है कि उस गरीब पत्रक-ार पर क्या बीती होगी। कहां से तत्काल उतनी बड़ी राशि का भुगतान राज ट्रस्ट हॉस्पिटल को कैसे किया होगा।

## फेयरफील्ड कॉलोनी में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर चलाया गया स्वच्छ मिशन अभियान



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। फेयरफील्ड कॉलोनी, दीघा पटना में पुलिसकर्मी विवेक कुमार ने महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ मिशन के तहत एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त और बीमारी मुक्त समाज का निर्माण करना था। पुलिसकर्मी विवेक कुमार ने हर घर जाकर कपड़े के थैले वितरित किए और नागरिकों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूक किया। कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया। यह अभियान गांधी जी के स्वच्छ भारत और स्वस्थ समाज के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और पुलिस एवं जनता के बीच एक स्वस्थ संबंध स्थापित किया। इस प्लास्टिक मुक्त अभियान में सत्य सिंह, विनय कुशवाहा, प्रकाश फ्रांसिस, एलेन फ्रांसिस, रवि राज आदि स्वच्छ मिशन वॉरियर्स ने भी भाग लिया और गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्वच्छता गीत एवं नुक्कड नाटक सफाई मे भलाई के माध्यम से आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

■ पार्षदों को पौधा देकर किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। नगर पंचायत गड़हनी परिसर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य पार्षद कुबू निशा, उप मुख्य पार्षद बब्लू सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी मेघा एवम सभी पार्षदों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महात्मा गांधी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।वहीं मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, एवं कार्यपालक पदाधिकारी ने पार्षद आरती कुमारी, मुन्ना कुमार राम, चंदन सोनी, कलावती देवी, प्रेमचंद यादव, ओमप्रकाश, पार्षद प्रतिनिधि असलम अंसारी, जीतन, पार्षद प्रतिनिधि अविनाश राव को संयुक्त रूप से एक



एक करके पौधा देकर सम्मानित कर जल जीवन हरियाली अभियान को बल दिया साथ ही स्वच्छ भारत सुन्दर भारत का नारा लगाया।वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में नगर पंचायत गड़हनी के सभी मध्य विधालय की चयनित छात्राओं ने भाग लिया।प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं सभी सफाई कर्मियों को भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बेहतर कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र दिया गया।कार्यक्रम लोक स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन अधिकारी विनीता कुमारी के देख रेख में हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता प्रो० अरुणेश कुमार सिंह ने किया।मौके पर नाजिर पंकज कुमार, सफाई जमादार संजय कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

नगर पंचायत परिसर में स्वच्छता ही स-वा 2024 एवम जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर को भारती नाट्य क्लब बक्सर के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।नाटक के माध्यम से कूड़ा कचड़ा को डस्टबिन में ही फेंकने, खुले में शौच नहीं करने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का मैसेज दिया गया।वहीं बतिया के मान हो गुजरिया गंदगी से होखेला रोग-- स्वच्छता गीत एवं नुक्कड नाटक सफाई मे भलाई के माध्यम से आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान कलाकरों के अभिनय से सभी लोग काफी प्रभावित हुए।

## एमएलसी के नेतृत्व में गड़हनी में चलाया गया सफाई अभियान



■ मौके पर सैकड़ो लोगो बने भाजपा के सदस्य

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। भाजपा एमएलसी जीवन कुमार के गडहनी आगमन पर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा फूल माला व अंगवस्त्र से स्वागत किया गया।वहीं एमएलसी के नेतृत्व में गड़हनी स्थित मठिया आश्रम परिसर मे सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।ततपश्चात मठिया आश्रम प-रसर मे भाजपा कार्यकताओं ने सफाई किया।वहीं कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए एमएलसी श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 17 सितम्बर से स्वच्छ्ता अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में आज बुधवार को गडहनी मे सफाई अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के बारे में बताया गया।उन्होंने कहा कि साफ सफाई से हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहता है।वहीं हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ो लोगों को भाजपा का सदस्य भी बनाया गया।इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं शिक्षकों में मुन्ना सिंह, अरुण सिंह, हरीश कुमार, पैक्स अध्यक्ष नीरज सिंह, लड्डू सिंह, अभिषेक सिंह, सन्तोष कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एक लाठी,एक धोती पर बापू ने देश को आजादी दिलाई : रामबाबू

## लालबहादुर शास्त्री भी किए गए याद

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती बुधवार को धूम-धाम से मनाई गई।

इस दौरान रक्सौल महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने कहा कि पू-रे देश में जब अंग्रेजों द्वारा आम लोगों पर अत्याचार बढ़ गया था, उसी क्रम में चंपारण में नील की खेती होती थी, जिसे अंग्रेजी हुकूमत को अच्छा आमदनी होता था, जिसमें काम करने वाले रूप में हमारे चंपारण वासियो को पसीना के साथ-साथ खून भी बहाना पड़ता था। खेती में जब महात्मा गांधी जी चंपारण आए और उन्होंने देखा की अधिकांश लोगों के शरीर पर कपड़ा नहीं है, भरपेट खाना तो छोड़ दीजिए शरीर पर आधा कपड़ा ही रहता था, तब से वह संकल्प लिए कि जब तक हमारे देशवासियों को पूरे शरीर पर कपड़ा नहीं होगा, तब तक मैं एक ही धोती में रहूंगा और उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन चंपारण से शुरू की। यह सत्याग्रह आंदोलन ऐसा रूप ले लिया कि पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ एक मुहिम चला। यह बहुत बड़ा आंदोलन साबित हुआ। इसमें अंग्रेजी हुकूमत को झुकना पड़ा और देश छोड़ने पर उनको मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम लोग उनके जयंती मना रहे हैं। वहीं कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था ह्यजय जवान जय किसान, उनको भी हम लोग नमन करते हैं और आज हम लोग शपथ लिए की बापू के बताए हुए रास्ते पर चलें। मौके पर राजद प्रवक्ता रवि मस्करा, व्यवसाय प्रकोष्ठ के सुनील कु-शवाहा, रक्सौल प्रभारी मोहम्मद सैफुल आजम, पूर्व मुखिया संजय पांडे, जिला महासचिव राजेश कुमार, किसान सेल के अध्यक्ष अवधेश यादव, देवीलाल बैठा, विनोद यादव, मुमताज आलम, उप मुखिया बिजली रावत, मुमताज खान, राजेश महतो, मोहम्मद असलम, कन्हैया महतो, मोहम्मद एजाजुल हक आदि मौजूद थे।

## गांधी जयंती पर एसएसबी ने सोनो प्रखंड के थम्हन गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

सोनो जमुई । गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 16 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जमुई बिहार के कमांडेंट श्री मनीष कुमार के निर्देश पर सी0 समवाय चरका पत्थर एसएसबी कैंप के कंपनी कमांडर श्री अभिनव तोमर के नेतृत्व में बुधवार को सोनो प्रखंड के ग्राम पंचायत राज थम्हन स्थित थम्हन गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अभियान में स्थानीय लोगों के साथ साथ सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर पुरे गांव की साफ सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया । यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित किया गया था , जिसका उद्देश्य देश को स्वच्छ और हरित बनाना है ।कमांडेंट श्री मनीष कुमार ने कहा की गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान आयोजित करना हमारे लिए सम्मान की बात है ।हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।कंपनी कमांडर अभिनव तोमर और मुखिया प्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव ने पुरे गाँव का भ्रमण कर लोगों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया ।

## बच्चों ने दी बापू को स्वच्छ स्कूल की स्वच्छांजली

प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। दरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी पीपरा उर्दू में बुधवार को राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी एवं भारतरत्न लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर बच्चों ने समारोहपूर्वक सादर नमन किया। समारोह की शुरूआत उक्त महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण,दीपार्चन और पूष्पार्चन से हुई। बता दें कि समारोह के पूर्व बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में तिरंगे की अगुवाई में महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ प्रभातफेरी निकाली। बच्चे विभिन्न देशभक्ति नारे लगा रहे थे।साथ ही, बच्चों ने विद्यालय परिसर की सफाई कर राष्ट्रपिता को स्वच्छ स्कूल की स्वच्छांजली अर्पित की। बच्चों का नेतृत्व शिक्षक शिव शंकर गिरि ने किया। उक्त बाबत बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मरगुब आलम ने बताया कि भारत कल भी महात्मा गांधी के बताए अ-हिंसा के रास्ते पर चला, आज भी चल रहा है और भविष्य में भी इसी राह पर चलने को संकल्पित है। तभी



तो वैश्विक शांति स्थापित करने में भारत की भूमिका हर कोई स्वीकार करता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि महात्मा गांधी के मार्ग से ही भारत आजाद हुआ। हम चूंकि बापू द्वारा दिखाए गए रास्ते पर ही आगे बढ़ते रहे, इसलिए हम विश्व के सबसे बड़े सफल लोकतांत्रिक देश है। मौके पर शिक्षक इजहार हुसैन, चन्दन कुमार, मुंतजिर आलम, अंजु सहित प्रसून कुमार गिरि, गोपाल बैठा,अमन कुमार, अरविंद कुमार,दीपेश कुमार,शिवम कुमार,फैसल रहमान, आबिद आलम,खुशी आलम,साबीर मियां, अरमान आलम,नूरसाबा खातून, सानिया अंजुम, रेशमा खातून,गुलशन खातून,नूरजन्नत खातून, शाहजहां खातून,रोबिना खातून,नाजिया खातून आदि सैकड़ों बच्चे शामिल थे।

## स्वस्थ समाज में स्वस्थ शरीर विद्यमान होता है: डॉ. सुरेंद्र निराला

जमुई । (प्रातः किरण संवाददाता) झाझा पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 2 अक्टूबर 2024 को, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के सिद्धांतों और उनके योगदान को याद करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ. सुरेंद्र निराला द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद छात्रों ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। छात्रों द्वारा गांधी जी के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके सत्य, अहिंसा और सरल जीवन के संदेश को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। इसके बाद सभी बच्चों ने झाझा शहर में घूम कर शहरवासियों को अपने शहर को साफ रखना एवं जहां-तहां गंदगी नहीं फैलाने को आग्रह किया। विद्यालय के निदेशक ने अपने संबोधन में गांधी जी के विचारों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया और बताया कि कैसे गांधी जी के सिद्धांत आज भी समाज में प्रासंगिक हैं। अंत में, विद्यार्थियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नगर क्षेत्र स्थित महात्मा महापुरूषों की प्रतिमा स्थल पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

जमुई । (प्रातः किरण संवाददाता)। बुधवार को पार्टी के दिशा निर्देश पर भाजपा नगर व प्रखंड इकाई की ओर से गांधी जयंती पर नगर अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में महापुरूषों की प्रतिमा के साथ साथ आसपास के स्थलों की स-फ- सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह क्षेत्रीय प्रभारी मनीष पांडे, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र यादव, भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के शैलेश कुमार, संतोष झुनझुनवाला, नरेश यादव, परमेश्वर यादव, पटना साहिब लोकसभा के विस्तारक भैयालाल माथुरी, संजीव बंका, विकासचंद्र आर्या, नंदू विश्वकर्मा, दिलीप झा सहित अन्य लोगों ने पुरानी बाजार में बापू की प्रतिमा, सोहजाना मोड स्थित कपूरी ठाकुर, पुरानी बाजार स्थित पूर्व स्वतंत्रता सेनानी शिवनंदन झा की प्रतिमा की साफ- सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित पार्टी के लोगों ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के आज दस वर्ष पूरे हो गए है। इस अभियान में देश के लाखों लोगों ने अपना योगदान दिया किसी ने मकान बेचकर किसी ने जमीन बेचकर तो कई सेवानिवृत सैनिक कर्मचरी अपना संपूर्ण रिटायरमेंट की राशि स्वच्छता अभियान में दान कर दिए है। देश वासियों के सहयोग से आज हमारा देश भारत स्वच्छपूर्ण देश बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है।

## खेत में बकरी घुस जाने के विवाद पर मां बेटी के साथ की गई मारपीट

जमुई । (प्रातः किरण संवाददाता)। खेत में बकरी घुस जाने की बात को लेकर एक महिला और उसकी गर्भवती पुत्री के साथ गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा बेरहमी से मारपीट कि गई। घायल दोनो महिलाओं को इलाज के लिए लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल मां बेटी का इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान योगियाटीला गांव की रहने वाली चेनिया देवी और उसकी गर्भवती पुत्री सुनीता देवी के रूप में हुई। मारपीट की घटन में चेनिया देवी को गंभीर चोट लगी है। मारपीट के संदर्भ में सुनीता देवी ने बताया कि मेरा बकरी मेरे खेत में था कि लेकिन सुचित यादव के घर वाले अपने खेत में बकरी घुस जाने को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा जब मेरी मां विरोध किया तो सुचित यादव उसकी पत्नी सीता देवी, और सिंकू कुमारी, लखिया देवी मेरी मां के साथ लाठी डंडा से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया और जब मै अपनी मां को बचाने के लिए गई तो मेरे साथ भी मारपीट किया। मारपीट की घटना की जानकारी पुलिस को भी दिया गया।

## सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में मनाई गई गांधी और शास्त्री जी की जयंती

जमुई/ई०अलीगंज । (प्रातः किरण संवाददाता)। अलीगंज प्रखंड में धूमधाम से गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती केक काट मनाई गई है। अलीगंज में पार्टी कार्यालय,सहित शिक्षण संस्थानों सहित कार्यालयों में बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने बुधवार को महात्मागांधी और आदर्श राजनेता और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया। वहीं अलीगंज में विवेकानंद विद्या कांसेप्ट स्कूल में डायरेक्टर कृष्ण प्रसाद एवं प्राचार्य अभय मोहित सहित बच्चों ने सर्वप्रथम गांधी जयंती एवम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की शुभ अवसर पर विवेकानंद स्कूल में बच्चों ने स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई अभियान चलाया एवं केक काटकर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया । वहीं नमन विद्या पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर वेद प्रकाश की अध्यक्षता में गाँधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई गई।

# मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय में गांधी जयंती पर गांधी एक विचार प्रक्रिया विषय पर सेमिनार आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गांधी विषयक सेमिनार आयोजित किया गया शिक्षा विभाग में याद किए गए महात्मा गांधी हम इतिहास नहीं बनेंगे बल्कि इतिहास बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे यह बात आज मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गांधी एक विचार प्रक्रिया विषयक सेमिनार पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. अली इमाम खान ने कही.गांधी जी को याद करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. खान ने कहा कि गांधी जी की तरह हमें हर तरह की असमानता का विरोध करना चाहिए. इसके लिए सत्य और अहिंसा के हथियारों का प्रयोग करके सत्याग्रह हेतु प्रतिबद्ध रहना चाहिए. उन्होंने गांधी




के विचारों संपूर्णता में समझने की बात करते हुए कहा कि गांधी जी के सत्य को उत्तरसत्यवाद के संदर्भ में समझने की जरूरत है. गांधी जी के वैष्णव जन की परिकल्पना को तब तक सार्थक नहीं समझा जा सकता है जब तक अंत्योदय को भारतीय परिदृश्य में पूर्णत लागू नहीं कराया जाता.

मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के कुलसाचिव कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि ह्यगांधी होना बहुत कठिन है और गांधीवादी होना तो अति कठिन कार्य है. गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में लागू करना चाहिए. उन्होंने गांधी के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक दर्शनों की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने बुनियादी शिक्षा की चर्चा की. वक्ता के तौर पर पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के डॉ मुकेश ने पत्रकार के तौर पर गांधी जी को रेखांकित किया. प्रेस और मीडिया के भारतीय परिदृश्य में उनकी प्रासंगिकता को गांधी जी के जंतर द्वारा बताया कि आज भी महात्मा गांधी के विचार प्रेस हेतु प्रासंगिक हैं. गांधी एक विचार प्रक्रिया विषयक सेमिनार की अध्यक्षता करते हूए शिक्षा विभाग के संकाय अध्यक्ष डॉ असदुल्लाह ने गांधी और मौलाना मझहरूल हक की विचारों की एकता को रेखांकित किया. कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षा विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता ने रखी. इस अवसर पर पैंतीस विद्यार्थियों ने गांधी जी के विभिन्न पहलुओं पर पत्र प्रस्तुत किए.

इस सत्र का संचालन ऋचा आर्य ने किया. इस अवसर पर मानविकी के संकाय अध्यक्ष डॉ एजाज आलम,डॉ रणजीत,डॉ चंद्रेश्वरी, डॉ तारिक, डॉ तृष्णा डॉ तहसीन, डॉ जावेद, डॉ. रहमान, डॉ. तौकीर, डॉ मुमताज, डॉ अबरारूल, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ निखिल सहित नाहिद, एहतेशाम,संजर, सपना, विनंदिता,पूजा,शाहनवाज, याहिब,सूरज, धर्मेंद्र, प्रतिभा,सहित कई विद्यार्थी शामिल हुए ।

## डीपीओ ने किया कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नये भवन का उद्धघाटन

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज । प्रखंड के इस्लामनगर गाँव में बुधवार 02 अक्टूबर को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में उद्धघाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीओ मानस मिलिंद एवं बीईओ हर-िश चंद्र सिंह सहित उपस्थित अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वालित कर विद्यालय भवन का उद्धघाटन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यालय के बच्चियों द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई, एवं विद्यालय शिक्षकों के द्वारा अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी उपस्थित अतिथियों ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पूर्व यह विद्यालय पुराने भवन में संचालित था।

सभा को संबोधित करते हुए डीपीओ ने बताया कि शिक्षा से वंचित समाज के ऐसे लोग जो किन्हीं कारणों से शिक्षा के मुख्य धारा से वंचित रह गए हो ऐसे समाज की छात्राओं को उत्तम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए इस विद्यालय की स्थापना हुई है। शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास की शिक्षा भी यहां दी जाएगी।

उन्होंने विद्यालय के शिक्षिकाओं को अच्छी शिक्षा देने और वार्डेन को विद्यालय परिसर में सुंदर माहौल बनाकर रखने का निर्देश दिया। आत्मरक्षा के लिए जुडो-कराटे इत्यादि की भी शिक्षा की व्यवस्था है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

## गायत्री परिवार द्वारा गांधी जयंती पर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई ।प्रखंड अंतर्गत बैजला पंचायत के बाल संस्कार शाला केंद्र मध्य विद्यालय बैजला प्रांगण में आदर्श युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार द्वा-रा गांधी जयंती के पावन अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौजूद शिक्षक व छात्र - छात्र-ाओं ने गांधी जी को नमन, वंदन व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। क्विज प्रतियोगिता आयोजित होने के उपरांत सवच्छता ही सेवा कार्यक्रम पर विशेष गोष्ठी की गई वहीं बाल संस्कार शाला के कोमल कुमारी इत्यादि बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पेंटिंग बनाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया ।

आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने कहा कि साफ - सफाई जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। सफाई से रहने की आदत बच्चों को बाल्यकाल से ही सिखानी चाहिए। गंदगी हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त करती हैं।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है।

स्वच्छ रहने से हम स्वस्थ रहेंगे, हमारे अंदर सकारात्मक सोच विकसित होगी और मन में अच्छे विचार आएंगे। स्वस्थ शरीर व स्वच्छ मन से ही सभ्य समाज की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता हैं। मौके पर विद्यालय प्रभारी सुरेश यादव, मनीष कुमार, नीतीश कुमार, नीतीश कुमार सूर्य सहित कई लोग मौजूद थे।




# भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप, 24 देश लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है।



विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## सुमित नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर



**शंघाई (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

## मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूँ क्योंकि : स्टीव स्मिथ



**मुंबई (एजेंसी)।** शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा मैदान पर उन्हें परेशान करते हैं क्योंकि वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं और हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के करीब आते ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने अपने विचार साझा कर रहे है कि उन्हें टीम इंडिया में कौन सबसे ज्यादा परेशान करने वाला या मजेदार लगता है।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्मिथ ने कहा, मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूं, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं, चाहे वह रन बनाना हो, विकेट लेना हो या शानदार कैच लेना हो। यह कभी-कभी थोड़ा परेशान करने वाला हो सकता है, लेकिन वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं।

## टिम साउथी ने दिया इस्तीफा, भारत दौरे पर टॉम लाथम को न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की कप्तानी

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी ने न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है और विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लाथम भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम की कमान संभालेंगे। यह फैसला गॉल में श्रीलंका के खिलाफ कीवी टीम की 2-0 की हार के बाद आया है जिसमें से एक मैच में पारी और 154 रनों के बड़े अंतर से हार भी मिली। आईसीसी के अनुसार साउथी न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के प्रभारी हैं। जब से केन विलियमसन ने 2022 के अंत में पद छोड़ा है, उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में से छह में जीत और दो ड्रॉ के साथ टीम की कप्तानी की है। 35 वर्षीय ने कहा कि पद छोड़ने का फैसला टीम के सर्वोत्तम हित में था और वह नए कप्तान के रूप में लाथम का समर्थन करेंगे। आईसीसी के हवाले से साउथी ने कहा, %मेरे लिए बहुत खास फॉर्मेट में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है।



## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग | बुमराह फिर नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने

### इस दिग्गज को मात्र एक अंक से पछाड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज के रूप में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी के अनुसार कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की हाल ही में 7 विकेट की जीत के दौरान मैच में छह विकेट लेने के बाद बुमराह ने टीम के साथी रविचंद्रन अश्विन को मात्र एक अंक से पीछे छोड़ दिया और दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। इस जीत में प्रति पारी तीन विकेट शामिल हैं।



अश्विन ने उस मैच के दौरान 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन (चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच स्थान ऊपर 28वें स्थान पर) ने रैंकिंग सुधार किया। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की क्योंकि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 विकेट लेकर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन इस सप्ताह की रैंकिंग अपडेट भारत के नाम है जिसने बांग्लादेश पर सीरीज में जीत दर्ज की, जिससे वे अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। ??उन्होंने इस मुकाबले में 72 और 51 रन बनाए। इसका मतलब यह है कि टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में जायसवाल से आगे केवल इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं, जबकि टीम के साथी विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ 47 और 29* रन की पारी खेलने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंचने के बाद शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंडु मेंडिस भी आगे बढ़ने वाले एक अन्य खिलाड़ी हैं, 26 वर्षीय खिलाड़ी पांच स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं और न्यूजीलैंड के साथ अपनी टीम की हालिया सीरीज के दूसरे टेस्ट में एक और शतक बनाने के बाद अपने करियर की नई रेटिंग पर पहुंच गए हैं। हमवतन दिनेश चांदीमल (छह स्थान के सुधार के साथ 20वें स्थान पर) और एंजेलो मैथ्यूज (चार स्थान के सुधार के साथ 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं, जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन (दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर) टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में बड़े बदलाव करने वाले हैं क्योंकि भारत के रवींद्र जडेजा ने शीर्ष पर अपनी स्वस्थ बढ़त बनाए रखी है।

नई व्हाइट-बॉल रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टीम की श्रृंखला पूरी होने के बाद एक स्थान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की सूची में 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोड़ीदार हैरी ब्रूक (73 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर) और बेन डकेट (30 स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर) बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की नई उच्च रेटिंग पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के साथी आदिल राशिद (चार स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) और जोफ्रा आर्चर (16 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़े सुधार वाले खिलाड़ी रहे हैं।

## ईरानी कप
## भारतीय टीम से लौटे सरफराज खान ने ठोका शतक, लगाए 14 चौके



**मुंबई (एजेंसी)।** सरफराज खान ने ईरानी कप में मुंबई की टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 अक्टूबर बुधवार को शेष भारत के खिलाफ अपना 15वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन लंच से पहले सरफराज ने 150 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

मुंबई के इस बल्लेबाज को हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। ईरानी कप में खेल शुरू होने से पहले उन्हें टीम से रिलीज कर दिया गया था। सरफराज ने बांग्लादेश के खिलाफ किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि केएल राहुल उनसे आगे थे। सरफराज पहले दिन मुंबई के 4 विकेट पर 139 रन पर बल्लेबाजी करने आए थे। इसके बाद उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन के लिए मैच को संभाला।

रहाणे और सरफराज ने पहले दिन के अंत तक 98 रन जोड़े और सुनिश्चित किया कि मुंबई 4 विकेट पर 237 रन बनाए। दूसरे दिन दोनों ने 43 रन और जोड़े, लेकिन रहाणे 97 रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर आउट हो गए और शतक से चूक गए। इसके बाद सरफराज के साथ शम्स मुलानी क्रीज पर आए, लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और मुकेश कुमार ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसका मतलब था कि सरफराज को अब चीजों को संभालना था और खुलकर रन बनाने थे। उनके साथ तनुश कोटियन आए और दोनों ने 58 रन बनाए और मुंबई को लखनऊ में लंच तक 6 विकेट पर 338 रन तक पहुंचाया।

पिछले ओवर में करीबी मुकाबले से बचने के बाद सरफराज ने 92वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। मुंबई के बल्लेबाज ने लंच तक 155 गेंदों पर 103 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें उनके नाम 14 चौके शामिल थे।

## जायसवाल और सिराज ने जीता 'फील्डर ऑफ द सीरीज' मेडल

**कानपुर (एजेंसी)।** बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कानपुर में दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर भारत की जीत के बाद संयुक्त रूप से प्रतिष्ठित 'फील्डर ऑफ द सीरीज' पदक के विजेता बने। भारत के आक्रामक क्रिकेट और परिणाम देने की इच्छाशक्ति ने कुछ शानदार शॉट्स, तेज गेंदबाजी और शानदार डाइविंग, एक हाथ से कैच लपके जिससे मेन



इन ब्लू ने सोमवार को कानपुर में बांग्लादेश पर 7 विकेट की जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना वर्चस्व बनाए रखा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में फील्डिंग कोच टी दिलीप ने टीम के 'खेल बदलने वाले क्षणों' में बदलने के इरादे की सराहना की, चाहे वे किसी भी मौसम की स्थिति से निपटें। दिलीप ने कहा, चाहे चेन्नई में नमी हो या कानपुर में चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति, एक बात सामान्य थी, उन आधे मौकों को खेल बदलने वाले क्षणों में बदलने का इरादा। यह बहुत स्पष्ट था। हमारे स्लिप कैच और क्लोजिंग कैच का विशेष उल्लेख। ऐसी परिस्थितियों में जहां प्रतिबिंब और एकाग्रता का परीक्षण किया गया था, हमने बिल्कुल शानदार प्रदर्शन किया।% फील्डिंग कोच ने पदक के दावेदारों के रूप में जायसवाल को सिराज चुना और दोनों ने एक दूसरे को मेडल पहनाए।

गौर हो कि दो दिन मैच नहीं खेला गया लेकिन भारत द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने पर बांग्लादेश ने चौथे दिन अपनी पारी फिर से शुरू की। मोमिमुल हक (194 गेंदों में 107 रन, 17 चौकों और एक छक्का) ने शतक लगाया जिससे बांग्लादेश 233 रन तक पहुंचा। जसप्रीत बुमराह ने तीन, जबकि सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आकाश दीप ने दो-दो विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

रन बनाने की अथक भूख के साथ भारत ने 285/9 के स्कोर पर पारी घोषित की। यशस्वी जायसवाल (51 गेंदों में 72, 12 चौकों और दो छक्के) और केएल राहुल (43 गेंदों में 68, सात चौकों और दो छक्के) ने तेज अर्धशतक लगाए, जबकि रोहित (23), विराट कोहली (47) और शुभमन गिल (39) ने भी तेज पारी खेली।

## पीएम नरेंद्र मोदी से मिले दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बुधवार को इंस्टाग्राम पर गेल ने होलनेस की यात्रा के दौरान पीएम मोदी और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से हाथ मिलाते और उनसे मुलाकात करते हुए वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कीं।



गेल ने ट्वीट किया, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जमैका टू इंडिया वनलव। जमैका के प्रधानमंत्री 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है। जमैका के प्रधानमंत्री ने मंगलवार एक अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, जो उनके साझा औपनिवेशिक अतीत, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्यों और क्रिकेट के प्रति जुनून में परिलक्षित होते हैं। गेल जमैका और पूरे कैरिबियन से भारत में खेल के सबसे बड़े एम्बेस्डरों में से एक हैं। 1999-2021 के बीच 42 शतक और 105 अर्द्धशतक के साथ खेल में निरंतरता और बदलते समय के साथ अनुकूलन करने की क्षमता ने गेल को लोकप्रिय बनाया। अपने करियर के दूसरे भाग में गेल मुख्य रूप से अपने टी20 कारनामों के लिए प्रसिद्ध हो गए जिसमें उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से 14,562 रन के साथ प्रारूप के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, जिसमें 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक शामिल थे। उनके पास टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 175* भी है।

## बाबर आजम ने पाकिस्तान टीम की कप्तानी छोड़ी, इस प्लेयर को मिल सकती है जिम्मेदारी

**कराची (एजेंसी)।** बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौंपें जाने की संभावना है। बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्होंने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे में कब सूचित किया था। इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि वह अब अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगाना चाहते हैं। बाबर ने कहा, 'मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं। मैंने पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को इस बारे में अवगत करा दिया था और इसे तभी से प्रभावी माना जाएगा।



उन्होंने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़कर अपनी मुख्य भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। बाबर ने पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ दी थी लेकिन इस साल मार्च में उन्हें फिर से सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप
## भारत ने गेंदबाजी के दम पर जीता वार्म अप मैच, द. अफ्रीका को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 की राह में दक्षिण अफ्रीका को वार्मअप मैच में हरा दिया है। दुबई की आईसीसी अकादमी ग्राऊंड में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने खराब शुरूआत के बावजूद ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा की उत्कृष्ट पारियों की बदौलत 7 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने जैसे ही ओपनर्स को गंवाया, टीम रन रेट का पीछे करने से पिछड़ गई। अंत में एनेरी डर्कसन 21 रन बनाकर नाबाद रही लेकिन तब तक ओवर पूरी हो चुके थे। इस तरह दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हार झेलनी पड़ी।

### भारतीय महिला : 144/7 (20 ओवर)

भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। शैफाली वर्मा 0 पर ही आऊट हो गई। इसके बाद स्मृति मंधाना ने 22 गेंदों पर 21 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 11 गेंदों पर 10 रन बनाए। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्ज ने एक छोर संभाल लिया। उन्हें ऋचा घोष का बाखूबी साथ मिला। जेमिमा ने 26 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 30 रन बनाए। इसके बाद ऋचा का साथ दीप्ति शर्मा ने दिया। ऋचा जहां 25 गेंदों पर दो चौके और 2 छक्कों की मददसे 36 रन बनाए। इसके बाद दीप्ति ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाकर स्कोर 144 तक पहुंचा दिया। साऊथ अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने 25 रन देकर 5 विकेट लीं।

### भारतीय दक्षिण अफ्रीका : 116/6 (20 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका ने 145 रन का लक्ष्य मिलते ही लॉरा और तजमीन ब्रिट्ज की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। कप्तान लॉरा ने 26 गेंदों पर 29 रन तो ब्रिट्ज ने 25 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अनीका 3 और सुन लुस 3 का जल्द विकेट गंवा दिया। मध्यक्रम में चोल ने एक छोर संभाला लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहारा नहीं मिला। वह 20 गेंदों पर 24 रन बनाकर आऊट हो गई। इसके बाद एनेरी डर्कसन ने 16 गेंदों पर 21 रन जरूर बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। दक्षिण अफ्रीका 116 रन ही बना पाई और 28 रन से वार्मअप मुकाबला गंवा दिया।



### दोनों देशों की टीमें

**भारतीय महिला** - स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (डब्ल्यू), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, एस सजना, अरुंधति रेड्डी, आशा शोभना, राधा यादव, रेणुका ठाकुर सिंह, श्रेयंका पाटिल

**दक्षिण अफ्रीका महिला** – एनेके बॉश, लौरा वोल्वार्ड्ट, ताज़मिन ब्रिट्स, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), मारिज़ैन कप्प, क्लो ट्राईटन, एनेरी डर्कसन, नादिन डी क्लार्क, सुने लुस (कप्तान), अयाबोंगा खाका, अयंदा ह्लुबी, सेशनी नायडू, तुमी सेखुखुने, नॉनकुलुलेको म्लाबा

## संक्षिप्त समाचार

### पैसों का लेन-देन ही नहीं तो ईडी कैसे कर सकती है जांच: सिद्धरमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एमयूडीए स्कैम को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच उन्होंने मंगलवार को विवाद पर अपना रुख कड़ा करते हुए कहा है कि मैसूर में उनकी पत्नी पार्वती को उनकी जमीन के बदले में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने सवाल उठाए हैं कि अगर पैसों का कोई लेन देन नहीं हुआ है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे बन सकता है और प्रवर्तन निदेशालय इसकी जांच कैसे कर सकती है। सीएम ने कहा है कि ईडी द्वारा मामले की जांच करने की कोई गुंजाइश नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा है कि एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी के 3.16 एकड़ जमीन के बदले सिर्फ कंपनसेटरी जमीन दी गई थी। मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरी राय में अधिग्रहित जमीन के बदले में दिए गए प्लॉट मनी लॉन्ड्रिंग के तहत नहीं आते हैं।

### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' का शानदार समापन हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीज़न के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज़ पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीज़न के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ। ब्लॉकबस्टर निर्देशकऔर लोकप्रिय टीवी होस्ट रोहित शेट्टी की मेज़बानी में, हुंडई की प्रस्तुति, पावर्ड बाय चार्ज्ड, स्पेशल पार्टनर्स इंडिका इजी हेयर कलर, विक्स एंड बर्जर पेंट्स, शो का 14वां सीज़न एक शानदार एक्शन के बाद समाप्त हो गया।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के वर्ल्ड हार्ट डे मैराथन ने दिल की अच्छी सेहत की मुहिम को प्रोत्साहन दिया

**अहमदाबाद एजेंसी।** भारत में कार्डियक साइंसेज के सबसे बड़े और सबसे अनुभवी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने 29 सितंबर, 2024 को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में बड़े स्तर पर मैराथन का आयोजन किया। दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा अंगदान के नेक कार्य में सहयोग देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मैराथन की तीन श्रेणियों – यानी 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की मैराथन दौड़ में 2,000 से अधिक लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। समुदाय को दिल की सेहत की परवाह करते हुए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना ही इस पहल का उद्देश्य था, ताकि सभी लोग दिल का ख्याल रखने के साझा लक्ष्य के साथ एकजुट हो सकें। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले मैराथन धावक श्री जगत करणी के साथ-साथ सुश्री नीता देसाई, आईपीएस, ट्रैफिक, अहमदाबाद, तथा श्री नीरव बारोट, पुलिस इंस्पेक्टर, अहमदाबाद भी उपस्थित थे। उनकी मौजूदगी ने इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा समुदाय को शारीरिक तंदुरुस्ती से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की सभी की सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने बड़े उत्साह के साथ विश्व हृदय दिवस के मौके पर आयोजित अपनी पहली मैराथन के सफल समापन की घोषणा की।

# लोकतंत्र या नोट तंत्र, पंजाब में सरपंच पद की 2 करोड़ में नीलामी; चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। इस बीच, गुरदासपुर जिले के एक गांव में सरपंच पद के लिए हुई नीलामी में 2 करोड़ रुपए की बोली लगी है। इसकी खबर मिलते ही राज्य चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयोग ने लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाली ऐसी नीलामी पर राज्य के सभी जिलाधिकारी-सह-जिला चुनाव अधिकारियों से इस संबंध में 24 घंटे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि बड़ी लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत इस तरह की प्रक्रिया के कानूनी और नैतिक परिणामों की जांच करने के लिए राज्य चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मुद्दे के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नर-सह-जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में ऐसी किसी भी विशेष घटना, चाहे रिपोर्ट की गई हो या प्रक्रिया में हो, की पूरी बारीकी से निगरानी करें और 24 घंटों के भीतर अपनी टिप्पणियों सहित विस्तृत रिपोर्ट आयोग को पेश करें। ये नीलामी पंजाब के गुरदासपुर के गांव हरदोवाल कलां में सरपंच पद की हुई है। हरदोवाल कलां जिले के सबसे बड़े गांवों में से एक है। यहां सरपंच पद के लिए आयोजित नीलामी की बोली 50 लाख रुपए से शुरू हुई जिसमें स्थानीय बीजेपी नेता आत्मा सिंह ने 2 करोड़ रुपए की ऊंची बोली लगाई। बोली की प्रक्रिया के बाद चेक से भुगतान करने वाले स्थानीय भाजपा नेता आत्मा सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने एक ऐसे सरपंच को चुनने का निर्णय लिया है जो गांव के लिए अधिकतम धनराशि देगा। उन्होंने कहा कि नीलामी की राशि गांव के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की एक समिति कोष आवंटन पर फैसला करेगी। आत्मा सिंह के पिता भी गांव के सरपंच रह चुके हैं। पंजाब में 15 अक्टूबर को पंचायत के चुनाव होंगे। वहीं, इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनि?धिमंडल वित्त मंत्री हरपाल चीमा के नेतृत्व में राज्य चुनाव आयोग पहुंचा और चुनाव आयुक्त से अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। चीमा ने उन रिपोर्टों पर चिंता जताई जिनमें संकेत दिया गया है कि कुछ व्यक्ति सरपंच और पंच पदों के लिए नीलामी में शामिल होकर चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनैतिक प्रथा न केवल हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की पवित्रता को धूमिल करती है बल्कि सार्वजनिक प्रतिनिधित्व के सार को भी खतरे में डालती है। आप प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से ऐसी किसी भी अनियमितता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया और तुरंत जांच की मांग की। वहीं, कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी सरपंच पद की नीलामी की निंदा की है और इसका आयोजन करने वालों के लिए जेल की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह खुला भ्रष्टाचार है।

## नोएडा डिपो से 50 एसी लग्जरी बसें चलाने की तैयारी, 11 शहरों के लिए रूट प्लान फाइनल

**नोएडा एजेंसी।** यूपी रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। नोएडा के मोरना स्थित रोडवेज बस डिपो से 50 एसी वॉल्वो बसें चलेंगी। यह सभी बसें लग्जरी होंगी। इसके अलावा 12 स्लीपर बसें भी चलेंगी। इनमें छह एसी और बॉकी साधारण स्लीपर बस होंगी। अगले साल मार्च से पहले बसें चलाने की तैयारी है। इन बसों के लिए रूट चार्ट बनाकर मुख्यालय भेज दिया गया है।

यात्रियों को नोएडा डिपो से अभी साधारण बसों की सुविधा ही मिलती है। करीब सात साल पहले डिपो से दो जनरथ एसी बसों की सुविधा थी। इनमें एक बस प्रयागराज और दूसरी लखनऊ के लिए चलती थी, लेकिन निजी ऑपरेटरों ने घाटे का हवाला देते हुए करार पत्र खत्म कर लिया।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले नोएडा डिपो से 50 एसी वॉल्वो बसों के लिए मुख्यालय से रूट मांगे गए थे। रूट बनाकर भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वॉल्वो बसों के अलावा स्लीपर बसें भी चलाई जाएंगी। इनमें छह एसी स्लीपर बसें और बाकी नॉन एसी स्लीपर बसें होंगी। मुख्यालय स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

बस मिलने के बाद किराये का निर्धारण होगा – अधिकारियों के अनुसार रूट चार्ट बना दिया गया है, लेकिन किराये का निर्धारण अभी नहीं किया गया। बसें मिलने के बाद किराये का निर्धारण किया जाएगा। डिपो में वॉल्वो बसों की सर्विस के लिए कार्यशाला का विस्तार किया जा रहा है।

यात्री मिलने तक देर रात सेवा मिलेगी – मोरना डिपो से साधारण बस सेवा रात 10 बजे तक है। अधिकारियों के अनुसार किसी रूट पर यदि देर रात में 10 या इससे अधिक यात्री डिपो में पहुंचेंगे तो उन्हें बस मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार वॉल्वो बसें हरिद्वार, ऋषिकेश, बरेली, देहरादून, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ के लिए चलाई जाएंगी।

## मीट-मुर्गे की दुकानें और मांसाहारी होटल तुरंत बंद कराएं; नवरात्र से पहले भाजपा विधायक की चेतावनी

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने नवरात्र में मीट-मुर्गे की दुकानों और मांसाहारी होटल और ढाबों को बंद कराने के लिए मोर्चा खोल दिया है। भाजपा विधायक ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी लोनी को पत्र लिखकर सभी मीट की दुकानों और मांसाहारी होटलों को तत्काल बंद करने को कहा है।

विधायक ने कहा कि नवरात्रों के दृष्टिगत कई कॉलोनियों के निरीक्षण के दौरान एवं कई स्थानों पर मीट की दुकान और मांसाहारी होटल खुले होने की सूचना प्राप्त हुई है, जो बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा है कि नवरात्र में चारों तरफ और लोनी में मंदिरों-घरों में पूजा-पाठ, जागरण, रामलीला आदि धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जाता है। ऐसे में लोनी क्षेत्र में मीट की दुकानों का खुला पाया जाना चिंताजनक है।

मंदिर एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अवागमन के रास्ते में मांस की दुकानों का खुला होना धार्मिक सौहार्द की दृष्टि से भी गलत है। विधायक ने पुलिस और प्रशासन को वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि वह स्वयं निरीक्षण करेंगे यदि कोई मीट की दुकान खुली मिलती है तो उसे तुरंत बंद कराया जाएगा। कोई अधिकारी ऐसी दुकानों को संरक्षण देता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



बता दें कि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को हर पल सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ महापर्व तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों से संवाद करते हुए त्योहार में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। योगी ने कहा कि त्योहारों के मौके पर पुलिस और प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहना चाहिए।

## क्या है हरियाणा में भाजपा का जीटी रोड वाला तिलिस्म, जिसे तोड़ने में खुद जुटे राहुल गांधी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
भाजपा पहली बार 2014 में हरियाणा की सत्ता में अपने दम पर आई थी। इससे पहले वह सरकार का हिस्सा रही थी, लेकिन अपने दम पर या खुद बड़ी पार्टी के तौर पर सरकार बनाने में 2014 में ही सफल रही। इसके बाद 2019 में भी वह सबसे बड़ी पार्टी बनी और जेजेपी के साथ मिलकर सरकार का गठन किया। इस सरकार ने भी 5 साल पूरे कर लिए हैं और अब 10 साल बाद भाजपा ऐंटी-इनकम्बैंसी फैक्टर झेल रही है। 2014 के बाद यह चुनाव उसके लिए सबसे कठिन माना जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जीटी रोड से लगते इलाकों में उसे मजबूत माना जा रहा है।

यही वजह है कि कांग्रेस की ओर से खुद राहुल गांधी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने सोनीपत से लेकर अंबाला तक पड़ने वाले इस जीटी रोड बेल्ट पर फोकस किया है और यहां यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत उन्होंने यहीं से की और सीएम नायब सिंह सैनी के गढ़ नारायणगढ़ से यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा कुरुक्षेत्र में समाप्त हुई और इस बीच 10 विधानसभा सीटों को कवर किया गया। इस क्षेत्र में कुल 23 सीटें आती हैं और चर्चा है कि 3 अक्टूबर को फिर से



इसी इलाके में राहुल गांधी यात्रा पर निकल सकते हैं।

हरियाणा के इस जीटी रोड बेल्ट में सोनीपत में कांग्रेस मजबूत मानी जा रही है क्योंकि यहां जाटों की अच्छी खासी संख्या है। वहीं इसके बाद पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला में भाजपा को मजबूत माना जाता रहा है। इसकी वजह यह है कि यहां जाटों की संख्या सेंट्रल हरियाणा के मुकाबले कम है। यह बेल्ट ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी, सैनी एवं अन्य ओबीसी जातियों के बाहुल्य वाली है। इन समुदायों में भाजपा की पकड़ मानी जाती है। भाजपा ने 2014 में इस इलाके की 23 में से 21 सीटें जीत ली थी। इसके बाद 2019 में भी वह 12 जीती तो कांग्रेस 9 पर ही रह गई थी।

**अहीरवाल बेल्ट से भी है भाजपा को बड़ी उम्मीद:** जीटी रोड बेल्ट की तरह ही भाजपा को अहीरवाल क्षेत्र से भी उम्मीद है। यह क्षेत्र गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और भिवानी वाला है। यहां यादवों की संख्या अच्छी खासी है तो ब्राह्मणों की भी सही तादाद है। कांग्रेस में जाटों का रुझान बढ़ रहा है तो ध्रुवीकरण की स्थिति में अन्य जातियां इस बेल्ट की भाजपा के साथ जा सकती है। इसके लिए पार्टी के स्तर पर रणनीति भी बन रही है। इस बेल्ट में कुल 12 सीटें आती हैं।

## दुनिया तबाही के बुहत करीब, इजराइल और ईरान जंग को लेकर बाइडन पर बरसे डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर बाइडन और कमला हैरिस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस जंग की तुलना स्कूल के मैदान में लड़ रहे दो बच्चों से की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इजराइल पर ईरान के रॉकेट अटैक जैसी घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए थीं और अमेरिका को भी सही भूमिका निभानी चाहिए थी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि यह वास्तव में बुरा है, लेकिन अब ये तकरार खत्म होनी चाहिए। ट्रंप ने कहा कि इसे स्कूल के मैदान में लड़ रहे दो बच्चों की तरह समझना होगा, जिन्हें कभी-कभी आपको थोड़ी देर अलग छोड़ देना होता है। ट्रंप ने कहा कि यह एक भयानक युद्ध है। उन्होंने कहा कि ये कहीं आसानी से रुकने वाला नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अब मध्य पूर्व में ध्यान बढ़ाना होगा। ईरान ने मंगलवार को हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के जवाब में इजरायल पर लगभग 200 मिसाइलें



दागीं। अधिकांश मिसाइलों को इजरायल ने अमेरिकी सेना और अन्य एजेंसियों की सहायता से रोककर नष्ट कर दिया। हमले के तुरंत बाद, ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कमला हैरिस की आलोचना की और स्थिति को वैश्विक तबाही के बहुत करीब बताया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि मैं लंबे समय से तीसरे विश्व युद्ध के बारे में बात कर रहा हूं और मैं भविष्यवाणियां नहीं करना चाहता क्योंकि भविष्यवाणियां हमेशा सच होती हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया तबाही के बहुत करीब । ट्रंप ने यह भी दावा किया कि जब वह अमेरिकी राष्ट्रपति थे, तो मध्य पूर्व में कोई युद्ध नहीं था और ईरान पूरी तरह से नियंत्रण में था। अब ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर वो राष्ट्रपति होते तो ईरान काबू में रहता।

## ईरान ने बहुत बड़ी गलती कर दी, इसकी कीमत चुकानी होगी: नेतन्याहू

**येरूशलम, एजेंसी।** ईरान के मिसाइल हमले के तुरंत बाद यरुशलम में सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि तेहरान ने आज रात 'बड़ी गलती' की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात को इजरायल पर किया गया ईरान का मिसाइल हमला 'नाकाम' रहा। पीएम नेतन्याहू ने कहा, इजरायल की एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत ईरान के हमले को विफल कर दिया गया, जो दुनिया में सबसे एडवांस है। उन्होंने अमेरिका को भी इसके लिए धन्यवाद दिया। नेतन्याहू ने यह भी याद दिलाया कि वह अपने स्थापित नियम - जो कोई हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे - पर कायम रहेंगे।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के शासक हमारी खुद की रक्षा करने की दृढ़ता और अपने दुश्मनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की हमारी ताकत को नहीं समझता है। हमास नेता याह्या सिनवार और हमास के शीर्ष सैन्य



कमांडर मोहम्मद डेफ इसे नहीं समझते हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा, लेकिन वे समझ जाएंगे कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा - हम उस पर हमला करेंगे। नेतन्याहू ने दुनिया के बाकी देशों से तेहरान के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा, बाकी देशों को उन्हें इजराइल के साथ खड़ा होना चाहिए। नेतन्याहू ने गाजा, वेस्ट बैंक, लेबनान, यमन, सीरिया और ईरान को दा एक्सिस ऑफ ईविल का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा, इजराइल आगे बढ़ रहा है और एक्सिस ऑफ ईविल हट रहे हैं। हम इस चीज को जारी रखने के लिए, युद्ध के सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, हमारे सभी बंधकों की वापसी और हमारे अस्तित्व और हमारे भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। बाइडेन ने ईरान के मिसाइल हमले को नाकाम करने के लिए अमेरिका तथा इजराइल की सेनाओं की भी प्रशंसा की। बाइडन ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के साथ एक बैठक की शुरुआत में मंगलवार को कहा, ''भूल में न रहें, अमेरिका पूरी, पूरी तरह इजराइल के साथ है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने इजराइल में अपने समकक्ष योव गैलेंट के साथ बातचीत की।

# अमेरिकी चुनाव से पहले जेडी वेंस और वॉल्ज आखिरी बार आमने-सामने

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में राष्ट्रपति का अगले महीने चुनाव होना है। इस बार मुकाबला पूर्व राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच है। दोनों के बीच पिछले महीने प्रेसिडेंशियल डिबेट हो चुकी है। जिसमें कमला हैरिस ने बढ़त बनाई थी। अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 1 अक्टूबर को वाइस प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई।

डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच 10 सितंबर को हुई दिलचस्प डिबेट के बाद आज रात को जेडी वेंस और टिम वाल्ज ने डिबेट को दौरान जमकर एक दूसरे पर हमला बोला। यह डिबेट सीबीएस न्यूज की ओर से कराई थी। भारतीय





समयानुसार सुबह 6.30 बजे शुरू हुई इस 90 मिनट की डिबेट में टिम और जेडी ने मिडिल ईस्ट में बढ़े तनाव से लेकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था, माइग्रेशन और गर्भपात, जलवायु परिवर्तन पर एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। मिनेसोटा से गवर्नर और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वॉल्ज और ओहायो से सीनेटर रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस डिबेट से पहले एक दूसरे साथ गर्मजोशी से मिले। अगले महीने होने वाली चुनावों से पहले इसे दोनों पार्टियों को ओर से आखिरी चुनावी डिबेट माना जा रहा है। इससे पहले ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस के साथ दूसरी बहस से इनकार कर दिया था। इस डिबेट के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वॉल्ज ने मौजूदा सरकार की मिडिल क्लास को लेकर पेश की गई योजनाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि, पार्टी सुनिश्चित करेगी कि मिडिल क्लास के कंधों से टैक्स का बोझ कम हो। वहीं रिपब्लिकन जेडी वेंस लगातार देश पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर बाइडन सरकार पर निशाना साधते दिखे।

डिबेट का पहला सवाल इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले के बारे में था। इस पर वॉल्ज ने तुरंत ट्रंप की विदेश नीति पर निशाना साधा, इसके अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रंप का झुकाव और 2015 के ईरान परमाणु निरस्त्रीकरण समझौते से संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निकलने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की।

डिबेट के दौरान गर्भपात से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के टिम वॉल्ज ने डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। उन्होंने कहा की ट्रंप गर्भपात पर बैन के हिमायती हैं।

## हमास नेता का बेटा इजरायल के साथ, बोला- गाजा व हिजबुल्लाह खिलाफ एक्शन पूरी तरह जायज

**तेल अवीव।** हमास के को-फाउंडर शेख हसन यूसुफ के बेटे मोसाब हसन यूसुफ ने इजरायल कोलेकर चौंकाने वाला बयान सामने आया है। मोसाब ने कहा कि इजराइल द्वारा हमास और हिजबुल्लाह पर की जा रही सैन्य कार्रवाई को पूरी तरह से जायज है। मोसाब, जो एक समय पर फिलिस्तीनी मिलिटेंट थे, ने इजरायल की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षा के लिए यह कदम उठाने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि मुसलमान 1400 साल से यहूदियों का सफाया करने की कोशिश कर रहे हैं और अब इजरायल का आत्मरक्षा में कदम उठाना और मुसलमानों को सबक सिखाना पूरी तरह जायज है ।मोसाब ने हाल ही में एक टीवी डिबेट में कहा, फिलिस्तीन में इजरायल सबसे वैध जातीय समूह है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129